4 रायपुर संभाग
गुरु घासीदास की मनाई गई जयंती, भाजपा उपाध्यक्ष...

6 अभिमत
भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी सुस्ती

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
धमनी में जमे कैल्शियम को नसों के अंदर महीन चूर्ण के...

10 छत्तीसगढ़
प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मिली नई उड़ान

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-118 मूल्य 3.00 ₹

# हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए रही स्थगित

## राज्यसभा में भी हंगामा, भाजपा और कांग्रेस सदस्यों के बीच तीखी नोक झोक

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने गृह मंत्री अमित शाह पर डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी पी सी मोहन ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आकर नारे लगाने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए और सदस्यों से हंगामा नहीं करने तथा अपनी सीटों पर जाने का आग्रह किया, लेकिन सदस्यों ने उनकी एक नहीं सुनी और हंगामा करते रहे। हंगामा बढ़ते देख पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले बुधवार सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री के वक्तव्य को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ओम बिड़ला ने प्रश्नकाल शुरू किया तो विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है। जब बाबा साहब जिंदा थे, तब उनका तिरस्कार किया और अपने कार्यालय में उनकी तस्वीर लगाने से मना कर दिया था। बाबा साहब का अपमान करने वाले लोग आज उनके सम्मान की बात कर रहे हैं। अब बाबा साहब का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा रहा है, इसलिए ये लोग मजबूरी मे बाबा साहब का नाम ले रहे हैं। हंगामा नहीं रुका और बढ़ने लगा तो अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के सदस्यों के बीच राज्यसभा में तीखी नोक झोक तथा आरोप प्रत्यारोप लगाये गये जिसके कारण हुए हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले सुबह भी इसी मुद्दे पर हंगामे के कारण कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी थी। कार्यवाही बाधित होने के कारण सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका। सभापति जगदीप धनखड़ ने दो बजे कार्यवाही पुनः शुरू करते हुए कहा कि संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में विनियोग विधेयक से पहले बैंकिंग विधेयक पर चर्चा कराने का अनुरोध किया है और विपक्ष ने भी इसी तरह का अनुरोध किया है। जब कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का मुद्दा उठाना चाहा तो सभापति ने कहा कि बाबा साहेब पूरे देश के लिए अनुकरणीय हैं और सभी उनके आदर्शों तथा सिद्धांतों का पालन करते हैं। संसदीय परंपरा के बारे में अंबेडकर जी ने बहुत कुछ कहा था जैसे सदन में शालीनता रखें, विचार विमर्श और सहमति में विश्वास रखें। तिवारी ने कहा कि सभी सदस्य बाबा साहेब के कारण ही इस सदन में बैठें हैं । उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने संविधान निर्माता को अपमानित किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा कि गृह मंत्री ने सदन में केवल इतना ही कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष गृह मंत्री के भाषण में से केवल दस सेकेंड का हिस्सा दिखाकर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है और वह इसका खंडन करते हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने सदन में यह कहा था कि कांग्रेस ने बार बार षड़यंत्र करके बाबा साहेब को चुनाव में हराया। कांग्रेस को बाबा साहेब के अपमान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

## आने वाली पीढियों को बताने के लिए निकोबार द्वीप का नाम देश के नायकों पर रखा : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अंडमान एवं निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद रखें क्योंकि जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे विकास एवं राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में लिखा, अंडमान और निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद रखें। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और उन प्रतिष्ठित हस्तियों की स्मृति को संरक्षित करने और बनाए रखने के हमारे बड़े प्रयास का भी हिस्सा है जिन्होंने हमारे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है।आखिरकार, जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे ही विकास और राष्ट्र-निर्माण में आगे बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और वहां सेलुलर जेल देखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, आप अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का भी आनंद लें। सेलुलर जेल भी अवश्य जाएं और महान वीर सावरकर के साहस से प्रेरणा लें।

### क्विक न्यूज

## आईएनएस निर्देशक नौसेना के बेड़े में शामिल

**नयी दिल्ली।** सर्वेक्षण पोत परियोजना के दूसरे पोत 'आईएनएस निर्देशक' को विशाखापत्तनम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में नौसेना में शामिल किया गया। नौसेना के अनुसार नौसेना की पूर्वी कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता में निर्माणाधीन सर्वेक्षण पोत परियोजना के चार जहाजों में से दूसरे को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने के लिए कमीशनिंग समारोह की मेजबानी की। इस पोत को हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने, नेविगेशन में सहायता करने और समुद्री संचालन का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## राष्ट्रपति निलयम में 15 दिन के 'उद्यान उत्सव' का आयोजन

**नयी दिल्ली।** तेलंगाना में हैदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम 29 दिसंबर से 15 दिन के पुष्प एवं बागवानी महोत्सव 'उद्यान उत्सव' का आयोजन करेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित उद्यान उत्सव का उद्देश्य लोगों की भागीदारी के माध्यम से प्रकृति का जश्न मनाना, पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देना है। लोग इस उत्सव में विषयगत स्टालों पर जाकर और कार्यशालाओं में भाग लेकर कृषि बागवानी में नवाचार तथा तकनीकी विकास के बारे में खुद को जागरूक कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अभी राष्ट्रपति निलयम में प्रवास कर रही हैं और उन्होंने उद्यान उत्सव के उद्घाटन की तैयारी और आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समीक्षा की है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 20.32 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 17 दिसंबर 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 1921508 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित 1596932 करोड़ रुपये की तुलना में 20.32 प्रतिशत अधिक है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 17 दिसंबर 2024 तक कुल 338924 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है और इस तरह शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह इस अवधि में 1582584 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित शुद्ध प्रत्यक्ष कर 1359067 करोड़ रुपये की तुलना में 16.45 प्रतिशत अधिक है।

## ईडी ने अनवर ढेबर के करीबी मेमन के घर दी दबिश

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

ईडी ने गरियाबंद और मैनपुर इलाके में बड़े छापे की है। यह कार्रवाई शराब सिंडिकेट और आर्थिक लेन-देन में गड़बडियों के आरोपों के तहत की गई है। छापे की खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जाड़ापदर के ग्रामीणों की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों ने इकबाल मेमन पर शराब सिंडिकेट के पैसे से संपत्ति खरीदने का आरोप लगाया था। जांच में सामने आया है कि पिछले दो सालों में इकबाल मेमन ने दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां खरीदी हैं। मैनपुर में सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने कारोबारी इकबाल मेमन के घर छापा मारा। बताया जा रहा है कि इकबाल मेमन रायपुर के शराब सिंडिकेट मामले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर का करीबी रिश्तेदार है। टीम 10 से अधिक वाहनों के साथ पहुंची थी और घंटों से पूछताछ जारी है।

## अक्टूबर में ईएसआई योजना में 17.80 लाख नए कर्मचारी पंजीकृत

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की ईएसआई योजना में अक्टूबर, 2024 में 17.80 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं जिनमें से 3.52 लाख महिला कर्मचारी हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसी माह में ईएसआई योजना के अंतर्गत 21,588 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत किए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2024 में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पंजीकरण में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आलोच्य माह के दौरान कुल 17.80 लाख कर्मचारियों में से 8.50 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक के आयु वर्ग के हैं जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.75 प्रतिशत है।

## अम्बेडकर मुद्दे पर माफी मांगे अमित शाह, वरना मोदी करें उन्हें बर्खास्त : खरगे

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया है इसलिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए और यदि ऐसा नहीं करते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। खरगे ने पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद में संविधान अंगीकार करने के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब शाह ने दिया जिसमें उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्होंने बाबा साहब को लेकर सत्ता पक्ष की तरफ देखते हुए उन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि देश में दलितों के प्रति मानसिकता नहीं बदली है।

## किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि किसानों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 2024 धरने पर बैठे किसानों से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि अगर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी होती है तो इसके लिए वह जिम्मेदार होगी। पीठ ने कहा कि डॉक्टर की सलाह के अनुसार दल्लेवाल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। अदालत के समक्ष पंजाब के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि किसान अदालत द्वारा नियुक्त समिति से चर्चा करने के लिए अनिच्छुक हैं। इस पर पीठ ने कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। किसानों द्वारा सीधे या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कोई भी सुझाव या मांग पत्र रिकॉर्ड में लाया जा सकता है। सभी हितधारकों के साथ चर्चा के साथ इस पर उचित विचार किया जाएगा। अदालत के समक्ष सिंह ने यह भी कहा कि पिछले 20 दिनों से अनशन पर बैठे दल्लेवाल ने मेडिकल जांच से इनकार कर दिया है। उनकी हालत ठीक है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती करने का सुझाव दिया है। इस पर पीठ ने सिंह से कहा, मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आंदोलन करने के लिए उनका स्वस्थ होना जरूरी है। एक निर्वाचित सरकार और एक संवैधानिक अंग के रूप में आप उन्हें कुछ भी नहीं होने दे सकते। पीठ ने कहा कि वह सभी हितधारकों को यह समझाने की कोशिश करेगी कि कुछ किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को करेगी। पीठ ने अदालत द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति से 13 दिसंबर को कहा था कि वह प्रदर्शनकारी किसानों से बात करे और उन्हें अपना विरोध अस्थायी रूप से स्थगित करने या पंजाब-हरियाणा सीमा पर राजमार्ग से इसे स्थानांतरित करने के लिए राजी करे। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसानों को विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है, जिसे 'गांधीवादी दर्शन' की तर्ज पर शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकता है। पीठ ने तब केंद्र और पंजाब सरकार दोनों के प्रतिनिधियों को दल्लेवाल से तत्काल मिलने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने और उन्हें हड़ताल समाप्त करने के लिए मनाने का निर्देश दिया था। गौरतलब है कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

## विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन जरूरी : बिरला

एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया है। बिरला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित मिशन ''लाइफ - पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के साथ इस चुनौती से निपटने में भारत सबसे आगे है। लोकसभा अध्यक्ष संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा के 2023-25 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए 'संसदीय पद्धति और प्रक्रिया' विषय पर आयोजित परिबोधन पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस पाठ्यक्रम का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है। बिरला ने कहा कि भारतीय वन सेवा पर जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए अभियान चलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से देश के वन क्षेत्र का विस्तार करने और वन्यजीवों की रक्षा करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजनीय है। हम पेड़ों की पूजा करते हैं और धरती को अपनी मां मानते हैं। बिरला ने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारी रीतियाँ और नीतियाँ प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना पर आधारित हैं । इसी को ध्यान में रखते हुए देश में बड़ी संख्या में वन पार्क बनाए गए हैं और वन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए नीतिगत प्रयास किए गए हैं ।

## खड़गे जी को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत : शाह

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर राज्यसभा में उनके बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर रही है लेकिन देश की जनता अच्छी तरह से जान चुकी है कि कांग्रेस हमेशा से डॉ. अंबेडकर, आरक्षण, सावरकर, पिछड़े वर्ग की विरोधी रही है और उसने संविधान को मनमाफिक तोड़ामरोड़ा है। शाह ने भाजपा के मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों के जवाब देते हुए यह भी कहा कि खड़गे का दायित्व बनता है कि वे डॉ. अंबेडकर के बारे में सच बोलें क्योंकि वह उसी वर्ग से आते हैं जिनके कल्याण के लिए बाबा साहेब प्रतिबद्ध थे। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी से भी ये कहना चाहता हूं कि आपको कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास का समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुझे बहुत दुख है कि राहुल गांधी के दबाव में आप भी इसमें शामिल हो गए हैं। मुझे लगता है कि खड़गे जी को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। इस हाई प्रोफाइल संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, अश्विनी वैष्णव, पीयूष गोयल, किरन रिजीजू भी मौजूद थे। गृह मंत्री ने कहा, मैं उस पार्टी से आता हूं तो कभी भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा, राज्यसभा में मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। इससे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों को संपादित करके सार्वजनिक किया था। जब चुनाव चल रहे थे तो मेरे बयान को एआई का उपयोग करके संपादित किया गया था। और आज वे मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस के नेता उनके भाषण के तथ्यों को चुनौती देते तो अच्छा लगता लेकिन इस तरह से भाषण को संपादित करके गलत अर्थ निकाल कर रखना गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे के बारे में विस्तार में नहीं जाएंगे लेकिन जनता अच्छी तरह से सच्चाई जान गयी है और जनता उनकी बातों को अब मानती नहीं है। शाह ने कहा, मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वह मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें और नीर क्षीर करने में मदद करें। मैं उस पार्टी से हूं जो अंबेडकर जी का कभी अपमान नहीं कर सकती। पहले जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलने का प्रयास किया है। जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही, हमने अंबेडकर जी के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया है। भारतीय जनता पार्टी ने आरक्षण को मजबूत करने का काम किया है। हम कांग्रेस के इस कुत्सित प्रयास की घोर निंदा करते हैं। खड़गे द्वारा शाह का इस्तीफा मांगे जाने के बारे में उन्होंने कहा, खड़गे जी, मेरा इस्तीफा मांग रहे हैं। मैं इस्तीफा दे भी दूं तो उससे कुछ नहीं होगा। आपको वहां (विपक्ष में) अभी 15 साल और बैठना है। मेरा इस्तीफा लेने से भी आपकी दाल नहीं गलने वाली नहीं है। उन्होंने संसद में संविधान लहराने वाले कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, लहराने वाला संविधान खोखला है। जनता के सामने एक झूठ बार बार नहीं चलता है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि देश के संविधान को समावेशी बनाने में, दलितों, आदिवासियों, वंचितों, गरीबों को न्याय दिलाने में और देश में लोकतंत्र की नींव को गहरा करने में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान है। पूरा देश बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

### सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण और समाज को रियायती दर पर जमीन देने की घोषणा

## बाबा गुरू घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक : साय

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बाबा गुरुघासीदास एक महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है। सीएम साय सतनामी कल्याण समिति कोरबा के द्वारा तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लगभग 90 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और सतनामी समाज को रियायती दर पर जमीन आबंटन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने सभी को गुरु पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से हम सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, एकजुट रहने और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए विकास की राह में आगे बढ़ने की बात कही। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, समाज के अध्यक्ष यू आर महिलांगे सहित अन्य समाज के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि बाबा गुरुघासी दास की जयंती में जगह-जगह कार्यक्रम में शामिल होने का पुण्य अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबको साथ लेकर आगे चलते हैं। उनका नारा सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास है जिसे छत्तीसगढ़ की सरकार ने भी अपनाया है और इसी दिशा में सभी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से लेकर अन्य स्थानों को विकसित करने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया। उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में जो भी वादा था उसे पूरा किया गया है। पीएम आवास का निर्माण, 3100 में धान खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान, 5500 प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता की पारिश्रमिक, 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपये और पीएससी में गड़बड़ी की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने दिल्ली में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए ट्राइबल हॉस्टल जानकारी देते हुए कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे बढ़ना होगा। हमारी नई शिक्षा नीति, उद्योग नीति गरीबों, युवाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति, अग्निवीरो, दिव्यांगजनो के लिए फायदेमंद है। समाज उद्यम के क्षेत्र में भी आगे बढ़े और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम मंत्री दयालदास बघेल ने सामाजिक बन्धुओं से बाबा गुरु घासीदास ने संदेशों को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर उद्योग-धंधे की ओर आगे बढ़ने की अपील की।

## संजीवनी योजना के तहत बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव बाद हमारी पार्टी की सरकार बनने के बाद संजीवनी योजना लागू कर दिल्ली के 60 साल से ऊपर के हर बुजुर्ग का मुफ्त इलाज कराएंगे। केजरीवाल ने कहा, हमारी सरकार बनने पर साठ साल से अधिक सभी बुजुर्गों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। हम बुजुर्गों का बहुत मान-सम्मान करते हैं। उनकी वजह से ही हम हैं। आज देश जहां पहुंचा है, बुजुर्गों ने ही पहुंचाया है। बुजुर्गों ने 24 घंटे मेहनत कर, खून पसीना बहाकर अपने परिवार को पाला, समाज को आगे बढ़ाया, देश को आगे बढ़ाया। उनके बच्चे होने के नाते उनके बुढ़ापे में हमारा फर्ज बनता है कि हम उनका ख्याल रखें। हमने दिल्ली में 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' लागू की। इस योजना के तहत अभी तक लगभग एक लाख बुजुर्ग देश के कोने-कोने में तीर्थयात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बुढ़ापे में सभी को एक चीज तकलीफदेती है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है।

## ईपीएफओ की उच्च पेंशन पर नियोक्ताओं को विवरण देने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अंशधारकों की उच्च पेंशन पर विवरण देने के लिए नियोक्ताओं की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 घोषित की है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन के 3.1 लाख से अधिक लंबित आवेदनों के संबंध में वेतन विवरण आदि अपलोड करने के लिए नियोक्ताओं को 31 जनवरी 2025 तक अंतिम अवसर दिया है। मंत्रालय के अनुसार ईपीएफओ के स्पष्टीकरण पर नियोक्ताओं से 15 जनवरी 2025 तक 4.66 लाख मामलों में जवाब प्रस्तुत करने और सूचना देने का भी अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन के लिए विकल्पों और संयुक्त विकल्पों के सत्यापन हेतु आवेदन जमा करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यह सुविधा पात्र पेंशनभोगियों और सदस्यों के लिए थी।

## लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे राजस्थान में उत्साह का माहौल: भजनलाल

एजेंसी ‹ शाहपुरा
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हर वर्ग और हर जन की सेवा ही राज्य सरकार का संकल्प बताते हुए कहा है कि हमारी सरकार ने पूर्ण लगन एवं समर्पण से कार्य करते हुए एक वर्ष उत्कृष्टता के साथ पूरा किया है और इस दौरान लिए गए लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। शर्मा ने शाहपुरा में त्रिमूर्ति सर्किल पर शहीदों को माल्यार्पण, केन्द्रीय बस स्टैण्ड पर शूरवीर योद्धा महाराणा प्रताप की मूर्ति तथा उम्मेद सागर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण किया और इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, पराम और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वह केवल राजस्थान ही नहीं बल्कि देश-दुनिया में भी लोगों की प्रेरणा के स्रोत हैं। साथ ही डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एक महान विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् होने के साथ एक कुशल संगठनकर्ता थे। आज इन विभूतियों की प्रतिमाओं के अनावरण से जनमानस इनके जीवन से परिचित होंगे जिससे उनमें देशभक्ति की भावना का संचार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ही वर्ष में राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित कर प्रदेश के विकास और समृद्धि की नींव रख दी है। इस समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए हैं जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही हमारे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने राजस्थान को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मा वाउचर योजना की शुरूआत तथा रामाश्रय वार्ड तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना कर राज्य के निवासियों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की नई राह प्रदान की है। पिछले एक साल के दौरान राज्य सरकार के लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल बना है। प्रदेश में अच्छे मानसून और पानी से लबालब भरे बांधों ने इस उत्साह को और ऊंचाई दी है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाएं न केवल पांच वर्षों में प्रदेश के विकास को आगे ले जाने का रोडमैप हैं बल्कि इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का विजन भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शाहपुरा जिले के लिए भी कई महत्वपूर्ण बजट घोषणाएं की हैं और उन्हें तेजी से साथ यिान्वित किया जा रहा है। लगभग 194 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण, सुदृढीकरण तथा चौड़ाईकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका जहाजपुर में फल एवं सब्जी मंडी, गुढ़ा (जहाजपुर) में 33/11 केवी जीएसएस, शाहपुरा में ट्रोमा सेन्टर, अमरगढ़ एवं सरदार नगर उप स्वास्थ्य केंद्रों का पीएचसी तथा जहाजपुर सीएचसी का उप जिला चिकित्सालय में मोन्नयन, जिला अस्पताल शाहपुरा के भवन का निर्माण, बनेड़ा में खेल स्टेडियम, शाहपुरा में खेल अकादमी, कोटडी में नवीन महाविद्यालय, जहाजपुर में कन्या महाविद्यालय, पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र, पण्डेर में औद्योगिक पार्क, शाहपुरा जिले में आमजन की सहभागिता से एक 'मातृ वन' की स्थापना, काले हिरणों के संरक्षण हेतु आशोप क्षेत्र को आखेट निषिद्ध व कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र घोषित करने, जहाजपुर में जनजाति छात्रावास भवन और सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास तथा गाडोली में नवीन पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने सहित विभिन्न विकास कार्य प्रस्तावित एवं प्रगतिरत हैं।

## बिहार के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे: सम्राट

पायनियर संवाददाता ‹ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे, जिससे जनता को सटीक जानकारी मिल सकेगी। चौधरी ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की सेवाओं के 150 वर्ष पूरे होने पर आईएमडी, पटना की ओर से आयोजित बैठक में कहा कि अभी बिहार में केवल 5 नियमित सतहीय वेधशालाएँ (पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया, और वाल्मीकिनगर) कार्यरत हैं, लेकिन राज्य सरकार इनकी संख्या बढ़ाने और अन्य शहरों में नई सतहीय वेधशाला- सह- मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। चौधरी ने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्रों की संख्या बढने से न केवल राज्य में मौसम की भविष्यवाणी को और अधिक सटीक बनाया जा सकेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। राज्य में इन प्रयासों से मौसम विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति होगी और जनता को बेहतर सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अगले दो वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'मिशन मौसम' को आज स्वीकृति प्रदान की है।

बिहार में मौसम संबंधी सेवाएं÷ पर एक दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए चौधरी ने कहा कि पिछले 15 साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने मौसम पूर्वानुमान की सूचना देने के लिए कमांड सिस्टम बनाने और मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने की दिशा में कई काम किए हैं। चौधरी ने कहा कि 2008 में जब नेपाल के रास्ते 2 लाख क्यूसेक पानी बिहार की कोसी तथा सहायक नदियों में आया था,तब हम बाढ की तबाही से ध्वस्त हो गए थे । पूरा मिथिला डूब गया था, लेकिन 2024 में 6.5 लाख क्यूसिक पानी आने पर भी हम ध्वस्त नहीं हुए। यह मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के साझा प्रयास से सम्भव हुआ। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में हमारे पास मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था विकसित हो चुकी है, इसलिए अब हम नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाली बाढ का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं।

उन्होंने कहा कि 2013-14 में इसकी शुरूआत की गई थी और अब पंचायत तक मौसम की सही स्थिति बताने के लिए सारी व्यवस्था की जाएगी। हमने पंचायत में मौसम केंद्र बनाने की शुरूआत की। इसका लाभ किसानों और कृषि विभाग को मिलेगा। चौधरी ने कहा राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन, खनन, स्वास्थ्य, नगर विकास , सिंचाई और कृषि सहित 10-12 विभाग मौसम संबंधी आंकड़ों और पूर्वानुमानों का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि 100 साल पहले हमारे किसान बादल और हवा का रुख देख कर मौसम का अनुमान लगाते थे लेकिन उपग्रह तकनीक और अन्य प्रणालियों को विकसित कर आज हम दुनिया में एक्यूरेट सिस्टम पर आ गए हैं। अब चवात, वर्षा, सर्दी, बर्फवारी, लू-गर्मी आदि की सटीक जानकारी पहले से देकर लोगों की रक्षा की जा रही है।

## नदियों के संगम से मध्यप्रदेश-राजस्थान को मिलेगा जल-शक्ति का सदा-उर्वरा आशीष: यादव

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पानी का स्पर्श सदैव ऊर्जादायक रहा है। नदियों का संगम भूमि को पावन बनाने के साथ ही सभ्यताओं को नवजीवन भी देता रहा है। पार्वती-कालीसिंध- चंबल (पीकेसी) परियोजना के लिए एमओए और आधारशिला रखे जाने के अवसर को उन्होंने ऐतिहासिक और अदभूत बताया। डॉ. यादव ने दोनों प्रदेशों की 20 साल की प्रतीक्षा समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्हें आधुनिक युग के भगीरथ की संज्ञा दी। पीकेसी परियोजना से प्रदेश के गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, देवास, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों में 22 परियोजनाओं से 3217 गांवों को लाभ मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत 17 बांध एवं 4 बैराज समेत 21 जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। मालवा और चंबल क्षेत्र की 6.13 लाख हेक्टेयर भूमि हरीभरी हो जाएगी। साथ ही 40 लाख से अधिक आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। पीकेसी परियोजना में लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दायीं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण भी किया जाएगा। इससे मध्यप्रदेश भिंड, मुरैना एवं श्योपुर के 3 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 25 दिसम्बर को मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री श्री मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी खजुराहों (छतरपुर) में योजना के प्रथम चरण का शिलान्यास करेंगे।

इससे मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड अंचल के लोगों को सिंचाई और पेयजल प्राप्त होगा।

## सभी प्रयासों के बावजूद पकड़ में नहीं आ रहा तेंदुआ

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के राज ऋषि कॉलेज में 18 दिन से घूम रहे तेंदुए को अब तक नहीं पकड़ा जा सका है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में मृत श्वान लगाया जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अधिकारी बचाव की मुद्रा में हैं, वहीं श्वान के लिए काम करने वाले संगठनों ने इसका विरोध भी किया है। गत 18 दिन से पकड़ने के लिए सभी प्रयास किए गए, लेकिन अब तक पकड़ में नहीं आया, तो तेंदुए का पसंदीदा भोजन कुत्ता पिंजरे में लगाया गया जिंदा कुत्ता लगा नहीं सकते थे, इसलिए उन्होंने मृत कुत्ता लगाया। अलवर डिवीजन की वन अधिकारी काव्या बी ने बताया कि 18 दिन से तेंदुआ पकड़ में नहीं आ रहा है। उसकी गतिविधियों की जानकारी भी मिल रही थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहा है।

## विस सत्र की शुरुआत, विपक्ष ने सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

एजेंसी ‹ धर्मशाला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में विपक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। पहले दिन, विधायक रणधीर शर्मा ने नियम 67 के तहत स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया और भ्रष्टाचार पर चर्चा की मांग की।

मुख्यमंत्री ने इस चर्चा को स्वीकार किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने भी अपनी मंजूरी दी। विपक्षी नेता जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार का पिछले दो साल का कार्यकाल भ्रष्टाचार से भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफयह आरोप केवल सदन के अंदर नहीं, बल्कि बाहर भी उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष सदन में और सदन के बाहर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांग रहा है, लेकिन सरकार जवाब देने की स्थिति में नहीं दिखती है। ठाकुर ने मुख्यमंत्री कार्यालय को भ्रष्टाचार का मुख्य केंद्र करार देते हुए कहा कि यहां भ्रष्टाचार के मामले दबाए जा रहे हैं और सरकार इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। विपक्ष ने सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच क्यों नहीं की जा रही है और किस कारण से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह आरोप विधानसभा सत्र के दौरान राजनीतिक माहौल को और भी गर्म कर गए और विपक्ष ने सरकार से जवाबदेही की मांग को लेकर अपना रुख सख्त किया। यह मामला विधानसभा में होने वाली आगामी बहसों और सरकार की जवाबदेही पर अहम प्रभाव डाल सकता है।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन दिया गया, जिसकी अनुमानित लागत 30 करोड़ 59 लाख रुपये रखी गयी है। इसके साथ साथ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए तीन करोड़ 55 लाख रूपये की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह धनराशि जिला शिमला में बागवानी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा किसानों व बागवानों को सामाजिक व आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने हेतु व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा शिमला जिला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा क्वार, कुपवी एवं 15/20 क्षेत्र के बागवानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचे, इस दृष्टि से विभागीय अधिकारियों को कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने जनवरी माह में बागवानी विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यशाला का आयोजन करने के भी निर्देश दिए जिसमे जिला के बागवानों को भी बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि फसलों को उचित सिंचाई योजना उपलब्ध हो इस दृष्टि से भी विभाग को कार्य करने की आवश्यकता है । उपायुक्त ने जिले में बागवानी क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देने पर बल दिया ताकि बेरोजगार युवक कृषि व बागवानी को स्वरोजगार के रूप में अपना सके।

## शिक्षा भविष्य को दिशा देती है : आयुक्त

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार ने स्कूली शिक्षा की महत्ता पर जोर देते हुए आज कहा कि शिक्षा आपके भविष्य को दिशा देती है। कुमार ने यहां एक निजी विद्यालय के वार्षिक उत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा वह आधार है, जिस पर आपका संपूर्ण जीवन टिका होता है। उन्होंने एक अमेरिकन लेखक का उद्धरण देते हुए कहा कि वह रोमांचकारी क्षण होता है जब एक सुबह आपको एहसास हो कि हाई स्कूल की कक्षा पूरे देश को चला रही है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि वे खुद एक औसत छात्र रहे, लेकिन सही मूल्यों और मार्गदर्शन के सहारे किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। उन्होंने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने विद्यालय को देते हुए कहा कि विद्यालय ने मेरे जीवन को आकार दिया। बिहार गृह रक्षा वाहिनी के समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद ने भी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। स्कूल की प्रथम वर्ग से लेकर पांचवी वर्ग की छात्राओं ने विश्व अमन का संदेश देते हुए रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांधा जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## कटारिया ने रेल डिब्बा कारखाना का किया दौरा

**कपूरथला।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने रेल डिब्बा कारखाना (आरसीएफ), कपूरथला का संक्षिप्त दौरा किया। आरसीएफ पहुंचने पर कटारिया को पंजाब पुलिस की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में, उन्होंने आर सी एफवर्कशॉप का दौरा किया, जहां उन्हें कोच निर्माण प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने कोच घटकों और विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण की जांच की, जिनका निर्माण अगले वित्तीय वर्ष में पर्याप्त उत्पादन के लिए लक्षित है। आरसीएफ के महाप्रबंधक मिश्र ने राज्यपाल को विनिर्माण प्रयिा के बारे में बताते हुए वर्तमान उत्पादन आउटपुट और अगले वित्तीय वर्ष में नए प्रकार के कोचों के विनिर्माण से संबंधित मुख्य मुद्दों पर विस्तार से बताया।

## बागडे ने छत्रपति संभाजी नगर के विद्यार्थियों से किया संवाद

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राज भवन में छत्रपति संभाजी नगर से आए विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। बागडे ने इस दौरान विद्यार्थियों को राजस्थान के गौरव और यहां की संस्कृति के बारे में जानकारी देते हुये 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के लिये कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को 'राष्ट्र प्रथम' की सोच के साथ जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनायें दी।

## हम लोगों के सुख-दुख में हिस्सा लेते हैं: भगवत मान

एजेंसी ‹ जालंधर
www.dailypioneer.com



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जालंधर में रोड शो कर नगर निगम चुनाव के लिए आप उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। रोड शो में आप पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष शैरी कलसी, कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत, हरभजन सिंह ईटीओ, डॉ रवजोत और पार्टी के जालंधर के विधायकों और पार्षद उम्मीदवारों के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व आम लोग मौजूद थे। मान ने कहा कि कि हमारी सरकार ने वर्षों से पंजाब में फैले माफिया सिस्टम को खत्म किया है। अकाली भाजपा और कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हम रेतों - खदानों, बसों और ढाबों में हिस्सा नहीं लेते, हम पंजाब के साढ़े तीन करोड़ लोगों के सुख-दुख में हिस्सा लेते हैं। उन्होने नफरती और शरारती तत्वों का जिक्र किया और उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि पंजाब की धरती बहुत उपजाऊ है, लेकिन यहां नफरत के बीज नहीं उग सकते। इसलिए ऐसी कोशिश न करें। उन्होंने कहा कि पंजाब आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। हम गुरुपर्व, ईद दिवाली और होली इकट्ठे मनाते हैं। यहां नफरत की राजनीति कभी सफल नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री ने जालंधर के विकास के लिए एक व्यापक योजना बताई। उन्होंने जालंधर शहर में प्रदूषण पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ाने के लिए आधुनिक चार्जिंग स्टेशनों के साथ इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत, कूड़े के पहाड़ों को खत्म करना और बेहतर सीवरेज सिस्टम बनाने के पार्टी के वादे दोहराए। मान ने कहा कि स्थानीय शासन शहरों में जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। इसलिए बेहतर उम्मीदवार चुने जो आपके काम कर सके और स्थानीय मुद्दों को हल कर सकें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में नगर निगम की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।

## अमृतसर में तपेदिक उन्मूलन के लिए टास्क फोर्स का गठन

एजेंसी ‹ अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब में अमृतसर की जिला उपायुक्त साक्षी साहनी ने तपेदिक से निपटने के लिये एक टास्क फोर्स का गठन किया है। साहनी ने कहा कि टास्क फोर्स का उद्देश्य टीबी रोगियों को व्यापक सहायता प्रदान करना है, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं, जो आर्थिक तंगी के कारण उचित पोषण काखर्चक्रवहन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, रेडक्रॉस, धार्मिक संगठनों और धर्मार्थ व्यक्तियों के सहयोग से जरूरतमंद रोगियों को मासिक भोजन सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने प्रत्येक अधिकारी से भोजन की आवश्यकताओं के लिये इन रोगियों को गोद लेने की अपील की और स्वयं भी 10 से अधिक रोगियों को गोद लेने की इच्छा व्यक्त की। साहनी ने प्रत्येक रोगी का रिकॉर्ड रखने और यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया कि उन्हें विशेषज्ञों द्वारा सलाह के अनुसार उचित आहार और दवा मिले। उपायुक्त ने अधिकारियों को जिले में 5,000 से अधिक टीबी रोगियों को उनके निवास के अनुसार मैप करने का निर्देश दिया, ताकि आशा कार्यकर्ता और अन्य कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में रोगियों को दवा और भोजन उपलब्ध करा सकें। मरीजों को प्रतिदिन दवा लेने के लिये संदेश भेजने के लिये एक प्रणाली स्थापित की जाएगी, तथा दवा समाप्त होने पर सहायता प्राप्त करने के लिये मरीजों को एक हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया जायेगा। साहनी ने टीबी को समाप्त करने में देश का पहला जिला बनने के लिये जिले की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जोर दिया कि प्रशासन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी आवश्यक समय, संसाधन, धन और ऊर्जा का निवेश करेगा।

## किसानों का 'रेल रोको' आंदोलन: 12 गाड़ियां रद्द, 38 सेवाएं प्रभावित

एजेंसी ‹ जैतो
www.dailypioneer.com



पंजाब में किसानों के 'रेल रोको' आंदोलन के कारण 12 गाड़ियां रद्द की गईं और 38 सेवाएं प्रभावित हुईं। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि मंडल के लगभग 52 स्थानों पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन के कारण 12 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा जबकि दो ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट (बीच में ही रोक दी गयी) और दो ट्रेनों को शार्ट ओरिजीनेट (बीच में से ही निर्धारित समय पर वापस लायी गयी) किया गया तथा 34 ट्रेनें विलंब से चलीं। अधिकारी ने बताया कि विलंब के कारण देरी से चलाई गई ट्रेनों को ऐसे स्थानों पर रोका गया, जहां रेलयात्रियों को किसी असुविधा का सामना ना करना पड़े एवं उनको मूलभूत खान-पान की सुविधा मिलती रहे। उन्होंने बताया कि रेलयात्रियों को प्रभावित ट्रेनों की जानकारी मिलती रहे, इसके लिए स्टेशनों पर सहायता डेस्क की व्यवस्था की गई और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार उद्घोषणा भी की जा रही थी। अधिकारी के अनुसार, धरना प्रदर्शन की कार्रवाई समाप्त होने पश्चात संरक्षा एवं सुरक्षा संबंधित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ट्रेन संचालन शुरू कर दिया गया।

## देश की शांति, सुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए 2025 में फिर से नीतीश जरूरी : उमेश

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विकास के लिए 2025 में फिर से नीतीश कुमार जरूरी हैं। बिहार जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यालय में सारण, कोशी, पूर्णियाँ-1, पूर्णियॉ-2 एवं मुंगेर प्रमंडल के प्रभारियों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों सहित अग्रिम एवं मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी', प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद विकल, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह एवं वरीय नेता प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे। इस बैठक में बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार एवं मजबूती से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सघन चर्चा हुई। इसके साथ ही 24 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलाए गए जदयू जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की गहन समीक्षा, सभी स्तर के कमिटियों का सत्यापन एवं आगामी 15 जनवरी से शुरू होने वाले एनडीए के प्रदेश अध्यक्षों के संयुक्त जिलावार कार्यम की सफलता के लिये भी कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रचंड विजय को सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने सहयोगी दलों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर धरातल पर काम करना है और 'विकासपुरुष' माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के हाथों को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि गत 19 वर्षों की तमाम ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ-साथ हमारे नेता नीतीश कुमार जी की बेदाग और ईमानदार छवि हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। नीतीश सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों-शोषितों के जीवनस्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर हताश और निराश विपक्ष है जिनका एकमात्र काम झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को गुमराह करना है। कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2025 की चुनौतियों को फत्तह करने के लिए हमें गाँव-गाँव में जाकर नीतीश सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है और विरोधियों के दुष्प्रचार को नाकामयाब करना है। उन्होंने कहा कि शांति, सुशासन, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास एनडीए सरकार की पहचान रही है। हमें इसे हर हाल में बरकरार रखना है तभी 'समृद्ध बिहार' के निर्माण का सपना सकार होगा। विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार है इसलिए आने वाला 5 साल बिहार के लिए स्वर्णिम काल साबित होने वाला है। केन्द्रीय बजट में बिहार को अलग से 60 हजार करोड़ रुपये मिले हैं और अगले 5 सालों तक यह जारी रहेगा।

## मान, केजरीवाल की सेवा करने में व्यस्त, थानों में हो रहे धमाके: शिअद

वार्ता ‹ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

शिरोमणि अकाली दल ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री भगवंत मान आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की सेवा में व्यस्त है, जबकि पंजाब में पुलिस स्टेशनों पर विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्र में सिलसिलेवार बम धमाके हो रहे हैं। अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिम सिंह मजीठिया ने कहा कि पंजाब पुलिस सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस स्टेशनों पर हो रहे बम धमाकों को रोकने में बुरी तरह नाकाम रही है। उन्होने कहा कि सच्चाई यह है कि पंजाब पुलिस, जिसे कभी देश का नंबर एक पुलिस बल माना जाता था, राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफकार्रवाई करने में असमर्थ है, क्योंकि आप सरकार ने उसके हाथ बांध रखे हैं। अकाली नेता ने कहा कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहने के अलावा आप सरकार जबरन वसूली, हत्या और छीनाझपटी में लिप्त गैंगस्टरों पर लगात लगाने में बुरी तरह विफल रही है। उन्होने कहा कि 24 नवंबर को अजनाला पुलिस थाने में आरडीएक्स लगाया गया, 27 नवंबर को अमृतसर के गुरबख्श नगर में ग्रेनेड धमाका हुआ, दो दिसंबर को एसबीएस नगर के काठगढ़ में पुलिस स्टेशन में ग्रेनेड विस्फोट हुआ, चार दिसंबर को अमृतसर के मजीठा में पुलिस स्टेशन में ग्रेनेड धमाका हुआ, 13 दिसंबर को बटाला में अलीवाल पुलिस स्टेशन में ग्रेनेड धमाका हुआ और 17 दिसंबर को अमृतसर के इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड धमाका हुआ। उन्होने कहा कि यह सभी घटनाएं राज्य के बॉर्डर क्षेत्र में हुई हैं जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। मजीठिया ने कहा कि मौजूदा आप सरकार के दौरान पंजाब के मशहूर गायक सिद्धू मूसेवाला और कबडडी खिलाड़ी संदीप नंगल अंबियां की सनसनीखेज हत्याएं हुई।

# जिला ग्रंथालय में लाला जगदलपुर की 105वीं जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय के अध्यक्ष कलेक्टर एस हरीश व सचिव जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन मे योगेंद्र पांडे की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में लाला जगदलपुरी की 105 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य रूप से यह कार्यक्रम लालजी का साहित्य को योगदान विषय पर समर्पित था। इस अवसर पर योगेंद्र पांडे, यशवर्धन राव नर्सिंग राव,आलोक अवस्थी और सफ़ीरा साहू कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि थीं। रामाराव वामनकर जी जोकि भोपाल से इस कार्यक्रम के लिए पधारे थे। वे दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय भोपाल मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हैं।लाला जी की हस्तलिखित रचनाओं की मूल प्रति संग्रहालय को सौंपी गई। लाला जी की रचनाओं को लिपिबद्ध कर चार पुस्तकों में संजोया गया है विनय कुमार श्रीवास्तव ने जिनका संपादन किया है इन पुस्तकों का विमोचन शहर के साहित्यिक संगठनों छत्तीसगढ़ साहित्य समिति, साहित्य भारती और कादम्बरी संस्था व ग्रंथालय के छात्र छात्राओं के बीच किया गया। हाल ही में छत्तीसगढ़ PSC एग्ज़ाम में चयनित लाइब्रेरी के छात्र मुन्ना कश्यप और उदय कुमार का सम्मान जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के हाथों किया गया गया। साथ ही साथ बस्तर के साहित्यकारों द्वारा पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। धर्मपाल सैनी, योगेंद्र मोतिवाला, सुषमा झा, पूर्णिमा सरोज, मोहिनी ठाकुर, नरेंद्र पाढी कर्मजीत कौर, खुदरेजा ख़ान, सुभास पांडे सुभाष श्रीवास्तव गौड़ और विजय सिंह ग्रन्थालय की कवयित्री छात्राएँ उज्जैनी सेठी, पूजा ठाकुर साहित्यकारों का सम्मान व काव्य गोष्ठी लाला जी के जीवन का संस्मरण प्रस्तुत किया गया। ग्रंथालय प्रभारी अखिलेश मिश्रा व संजय झा व अन्य साहित्यकार इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### भूरका नदी में बहुप्रतिछित पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया

**भानुप्रतापपुर।** मांगरा नाला, भूरका नदी मे बहुप्रतिछित पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, विशेष अतिथि टीकम टांडिया, सचिन दुबे, हेमसोनवानी, योगेश सोनवानी थे निखिल राठौर ने सभी ग्रामीणों को बधाई दी आजादी के बाद पहली बार खड्का, भूरका, जलहुर गाँव जुड़ेंगे इस भूमि पूजन मे तीनो ग्राम के गायता पटेल एवं सर्व आदिवासी समाज के सर्कल अध्यक्ष राधे मंडावी ग्राम परवी के राजेंद्र धुर्वा एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे ग्रामीणों ने मुख्य मंत्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त किया कांकेर जिले के पाखंजूर से इस कार्य का भूमि पूजन मुख्य मंत्री जी के द्वारा किया गया था।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम छोटेमालगांव निवासी अशवन कुमार वट्टी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता नारदराम वट्टी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है।

# विकासखंड स्तरीय यूथ इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय यूथ इको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन प्रथम फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य थीम प्लास्टिक साक्षरता और पोषण वाटिका अंतर्गत होने वाली क्रियाकलापों के बारे में बताया गया, प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में प्लास्टिक साक्षरता आधारित कार्यक्रम के आयोजन जो की माह जनवरी से माह अप्रैल तक चलेगा जिसमें प्लास्टिक का उपयोग वरदान तो है पर इनके अधिक उपयोग हमारे लिए अभिशाप का कारण बन रहा के बारे में बताया गया। शिक्षिका भावना ठाकुर, रमिता नरेटी, पायल नुरूटी ने बताया पर्यावरण के लिए अच्छा के साथ पोषण के लिए बेहतर है इसे स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों की भी जागरूक कर जोड़ना है।

मास्टर ट्रेनर सुनील सोनी, रूपल रावड़े, विशाल देवांगन, हेमकुमार वर्मा के द्वारा हमारी दुनिया स्कूल पोषण वाटिका पर जानकारी दी गई जिसमें बताया गया की स्कूल पोषण वाटिका क्या है, इसकी खेती किस प्रकार करनी है संपूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई, साथ ही मिट्टी की तैयारी मिट्टी की जुताई मिट्टी के पोषण देना इन सभी तरीकों के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण समापन पर बीआरसी राधेलाल नुरूटी ने कहा यूथ, इको क्लब को लेकर जो भी इस प्रशिक्षण में सीखा उसे स्कूल में अमल करना है। बालवाड़ी जिला समन्वयक लक्ष्मण मालवीय ने कहा सबसे पहले खुद से प्लास्टिक से दूर कर संदेश दे। जब भी कुछ खरीदने जाए तो झोला लेकर जाए यह संदेश सभी को दे। मौके पर अमित साहू, 72 स्कूल के नोडल शिक्षक उपस्थित थे।

### प्लास्टिक मुक्त स्कूल बनाने लिया शपथ

दी दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन 72 स्कूल के नोडल शिक्षकों को बीआरसी राधेलाल नुरूरी ने स्कूल को प्लास्टिक मुक्त बनाने का शपथ दिलाया।

# जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के जिशान हुसैन को मिला रजत पदक

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



लुधियाना के पंजाब में 11 से 17 दिसंबर तक 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल आयोजित हुई। इस खेल में जूड़ों अंड़र-19 प्रतियोगिता में कोंड़ागांव जिले के 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा जूड़ों में प्रशिक्षण प्राप्त किये 5 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीशान हुसैन नें रजत पदक प्राप्त किया। बता दें कि, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देशों एवं 41 वीं वाहिनी के अथक प्रयासों से जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी स्तर पर लगातार चलाए जा रहें है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। पदक प्राप्त करने वाला खिलाड़ी और 41 वीं वाहिनी के जूड़ो प्रशिक्षक नारायण सोरेन व उदयसिहं यादव को नरेन्द्र सिहं, सेनानी 41 वीं वाहिनी व जिला प्रशासन कोंडागांव ने हार्दिक बधाई व भविष्य में बेहतर प्रर्दशन करने के लिए शुभकामना दी।

# पुलिस अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल साप्ताहिक बाजार के दौरान देहात से आदिवासी महिलायें सब्जी-भाजी बेचने हेतु आते हैं उक्त ग्रामीण आदिवासियों की बैठने के लिए एनएमडीसी द्वारा सेड बनाकर दिया गया है किन्तु वहां पर मेन मार्केट के व्यापारियों द्वारा परमानेंट कब्जा कर लिया गया है। जिसकारण आदिवासी ग्रामीणों को बाजार के अंदर जगह नहीं मिलने पर मेन रोड में बैठकर अपनी सब्जी-भाजी बेचने हेतु मजबूर होकर बैठते हैं किन्तु वहां मेन रोड पर भारी वाहनों का लगातार आना जाना लगा रहता है इस अव्यवस्था के दौरान कभी भी कोई दुर्घटना होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। इस हेतु नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जन प्रतिनिधियों व व्यापारियो द्वारा पिछले कई माह से व्यवस्था को सुधारने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है किन्तु कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अपनी निजी स्वार्थ को लेकर बाधा उत्पन्न कर रहे है। इसी तारतम्य में दिनाँक 11 दिसम्बर व 15 दिसम्बर को समझाईश दिया गया था और बुधवार मेन बाजार होने व बाजार प्रातः 06.00 बजे लग जाने से बाजार में बैठक व्यवस्था नहीं हो पाती है जिस हेतु दिनाँक 17 दिसम्बर को बाजार के पूर्व संध्या में ही मेन बाजार में चौपाटी के लिये तैयार किये गये स्थान पर चौपाटी को व्यवस्थित करना है थाना प्रभारी अपने हमराह स्टॉफ, नगर पालिका सीएमओ व स्टॉफ, जनप्रतिनिधि, बैलाडीला व्यापारी संघ के पदाधिकारी एव अन्य व्यापारियों के साथ चौपाटी सेंटर पहुंचकर सभी ठेला/दुकान वालों को समझा-बुझाकर दुकान चौपाटी सेंटर में लगाने समझाईश दिया गया, जिस पर सभी राजी हो गये। इसी दौरान मेन रोड पर अवैध तरीके से पार्किंग किये गए सभी वाहनों को रोड से हटाने के लिये बोल रहे थे कि वहां पर आहुल माहोरे पिता सुभाष माहोरे उम्र 35 वर्ष, पता- वार्ड नंबर 08, मेन मार्केट किरन्दुल का महेन्द्रा जीतो वाहन (छोटा पीकअप) को हटाने के लिये बोल तो वह मेरे को पार्किंग व्यवस्था करके दो तभी हटाउंगा अन्यथा नहीं हटाउंगा जो करना है कर लो कहकर भीड़ में वहां पर उपस्थित सभी व्यापारी, जनप्रतिनिधि,अधिकारी कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करते हुए गाली गुफ्तार करते हुए अपनी स्कूटी को बीच रोड में खड़ा कर यातायात को बाधित कर अपने घर जाकर अपने परिवार वाले व अपने साथियों को बुलाकर लाया और वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों/ व्यापारियों को अपशब्द कहते हुए लड़ाई झगड़ा करने लगा तब थाना प्रभारी किरन्दुल द्वारा समझाते हुए बोला गया कि सभी लोग गाड़ी मेन रोड से हटा दिये हैं अब केवल आपका ही गाड़ी खड़ा हुआ है और आपको पिछले साप्ताहिक बाजार बुधवार से हटाने कहा जा रहा है किन्तु आपके द्वारा रविवार साप्ताहिक बाजार को भी नहीं हटाया और कल बुधवार साप्ताहिक बाजार है जिस पर पूरे व्यापारी संघ, जनप्रतिनिधि, नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कहने पर भी नहीं हटा रहे हो कहने पर आहुल माहोरे अति उत्तेजित होकर यहां खड़े सभी व्यापारी/नेता सभी लोग बेकार हैं कहते हुए थाना प्रभारी किरन्दुल के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।

# श्री राघव मंदिर प्रांगण में नारायण सेवा अन्नदानम् में उमड़ी भक्तों की भीड़



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित श्री राघव मंदिर प्रांगण में अय्यप्पा सेवा समिति द्वारा बुधवार सुबह श्री अय्यप्पा स्वामी की विशेष पूजा की गई और नारायणसेवा के पहले भगवान गणेश का आव्हान किया गया।दोपहर अन्नदानम् महाभंडारा का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के सौकड़ो श्राद्धलु जुटे।अय्यप्पा मंदिर में 41 दिवसीय मण्डल व्रत पूजा आयोजित किया जा रहा है।दोपहर 12 बजे अन्नदानम्? प्रारंभ हुआ जो शाम साढ़े पांच बजे तक चलता रहा।कार्यक्रम में परियोजना के बड़े अधिकारियों के साथ साथ ग्रामीण व बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।

# नशा मुक्त भारत अभियान में जनसहभागिता बढ़ाएं

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागवार निर्माण कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागवार शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि, शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने और हर जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने इस दौरान माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अधिक से अधिक गतिविधियों का आयोजन कर आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और उन्हें जागरूक करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। बैठक में कलेक्टर ने सहकार से समृद्धि के तहत सहकारी समितियों का गठन जानकारी ली और कहा कि सहकार से समृद्धि के तहत 100 सहकारी समितियों का गठन किया जाना है, जिसके लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समिति गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होंने राशन कार्डधारियों के शत-प्रतिशत ईकेवायसी के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए और पीडीएस बारदाने के एकत्रीकरण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। दूसरे राज्यों से छुड़ाकर लाए गए बंधक श्रमिकों और उनके परिवारों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिले के आंगनबाड़ियों को सक्षम आंगनबाड़ी में उन्नयन कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास के प्रगति की जनपद पंचायत पर विस्तृत समीक्षा की और कहा कि, स्वीकृत आवास के निर्माण में प्रगति लाने के लिए सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने गांव में हितग्राहियों की बैठक लें और अप्रारंभ कार्य को शुरू कराने और निर्माणाधीन कार्य में प्रगति लाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने रबी फसल-2024-25 के लिए तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए जिले में खाद और बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, किसानों को खाद और बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवनों, वाटरशेड के कार्यों, स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना से मृदा जांच, सहकारिता विभाग और आदिवासी विभाग के छात्रावास और आश्रम भवन निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।

# मेन मार्केट किरंदूल में व्यापारियों को व्यवस्थित करने जुटा नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 08 किरंदुल में मुख्य रूप से बुधवार एवं रविवार को सप्ताहिक बाजार लगाया जाता है जहां पर आस पास क्षेत्र के ग्रामीण पालनार, भांसी, जगदलपुर नकुलनार ओडिशा के व्यापारी साग सब्जी लेकर अपना व्यापार करने आते हैं और मुख्य मार्ग पर बैठ जाते थे जहां पर भारी वाहनों का आवागमन होता हैं जिससे खतरा बना रहता था। जिसे सुधारने हेतु किरंदुल नगर पालिका अमला एवम पुलिस प्रशासन बुधवार सुबह 09 बजे से तैनात रहें और सभी व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से अंदर बाजार में बैठाया गया। इस दौरान नगरपालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र, थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू, एवम पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## ग्रामीण महिलाएं सफलता की ओर बढ़ा रही कदम

# बिहान से जुड़ कर अनिता नायक को मिली आर्थिक आजादी

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास लगातार जारी है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे ही आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं केशकाल विकासखंड के बहीगांव की अनीता नायक। जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर स्थित बहिगांव की रहने वाली अनीता ने शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को नई दिशा दी है। पहले उनका परिवार मजदूरी और कृषि कार्य पर निर्भर था। आय का स्रोत सीमित होने के कारण बच्चों की शिक्षा, घर का खर्च और अन्य जरूरतों को पूरा करना कठिन था। घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें साहूकार से अधिक ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था, जिससे परिवार की आय पर अधिक भार पड़ता था। लेकिन बिहान योजना से जुड़ने के बाद अनिता ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी बन गईं।

**गंगा जमुना स्व-सहायता समूह से सशक्तिकरण की शुरुआत** - बहिगांव की महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से 28 जून 2013 को 'गंगा जमुना स्व-सहायता समूह' का गठन किया गया। अनिता नायक इस समूह से शुरुआत से ही जुड़ी हुई थीं। उन्होंने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर छोटे-छोटे आजीविका कार्य शुरू किए। हालांकि उनके जीवन में बड़ा बदलाव तब आया जब 2018 में वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं। अनिता ने बताया कि, उनके कई सपने थे, लेकिन उन तक पहुंचने का कोई रास्ता नजर नहीं आता था। बिहान से जुड़ने के बाद उनके सपनों को साकार करने का रास्ता मिल गया। बिहान के अधिकारियों की सहायता से अनिता को बैंक से दो लाख रुपये का ऋण मिला, जिससे उन्होंने कपड़े की एक छोटी दुकान शुरू की। उनकी दुकान में सभी प्रकार के कपड़े मिलते हैं।

**बहुआयामी आय से अनिता को मिल रहा आर्थिक लाभ** - कपड़ों की दुकान के साथ-साथ अनिता सब्जी उत्पादन और पशुपालन भी करती हैं। सब्जी उत्पादन से उन्हें 1.20 लाख रुपये की आय हुई है। अनिता पशुपालन भी कर रही है और दुग्ध उत्पादन से उन्हें लगभग 02 हजार रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। इसके अलावा, राज्य सरकार की महतारी वंदना योजना के तहत उन्हें हर महीने 1,000 रुपये का आर्थिक लाभ मिल रहा है। अनीता की कुल मासिक आय अब 10,000 रुपये तक पहुंच गई है, और उनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक है। इस व्यवसाय से अब तक अनीता ने लगभग 10 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**महिला सशक्तिकरण की ओर कोंडागांव** - अनिता नायक की सफलता बिहान योजना के लक्ष्यों को साकार करती है। यह केवल एक महिला की आर्थिक सशक्तिकरण की कहानी नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव का प्रतीक भी है। पहले मजदूरी और कृषि पर निर्भर अनीता ने अपनी मेहनत और संकल्प से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को न केवल मजबूत किया, बल्कि वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन गई।

# हेमवती नाग ने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता में जीता रजत पदक




पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

12 से 15 दिसंबर तक अगरतला त्रिपुरा में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता के तहत कोंडागांव जिले के 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा जूडो में प्रशिक्षण प्राप्त किये 4 खिलाडियों द्वारा इस जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हेमवती नाग ने रजत पदक प्राप्त किया। आईटीबीपी उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देशों और सेनानी 41वीं वाहिनी के अथक प्रयासों के तहत जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी स्तर पर लगातार चलाये जा रहे है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ी तथा 41वीं वाहिनी के प्रशिक्षक उदय यादव को नरेन्द्र सिंह, सेनानी 41वीं वाहिनी एवं जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा हार्दिक बधाई एवं भविष्य में बेहतर प्रर्दशन करने हेतु शुभकामनाएं दी गई।

### शीत ऋतु आगमन होते ही स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के केशकाल के विश्रामपुरी में बड़ेराजपुर क्षेत्र में इन दिनों जैसे ही शीत ऋतु का आगमन होता हैं वैसे ही कड़ाके की ठंड देखने को मिलती हैं इसी बीच स्कुलो में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो चुकी हैं। यह परीक्षा 16 दिसंबर से 1 जनवरी 2025 तक होगी। इसी कड़ी में हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो पालियों में परीक्षा शुरू हो गई हैं। जिसमें दुसरे दिवस का परीक्षा कक्षा 9 वीं विज्ञान और कक्षा 11वीं हिंदी से शुरू हुआ दोपहर में 10वीं और 12वीं की परीक्षा होगी शुरू जिसमें 263 विधार्थी शामिल हुए, जिसमें संस्था के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाए विधार्थी और संस्था के स्टाफ मौजूद रहें।

# गुरु घासीदास की मनाई गई जयंती, भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने शोभा यात्रा का किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत। शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शिवरतन शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके गुरु मंत्र मनखे मनखे एक समान समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। गुरू घासीदास की जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी 18 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शोभा यात्रा की शुरूआत ही। जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंचे। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में जमकर थिरके युवा-झूम झूम के नाचो गाओ, पंथीं सन्ना ना नन्ना मोर लगना, जैसे अनेकों पंथी गीतों में बैंजो धुमाल की धुनों के साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी वही बच्चों और युवाओ की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मनिन्दर गुम्बर, राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, धनेश माधवानी, मनीष मिश्रा, सुखदेव यदु, सतीश साहू, दिलीप यादव, राजेश छाबड़िया, राजू पटेल, पीताम्बर साहू, अश्वनी चंद्राकर, कल्लू सचदेव, हेमंत यादव, भुवन ठाकुर, संजय शुक्ला, जितेंद्र क्षत्री, चेतन वर्मा, आयशा खान, मधु सोनी, नीरा साहू, सूर्यकांत योगी, मुकेश साहू, नारायण साहू, पीयूष साहू, सलीम खान, हारून, लखन साहू, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# बच्चों के भविष्य को साकार करने पालक शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्णः रंजना साहू

**ग्राम भोयना में रंजना साहू ने प्राथमिक, माध्यमिक शाला परिसर में शेड निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का किए लोकार्पण**



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम भोयना में विभिन्न निर्माण कार्यो का फीता काटकर एवं शिलालेखों का अनावरण कर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किए जिसमें प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भवन के प्रांगण में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण, सांस्कृतिक कलामंच निर्माण कार्य का लोकार्पण, शीतला मंदिर प्रांगण में ज्योति कक्ष निर्माण का लोकार्पण किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजना साहू ने कहा कि गांव गांव व शहर शहर में निरंतर विकास तेजी से हो रहा है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है विकास की गति दोगुनी हो गई है। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के साथ.साथ प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाकर जनता के हित में काम कर रही है। स्कूली बच्चों को स्नेह पूर्वक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके भविष्य कि कल्पना को साकार करने के लिए पालक व शिक्षक की भुमिका महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम का आभार ग्राम पंचायत सरपंच देवंतीन सोनवानी ने किया। इस अवसर पर लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोहन यादव, कैलाश देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, अनीश देवांगन, दीनदयाल साहू, श्यामलाल नेताम, ईश्वर देवांगन, उपसरपंच अशोक देवांगन, सीताराम नेताम, हरिराम साहू, भोलाराम साहू, सुलोचना देवांगन, हेमंत साहू, कुशल राम साहू, उर्मिला ध्रुव पंच, राधाबाई पंच, देवेंद्र कुमार साहू, कन्हैया ध्रुव सहित क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्तागण, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी, स्कूली बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सामाजिक समरसता के प्रतीक है गुरु घांसीदास : प्रखर

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली नगर के वार्ड क्रमांक 11 में बाबा गुरु घाँसीदास जयंती मनाई गई ,जयंती के अवसर पर संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल उपस्थित हुए एवं पूजा अर्चना किए ,उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए प्रखर ने कहा कि गुरु घासीदास सामाजिक समरसता के प्रतीक है उनके संदेश सिर्फ़ सतनामी समाज के लिये ही नहीं वरन् प्रत्येक समाज के लिए अनुकरणीय है।

# तरेंगा में साहू समाज रंग मंच का हुआ लोकार्पण





पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा में जिला पंचायत 15 वे वित्त से निर्माण साहू समाज के रंग मंच का लोकार्पण एवं चक्रधारी समाज के बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्माननीय शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं विशेष अतिथि इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि के द्वारा किया गया इस कार्य से साहू समाज एवं चक्रधारी समाज के लोगों ने शिवरतन शर्मा एवं कविता कुमलेश देवांगन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर, महामंत्री पवन वर्मा, सुनील यदु जी गांव के सरपंच प्रतिनिधि दशरथ आदिल, दिलीप चक्रधारी, मनोज चक्रधारी, राकेश चक्रधारी, संतोष चक्रधारी, डिगा साहू, टीका साहू, परमेश्वर साहू, छन्नू साहू, प्रेमलाल साहू, परमानंद साहू, रामगुलाल साहू, सचिव रोहित प्रजापति, रोजगार सहायक, जलेश्वर यदु, भोला देवांगन समाज सहित सभी समाज प्रमुख एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम कठौली में भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं सभापति तारिणी चंद्राकर



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरुद विधानसभा के अंतर्गत ग्राम कठौली में तारिणी चंद्राकर सभापति जिला पंचायत द्वारा जिला पंचायत फंड से पक्की नाली निर्माण, पानी टैंकर, शेड निर्माण एवं विभिन्न निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई जिसका भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिपं सभापति तारिणी चंद्राकर, अध्यक्षता सुमन संतोष साहू जिपं सभापति समेत विशिष्ट अतिथिगण शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामवासियों को विभिन्न निर्माण कार्यों की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते, उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए चंद्राकर ने कहा कि पद, गरिमा, बल और शासन अपनी जगह है। लेकिन मैं अपने जन प्रतिनिधित्व क्षेत्र और लोगो की सेवा कार्यों में निहित रहते हुए सदैव कुरूद क्षेत्र एवं हर नागरिकों के हितों के कार्य को यूं ही जन सेवा में समर्पित करती रहूंगी।

# गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में जय सतनाम पंथी पार्टी ने हासिल किया प्रथम स्थान




**अब राज्य स्तर पर करेगा जिले का प्रतिनिधित्व**

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद जिले के खैरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग की लोक कला और संस्कृति को सहेजना और प्रोत्साहन देना है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महोत्सव के तहत पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के कई प्रतिभाशाली दलों ने भाग लिया। पंथी नृत्य, जो छत्तीसगढ़ के सतनाम पंथ के गुरु घासीदास जी की शिक्षाओं से प्रेरित है। प्रतिभागियों ने इस आयोजन में सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप जय सतनाम पंथी पार्टी, पचरी के पंथी दल ने अपनी कला के माध्यम से सबका दिल जीतते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी शानदार प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और उन्हें राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का गौरव हासिल हुआ। अब यह विजयी दल आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। यह आयोजन नवागढ़, जिला बेमेतरा में 19 से 21 दिसंबर के बीच आयोजित होगा। राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले दलों को क्रमशः 1 लाख रुपए, 50 हजार रुपए और 25 हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक के रूप में सुरेंद्र मानिकपुरी, भुवन ढीढी और पुष्कर चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के अधीक्षक निलेश खांडे, छन्नू साहू, मदन चौधरी, मोहनीश वैष्णव, मोहनीश दीवान, सतीश धृतलहरे सहित अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सिकासेर परियोजना को लेकर भ्रम फैला रहे पूर्व मंत्री अमितेश : रमेश साहू

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल पर किसानों के बीच मतभेद पैदा करने का आरोप लगाकर उनके इस कृत्य को निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल बिना जानकारी के अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। उन्हें पहले इस विषय को समझ लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकासेर बांध से व्यर्थ बह रहे पानी को नहर लाइनिंग के माध्यम से कोडार तक लाने की परियोजना है। इसका लाभ केवल महासमुंद जिले के किसानों को ही नहीं अपितु गरियाबंद जिले के छूरा व फिंगेश्वर ब्लाक के हजारों किसानों को मिलेगा। सरकार ने बांध के ओवरफ्लो के बाद व्यर्थ बहने वाले उलट के पानी का उपयोग सूखा क्षेत्र के किसानों के हित में करने की योजना बनाई है। इससे इसका लाभ गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक के 18 गांव समेत महासमुंद जिले के सूखा क्षेत्र के गांवों को मिलेगा। साहू ने कहा कि बांध के भराव के बाद व्यर्थ बहने वाले पानी के उपयोग किसानों के हित में करने से पूर्व विधायक शुक्ल को क्यों पीड़ा हो रही है। सुखा क्षेत्र के किसानों को इस पानी का लाभ मिले क्या वे नहीं चाहते? रमेश साहू ने आगे कहा कि भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में भी इस योजना का जिक्र किया था और इसके लिए महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने पदयात्रा भी की थी। सरकार की योजना और मंशा केवल ओवरफ्लो के पानी को व्यवस्थित करने का प्रयास है। उलट का पानी छोटे छोटे स्टाप डेम में भराव किया जाएगा। जो पानी गरियाबंद को मिलता था, मिलता रहेगा। केवल व्यर्थ बहने वाले पानी का उपयोग ही किया जाएगा। इसके सर्वे के लिए 8 करोड़ प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। अभी सर्वे का कार्य जारी है। रमेश ने कहा कि पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल किसानों में मतभेद पैदा कर अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने का असफल प्रयास कर रहे हैं, जिसे गरियाबंद जिले व महासमुंद के किसान भलीभांति समझ रहे हैं।

# जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर का गंदा पानी रोड, घरों में, वार्डवासियों ने लिखा शिकायत पत्र



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के लेट-बाथ का गंदा पानी रोड एवं घरों में आने की शिकायत पत्र टिकरापारा वार्डवासियों ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा निगम आयुक्त को प्रेषित करते हुए निराकरण की मांग की है। वार्डवासियों द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर का लेट बाथ का गंदा पानी रोड एवं घरों में आने की शिकायत पूर्व में भी कई बार की गई थी परंतु आज तक उपरोक्त समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है जिससे वार्डवासियों को उल्टी, दस्त एवं इंफेक्शन तथा अन्य बीमारियों की समस्या हमेशा रहती है। खासकर छोटे बच्चों को आने जाने में ज्यादा परेशानी होती है। वार्डवासियों ने उक्त समस्या का अतिशीघ्र निराकरण करने की मांग की है। पत्र में सुषमा लाल, पारस, ईश्वरी, माही, शांति, कल्पना, क्षमा, सीमा समेत अनेक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# गुंजन अग्रवाल भाजपा मंडल सरायपाली का अध्यक्ष निर्वाचित



पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल के अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ,जिसमें गुंजन अग्रवाल को भाजपा मंडल सरायपाली का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस दौरान महासमुंद से चुनाव निर्वाचन अधिकारी विमल चोपड़ा जिला अध्यक्ष संजय शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छतर सिंह नायक जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा पूर्व मंडल अध्यक्ष धनेश नायक नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल , निवृतमान मंडल अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी के साथ सरायपाली मंडल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। बैठक को विपिन उबोवेजा एवं संजय शर्मा ने संबोधित किया। तत्पश्चात विमल चोपड़ा ने बैठक को संबोधित किया और संगठन के लिए एक जुट होकर काम करने के लिए कहा. संबोधन के पश्चात गुंजन अग्रवाल का मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई सभी कार्यकर्ता बंधुओ ने तालीया बजाकर गुंजन अग्रवाल का स्वागत किया। अंत में सभा को संबोधित करते हुए गुंजन अग्रवाल ने सभी वरिष्ठ जनों का धन्यवाद दिया एवं सबको साथ लेकर मंडल को एक नई दिशा और ऊंचाई की ओर ले जाने की बात कही।

# भगवान को बाहर ढूंढने की आवश्यकता नहीं : अखिलेशानंद



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सरायपाली द्वारा भंवरपुर बाजार पारा में चार दिवसीय श्री हरि कथा का आयोजन भंवरपुर वासियों द्वारा किया गया है। दिल्ली से पधारे स्वामी अखिलेशानन्द जी,स्वामी दर्शनानंद, साध्वी भक्ति अर्चना भारती, साध्वी अनंता भारती जी द्वाराद्वितीय दिवस के कथा में भगवान् श्री कृष्ण एवं भक्त मति मीरा बाई की रहस्य पूर्ण कथा सुनाए मीरा जी के गुरु रविदास जी द्वारा श्री कृष्ण जी की वास्तविक रूप प्रकाश रूप को जनाया, ब्रह्म ज्ञान की दीक्षा को गुरु रविदास जी द्वारा ग्रहण किया। स्वामी अखिलेशानन्द जी द्वारा पायो जी मैंने रामरतन धन पायो भक्ति गीत को व्याख्या सहित सुमधुर वाणी से सुनाए। जिसमें गांव भंवरपुर, नौगड़ी, बाराडोली, उमरिया, कनकेवा , सागरपाली, संतपाली, सरायपाली, बिछिया सहित आसपास के गांव से सैकड़ों भक्त जन सत्संग पंडाल में गुरु भक्त कथा श्रवण करने आ रहे है। स्वामी अखिलेशानन्द जी द्वारा सनातन धर्म के ह्रास होने से लोगों के मानसिक बीमार होने, अशांति का कारण ध्यान नहीं करना, मन की स्थिरता के लिए ध्यान की जरूरत पर प्रवचन दिए। संगत को हास्य रूप से कहानी, जयकारा लगवाया गया, लोगों ने खूब आनन्द लिया। भगवान् का मिलन घट में किया जाता है। भगवान् ढूंढने बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

# 21 दिसंबर को ईशर गवरा विवाह महोत्सव मनाने हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम कायतपाली में पारंपरिक गोंडीयन विधि विधान के तहत 21 दिसंबर शनिवार को संध्या 4 बजे से ईशर गवरा विवाह महोत्सव मनाने व आगामी धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम को लेकर विशेष बैठक रखी गई। बैठक में सर्वप्रथम बूढ़ादेव पूजा स्थल पर ज्योति जलाकर धूप दीप देकर पूजा अर्चना की गई। बैठक में बूढ़ा देव की जयकारा के साथ शुरुआत हुई। बैठक में समिती संगठन को मजबूत एवं एकजुट बनाने हेतु खास चर्चा परिचर्चा हुई। आगामी सामाजिक कार्यक्रमों में नशा पान न करने का संकल्प लिया। सभी कार्यकर्ताओं को अपने पारंपरिक वेशभूषा आने एवं सेवा सहयोग हेतु कहीं गई। इस अवसर पर गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति जिला संरक्षक तिरुमाल सुदर्शन सिंह ठाकुर व गोंडवाना संघ संरक्षक गोकुल पारेश्वर, गोंडवाना संघ जिलाध्यक्ष दीपक जगत , जिला सचिव गोधसस भारतिको सिदार , गोंडवाना संघ जिला सचिव देवी सिंह मांझी, ब्लॉक अध्यक्ष निमंकर जगत सचिव श्रवण पोर्ते , दीनबंधु नाग कांटापठार पुजारी, सुखसिंह जगत कुमर्रा, मनोहर जगत, बलदेव जगत, शिव लाल नेटी, समारु सिदार,भोग सिंह जगत, घनश्याम सिदार, श्रवण कुमार सिदार, मधूसुदन सिदार आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता, समानता का शाश्वत संदेश है बाबा जी का सूत्रवाक्य : विजय



**गुरु घासीदास जयंती पर आमापारा पार्षद ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने समस्त समाजजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि तत्कालीन समय में समाज सुधार के दृष्टिकोण से बाबा जी द्वारा दिया गया सूत्र वाक्य मनखे .मनखे एक समान समाज में सामाजिक समरसता एवं सबके बीच में समानता का भाव पैदा करने के लिए एक शाश्वत संदेश है जो वर्तमान समय में प्रमाणिकता के धरातल पर शत प्रतिशत खरा उतर रहा है। मोटवानी ने आगे कहा कि संत समाज की धरोहर होते हैं। छत्तीसगढ़ की पावन धरती इस दृष्टिकोण से गौरवशाली एवं समृद्ध है कि यहां अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है जिसमें बाबा गुरु घासीदास का जन्म स्थली गिरोधपुरी हम सबके लिए आस्था एवं श्रद्धा के साथ पवित्र तीर्थ स्थल है।

# कार्बन क्रेडिट, फिनटेक, सतत कृषि भूमि, वन प्रबंधन में हितधारकों की सहभागिता पर कार्यशाला का हो रहा आयोजन

**आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों ने कार्बन क्रेडिट, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व को किया उजागर**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के आर्किटेक्चर और प्लानिंग विभाग द्वारा 13-22 दिसंबर तक विजन टू एक्शन रू कार्बन क्रेडिट, फिनटेक और सतत कृषि भूमि और वन प्रबंधन में हितधारकों की सहभागिता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ में व्यापक जनजातीय विकास के लिए स्वदेशी और स्थानीय ज्ञान प्रणालियों और फिनटेक समाधानों का अनुकूलन नामक परियोजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। कलेक्टरेट के मंत्रणा कक्ष में मंगलवार को हुई कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के साथ चर्चा कर पर्यावरण हित के लिए कार्बन क्रेडिट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में आईएफएस निखिल अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर रोहित व्यास ने हॉल में इस विषय पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने अपने संबोधन में क्षेत्र और जनजातीय समुदाय के समृद्ध ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा काफी समृद्ध है। धीरे धीरे यह विलुप्त होता जा रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी रुड़की के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय पकृति की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उनके ज्ञान में गहराई है। उन्होंने कहा कि इस शोध से जिला प्रशासन को लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने आईआईटी रुड़की की टीम तथा परियोजना को हर संभव सहयोग देने की बात कही। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्बन क्रेडिट की अवधारणा और प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया कि कैसे जशपुर जिला हरित अवसंरचना का निर्माण कर सकता है और किसान वैश्विक व राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। इसके साथ ही राज्य के लिए सामूहिक रूप से कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने की संभावना पर चर्चा की और बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर किसान संगठित होकर कार्बन क्रेडिट के लिए योजनाएँ बना सकते हैं तथा बाज़ार से जुड़ सकते हैं। इस परियोजना को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फउंडेशन द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इस आयोजन के तहत आईआईटी रुड़की की टीम 18 दिसंबर को जशपुर जिले के विभिन्न गांवों के किसानों के साथ मुलाकात कर कार्बन क्रेडिट के महत्व के बारे में बताएगी। 19 दिसंबर को कार्यशाला की टीम किसानों को कुसुमताल ग्राम पंचायत, कांसाबेल ब्लॉक स्थित कार्बन ग्राउंड्स डेमोंस्ट्रेशन साइट पर ले जाएगी। यह कार्यशाला इस श्रृंखला की दूसरी कार्यशाला है। इस सेंटर ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम्स, आईआईटी रुड़की के प्रमुख प्रोफेसर अनिल गौरीशेट्टी, परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. हर्षित सुसान लकड़ा, कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर आशु खन्ना प्रोफेसर सुदीप रॉय, विशेषज्ञ कुलरंजन कुजूर और अजय कटुरी ने भाग लिया।

# माध्यमिक शाला टिकैतगंज से हुआ बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**110 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर 03 बच्चों को वितरण की गई निःशुल्क चश्मा व दवाई**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 16 से 21 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन जिले के सभी विकासखण्डों में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारियों के द्वारा 16 से 21 दिसंबर 2024 तक शाला में पंजीकृत 06 से 18 वर्ष तक के छात्रों का नेत्र परीक्षण करेंगे तथा दृष्टिदोष पाए गए छात्रों को बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। इसी तारतम्य में विगत दिवस बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का शुभारंभ पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला टिकैतगंज जशपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जी. एस. जात्रा के अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर में 110 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 03 बच्चों का रेफक्टिव एरर पाये गया, जिन्हें निःशुल्क चश्मा, दवाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर आर. एस. पैंकरा द्वारा बताया गया कि इस अभियान में शालावार नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा जन जागरूकता फैलाते हुए बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह में नेत्र परीक्षण के अलावा नेत्र सुरक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा पर चर्चा, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं विविध गतिविधियों का आयोजन कर नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु का अहवान किया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत कुमार नायक, सहायक सलाहकार सत्येन्द्र यादव संकुल समन्वयक मती ज्योति सिन्हा, प्रभारी प्रधान पाठक अभय एक्का, जिला सचिवीय सहायक खुले प्रसाद यादव, नेत्र सहायक अधिकारी अशीष एक्का, मती अनुभा एक्का एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर रविकुमारी बनी लखपति दीदी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं सफलता की इबारत लिख रही हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना से जुड़कर ग्रामीण महिलाओं ने स्वावलंबन की मिशाल पेश कर रही है। इसी के तहत मां सहोद्रा स्व सहायता समूह की उड़गन की रविकुमारी ने कुछ अलग करने की सोची एवं समूह के माध्यम से सिलाई, सब्जी बाड़ी, ई-रिक्शा, सब्जी बिजनेस और थाल पोस बनाने का कार्य करना प्रारम्भ किया। इन गतिविधियों से रविकुमारी लखपति दीदी बन गई हैं। वे आज आत्मनिर्भर है। इनकी स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। अब वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा रही हैं। बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक के ग्राम उड़गन की लखपति दीदी रविकुमारी टंडन ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से अब वह न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है बल्कि योजना से मिली राशि का उपयोग करते हुए वे स्वयं का व्यवसाय अपने घर से ही कर रही हैं। वे कहती है कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और इस माध्यम से वे बहुत कुछ सीख रहीं है। जानकारी मिलने के बाद स्व-रोजगार स्थापित करने के संबंध में भी मार्गदर्शन मिला। योजना के तहत ऋण राशि स्वीकृत की गई, जिससे उसे अपना व्यवसाय स्थापित करने में मदद मिली। अब उसका परिवार आर्थिक रूप से सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। रविकुमारी अपने बीते हुए दिनों के दिक्कतों को बताते हुए कहती है कि वे पहले केवल कृषि और मजदूरी का कार्य करती थी। एक वर्ष किसानी करने से केवल उनको सालाना 55 हजार ही कमाई हो पाता था जिससे उनके बच्चों के पढ़ाई और घर में परिवार चलाने में तंगी बनी रहती थी। लेकिन समूह से जुड़ने के बाद 3 लाख रूपए बैंक से लोन लेकर स्वयं का व्यवसाय अपने घर में ही स्थापित कर लिया है। रविकुमारी अब कृषि कार्यो के साथ ही घर पर ही सब्जी बाड़ी, सिलाई, सब्जी बिजनेस, थाल पोस बना कर घर पर ही आमदनी अर्जित कर रही है।

# गूगल शीट लगातार अपडेट रखने और लंबित निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**कलेक्टर ने जिले की निर्माण एजेंसियों की ली समीक्षा बैठक**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों द्वारा प्रगतिगत कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों से विभागवार उनके द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय कार्यों के प्रगति की जानकारी गूगल शीट पर निरन्तर अपडेट करने के साथ सभी लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, गृह निर्माण मंडल, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आदिम कल्याण विभाग एवं नगरीय निकायों के लंबित कार्यों का विवेचन करते हुए उनके कार्यों में प्रगति लाने तथा जल्द से जल्द कार्यों को पूर्ण करने को कहा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी सहित सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राजस्व विभाग और खाद्य विभाग की टीम ने 120 बोरा अवैध धान किया जप्त



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा निर्देश में विगत दिवस फरसाबहार एसडीएम आर एस लाल ने उड़ीसा बार्डर के सागजोर और झारखंड बार्डर के चेक पोस्ट का निरीक्षण किया इसी प्रकार राहुल कौशिक तहसीलदार ने रात 1 बजे सपघरा बैरियर के पास झारखंड से अवैध धान परिवहन करते हुए ट्रैक्टर सोनालिका मैं रामेश्वर यादव से 50 क्विंटल लगभग 120 बोरी धान अवैध जप्त किया गया तत्पश्चा करडेगा चौकी के सुपुर्द किया गया आगे की कार्यवाही हेतु मंडी निरीक्षक को सूचित किया गया निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार राहुल कौशिक दुलदुला खाद्य निरीक्षक संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

# आत्मा योजना : उन्नत कृषि तकनीक को अपनाकर चौतू नेताम बना सफल कृषक

**उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ आय भी बढ़ी**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य के अन्नदाताओं के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा भी दृढ़संकल्पित होकर किसानों के कल्याण और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। कोण्डागांव जिले के किसान भी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आज समृद्ध एवं खुशहाल किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। जिले के विकासखण्ड कोण्डागांव में स्थित ग्राम चिपावण्ड के 67 वर्षीय प्रगतिशील किसान चौतू नेताम ने अपनी मेहनत और नवीनतम कृषि तकनीकों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में सफलता की एक नई मिसाल पेश की है। उनके 03 एकड़ 54 डिसमिल की कृषि भूमि पर उन्नत खेती से उन्होंने न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। पहले चौतू नेताम पारंपरिक तरीके से रागी की खेती करते थे और पुराने ढंग से बीज बोते थे। खरीफ मौसम में पारम्परिक खेती में छिड़काव विधि से बीज बोने से उत्पादन में ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद कृषि विभाग ने उन्हें आत्मा योजना के तहत नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया, तो उन्होंने रागी की खेती में बदलाव करने का निर्णय लिया। रबी मौसम में चौतू नेताम ने रागी की फसल की कतार बोनी की विधि को अपनाया, जिससे न केवल उनकी फसल का उत्पादन बढ़ा, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि हुई।

**उन्नत कृषि से तरक्की की राह पर चौतू राम**-चौतू राम ने बताया कि कतार बोनी विधि से बीज का वितरण और सिंचाई ज्यादा व्यवस्थित और नियंत्रित हुआ है, जिसके कारण रागी की फसल का उत्पादन दोगुना हो गया। पहले जहां रागी की खेती 0.405 हेक्टेयर रकबा में उत्पादन केवल 4 क्विंटल होता था और केवल 12 हजार रूपये की आय प्राप्त होती थी। लेकिन अब कृषि में कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन कार्यक्रम के माध्यम से नई तकनीक को अपनाने के बाद उत्पादन 9 क्विंटल हो गया, जिससे 45 हजार रुपये प्राप्त हुआ। इस प्रकार उत्पादन में वृद्धि के साथ उनके आय में भी वृद्धि हुई। शासन की योजना से चौतू नेताम के लिए यह बदलाव केवल कृषि के तकनीक में बदलाव नहीं था, बल्कि उनके जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया। कृषि विभाग से प्राप्त तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उनके लिए काफी लाभदायक साबित हुआ। कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन के कार्यक्रम ने उन्हें न केवल अधिक उत्पादन दिया, बल्कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय वृद्धि की और खेती के क्षेत्र में तरक्की के राह पर अग्रसर हुए हैं। चौतू राम ने जिले के अन्य किसानों को भी योजना का लाभ लेने प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि में उन्नत तकनीक अपनाने की अपील की।

**विष्णु के सुशासन में किसान हो रहे समृद्ध**-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य के किसानों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनकी मेहनत और उत्पादन का उचित दाम भी मिल रहा है। किसानों की मेहनत को शासन की योजनाओं के माध्यम से उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और सहायता मिल रहा है, जिससे वे समृद्ध और खुशहाल होने के साथ कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। चौतूराम जैसे कई ऐसे किसान हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत के साथ शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाते हुए अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं।

# नशा से दूर रहने के लिए किया गया प्रेरित, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को किया गया सम्मानित

■ समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा कार्य म का किया गया था आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com







गुरु गुरुघासीदास जयंती और छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताने के साथ ही नशामुक्ति के लिए जनजागरकता फैलाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राधेश्याम राम ने कहा कि वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित है। जिसका लाभ लेकर वे बेहतर एवं सम्मान पूर्वक जीवन व्यतित कर सकते है। उन्होंने नशाबंदी से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की।कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बजरंग प्रसाद गुप्ता द्वारा दिव्यांग जनों के प्रति संवेदना एवं सम्मान व्यक्त किया और लोगों को नशा से दूर रहने की अपील की। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक टी.पी. भावे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस एवं गुरु घासीदास जयंती को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मद्यनिषेध दिवस के रुप में मनाये जाने के निर्देश के परिपालन में बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ शिक्षक ओमदास मौजूद थे। कार्यक्रम में दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा नशा उन्मूलन से प्रेरित गीत एवं नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम का द्वितीय चरण में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को शाल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। सम्मानित दिव्यांग शिक्षकों में ओम दास, सतेन्द्र प्रसाद सिंह, सुबोध तिग्गा, कु. संध्या पैंकरा थे। उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ निःशक्त विकास निगम से व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त कर उसे शत प्रशिशत वापिस कर परिवार का भरण-पोषण करने एवं समाज के समक्ष अभिप्रेरणा स्वरुप स्थापित होने पर दिव्यांग अशोक कुमार यादव एवं ललीता पैंकरा को शाल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने सरकार की विफलताओं को लेकर निकाली पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने रायपुर दक्षिण विधानसभा में प्रदेश सरकार की विफलताओं को लेकर पदयात्रा निकाली। राज्य की विष्णु देव साय सरकार एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उपलब्धियां बता रही हैं और कांग्रेस भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के नेतृत्व में संतोषी नगर से इंदिरा गांधी चौक तक रैली निकाली और जमकर नारेबाजी की। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा प्रदेश में लूट, हत्या व बलात्कार जैसी घटनाएं आम बात हो गई है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस और पुलिस परिवार पर हमला हो रहा है। किसान धान बेचने दर-दर भटक रहे हैं। बलौदा बाजार व कवर्धा की घटना से प्रदेश की बदनामी हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था व अर्थव्यवस्था की हालत खराब है और बेरोजगारी चरम पर है। विष्णु देव साय की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। ऐसी निकम्मी सरकार के खिलाफ हर स्तर पर कांग्रेस लड़ाई लड़ेगी और प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।इस दौरान पदयात्रा में प्रमुख रूप से पीसीसी महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सलाम रिज़वी, संयुक्त महामंत्री शारिक रईस खान,पार्षद समीर अख्तर, मनोज पाल, प्रेरणा साहू, रेशम लाल अजगले, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार, शरद गुप्ता, देवेंद्र पवार, सुन्दरेश श्रीवास्तव, विजय देवांगन, मनोज यादव, मुनेश गौतम, सल्लू भाई,राजेश विश्वकर्मा, संजय ठाकुर, दिनेश निर्मलकर, राजेश कटारे, शैलेंद्र शर्मा, विजय बाफना, महेश भाई, नदीम खान, राकेश ध्रुव, जितेन सोनवानी, दिवाकर कलीम, बिरसिंग धीवर, चंदन विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, हरक साहू, राजेन्द्र नेताम करण धीवर लाल, चुम्मन, लखन लाल साहू,धनजीत तारक, मोहम्मद आलम, रामू ध्रुव, लोकू, रवि साहू, लेखराम साहू, मिथलेश देवगन, शब्बीर खान, नईम खान, शकील खान,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001070426999081, गफ्फार खान (ऋणी), सत्तार खान (सहऋणी) | 14-अगस्त-24 ₹ 3,11,427/- तीन लाख ग्यारह हजार चार सौ सत्ताईस रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर पालिका वार्ड नं. 54, पीएच नं. 19/23, खसरा नं. 183/4, दक्षिण वार्ड आर एन एम दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 810 वर्ग फीट | 13-दिसम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060138025329, शशि कुमार बनर्जी (ऋणी), बेदकुमार बनर्जी (सहऋणी), श्रीमती पुष्पांजलि बनर्जी (सहऋणी) | 17-अगस्त-24 ₹ 16,33,217/- सोलह लाख तेतीस हजार दो सौ सत्रह रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 2259-4 का भाग, सरकारी स्कूल के पास, ग्रा कवरधा, तहसील पंडारिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 530 वर्ग मीटर | 17-दिसम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 18/12/2024
स्थान: छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालय: एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालय: रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।
सहमत ऋण/सुविधा शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खातों को एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को ऋण वापसी नोटिस जारी किया है, जिसमें नीचे उल्लिखित तिथि पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को वापस मंगाया है और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय दिया है, ऐसा न करने पर बैंक इस संबंध में आगे कोई नोटिस जारी किए बिना गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।
उधारकर्ताओं ने देय पुनर्भुगतान करने में उपेक्षा की है और असफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने ऋण समझौते के तहत एक गिरवीदार के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को देय बकाया राशि की वसूली के लिए 26 दिसंबर, 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटान करने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे इसे भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 176 के अनुपालन में बिक्री की सूचना मानें। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी समय शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य और गिर जाता है, जिससे मार्जिन आवश्यकता में और कमी आती है, तो बैंक अपने विवेक से इस संबंध में कोई और सूचना दिए बिना, एक (1) कैलेंडर दिवस के भीतर गिरवी रखी गई प्रतिभूति को बेच देगा। उधारकर्ता गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 16.12.2024 तक कुल बकाया राशि (भारतीय रु. में) | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX0522 | टिकेंद्र कुमार साहू | 67,522.00 | 18.12.2024 |
| 2 | XXXX4625 | लिंगा राजू सेनापति | 1,35,120.83 | 18.12.2024 |

दिनांक: 19.12.2024
स्थान: छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

# भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी सुस्ती

**भारतीय** अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था है, पर इसमें थोड़ी सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, इसके बावजूद वह अभी दुनिया में सबसे तेज प्रगति वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है और वह विकसित देशों की वृद्धि दर से आगे है। जुलाई और सितंबर, 2024 के बीच देश की जीडीपी वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही हो सात तिमाहियों में सबसे धीमी तथा भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के अनुमान 7 प्रतिशत से कम है। इससे कुछ ढांचागत चुनौतियां सामने आती हैं जिनका दीर्घकालीन समाधान आर्थिक प्रगति के लिए जरूरी होगा। अर्थव्यवस्था में सुस्ती बहुआयामी है। उपभोक्ताओं की मांग तथा निजी निवेश में कमी से आर्थिक गतिशीलता धीमी पड़ी है। 'फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स'-एफएमसीजी की बिक्री में कमी आई है, सार्वजनिक व्यापार करने वाली फर्मों के वेतन खर्च में कमी आई है तथा शहरी लोगों का खर्च भी थोड़ा घटा है। नवंबर में कारों की बिक्री में 14 प्रतिशत कमी आई जिससे शहरी उपभोग में कमी का संकेत मिलता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि भी जटिलता का संकेत है। अक्टूबर, 2024 में मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्ष्य 4 प्रतिशत से आगे निकल कर 5.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने तथा सप्लाई श्रृंखला की बाधाओं के कारण सभी क्षेत्रों में खर्च बढ़ा है जिससे लोगों की अतिरिक्त खर्च योग्य सीमा में कमी आई है।



अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती का असर भारत के निर्यातों पर पड़ा है जो वैश्विक वस्तु व्यापार का केवल 2 प्रतिशत हैं। डालर की मजबूती तथा टैरिफ दरें बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय उत्पादों के लिए प्रतियोगिता बढ़ गई है। इसके साथ ही खासकर कृषि व लघु उद्योगों में रोजगार सृजन बढ़ाने की आवश्यकता सामने आई है। हालांकि, सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन के अनेक प्रयास किए हैं, पर जमीन पर उनका असर दिखने में कुछ समय लगने की संभावना है। अनेक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इन स्थितियों में जनता व खासकर ग्रामीण जनता की मांग बढ़ाना बहुत लाभदायक हो सकता है। हालांकि, अच्छे मानसून के कारण कृषि अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है तथा हाल ही में सब्जियों व फलों की कीमतों में कुछ कमी आई है, पर यह संपूर्ण अर्थव्यवस्था को गति देने की स्थिति में नहीं है। मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले दो साल से ब्याज दरों को स्थिर रखा है जिससे कर्ज पर ब्याज काफी अधिक है। इससे बिजनेसों में निवेश के साथ ही उपभोक्ताओं का खर्च घटता है। वैसे भारतीय अर्थव्यवस्था के सुस्त होने के पीछे अनेक वैश्विक कारण भी हैं जिनका प्रभाव कमोबेश दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। भू-राजनीतिक उथलपुथल खासकर पश्चिम एशिया तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई श्रृंखलायें बाधित हुई हैं। भारत इन संकटग्रस्त क्षेत्रों से अनेक महत्वपूर्ण वस्तुओं का आयात करता रहा है जिनकी कीमतें बढ़ी हैं। इनमें उर्वरक शामिल हैं। दुनिया में घटती मांग तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी बाधाओं के कारण निर्यातों तथा खाद्य उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। आरबीआई डालर की तुलना में रुपये के गिरते मूल्य को थामने के लिए डालरों की बिक्री कर रहा है जिससे तरलता पर प्रभाव पड़ा है तथा आर्थिक वृद्धि दर प्रभावित हुई है। हालांकि, यह तथ्य भी है कि रुपया मजबूत होने के कुछ लाभ हैं, पर इससे भारतीय निर्यात ज्यादा महंगे हो सकते हैं तथा उनकी प्रतियोगिता क्षमता कम हो सकती है। समस्या समाधान में वेतन वृद्धि की रणनीति महत्वपूर्ण हो सकती है। नौकरशाही बाधायें घटाने, कर प्रोत्साहन देने तथा श्रम व भूमि कानूनों को सरल बनाने जैसे नीतिगत उपाय भारतीय अर्थव्यवस्था को तेज गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। मुद्रास्फीति से निपटने के साथ ही सप्लाई श्रृंखला मजबूत करने की दिशा में भारत सरकार तेजी से काम कर रही है। आशा है कि इससे अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर तेज होगी।

# डब्लूटीओ में कृषि वार्ताओं का दौर

**डब्लूटीओ की हालिया बैठक में भारत ने मुद्दों के प्राथमिकीकरण पर जोर दिया। इसमें सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग तथा विशेष सुरक्षा व्यवस्थायें शामिल हैं।**

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)






जेनेवा में 4 दिसंबर, 2024 को विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की कृषि समिति-सीओए की बैठक में भारत ने जोर दिया कि अब तक कृषि संबंधी असमाधित मुद्दों के समाधान को प्राथमिकता दी जाए। इनमें सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग तथा विशेष सुरक्षा व्यवस्थायें-एसएसएम व अमीर देशों द्वारा व्यापार विकृत करने वाली 'काटन सब्सिडी' समाप्त करना शामिल है। भारत ने कहा है कि इनको अन्य मुद्दों के साथ जोड़ने के बजाय अलग से 'प्राथमिकता' दी जाए तथा इनका 'त्वरित निपटान' किया जाए। दूसरी ओर अमेरिका ने कुछ मुद्दों को अन्य पर प्राथमिकता देने की आलोचना की है।

उसका कहना है कि यह लंबे समय से कृषि में गतिरोध का प्रमुख कारण बना हुआ है। भारत ने गुयाना द्वारा कृषि वार्ताओं को डब्लूटीओ की 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन तक टालने का प्रस्ताव भी अस्वीकार कर दिया है जो संभवत: कैमेरून में 2026 में होगी। इसके लिए एक तथाकथित 'कन्वर्जेंस पर गैर-परंपरागत दृष्टिकोण' की पैरवी की गई है। भारत ने जोर दिया है कि फैसिलिटेटर द्वारा की जाने वाली कोई प्रक्रिया 'सहमति आधारित' होनी चाहिए और इसमें डब्लूटीओ के बहुआयामी सिद्धान्तों का सम्मान किया जाना चाहिए। भारत ने पाठ-आधारित वार्ताओं-टीबीएन पर जोर दिया है। टीबीएन का अर्थ सहमति के पाठ पर आधारित ऐसी प्रक्रिया है जिसे सभी पक्ष स्वीकार करने और उस पर हस्ताक्षर के लिए तैयार हों। वार्ता करने वाले पक्ष इसकी शुरुआत खास समिति के अध्यक्ष द्वारा तैयार पाठ के प्रारूप से कर सकते हैं।

यह प्रस्ताव सदस्य देशों से चर्चा पर आधारित है और इसमें सहमति वाले सभी देशों की राय शामिल की गई है। यह कन्वर्जेंस आधारित दृष्टिकोण के ठीक उलट है जिसमें गैर-बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्थाओं को बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था-एमटीएस पर थोप दिया जाता है। खासकर अंतरराष्ट्रीय और डब्लूटीओ-आधारित मुद्दों के सिद्धान्तकार इस प्रक्रिया को धीरे-धीरे विभिन्न व्यापार व्यवस्थाओं से जोड़ने का माध्यम मानते हैं जिनमें खासकर प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट-पीटीए व एमटीएस शामिल हैं। अन्य लोग कन्वर्जेंस को व्यापार नियमों तथा नीतियों, मानकों और सामान्य स्थितियों के बीच ज्यादा समन्वय का माध्यक मानते हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग के दूसरे क्षेत्र शामिल हैं।

यह विकसित देशों अमेरिका, यूरोपीय संघ-ईयू, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, आदि का सुनियोजित प्रयास है जिसके माध्यम से वे सहमति के आधार पर निर्णय की प्रक्रिया को बाधित करना चाहते हैं जहां हर देश की स्थिति समान होती है। इन देशों का डब्लूटीओ पर ज्यादा प्रभाव है और वे बैठकों का एजेंडा तय कर अक्सर गुयाना जैसे छोटे देशों की ओर से उनको पेश करवाते हैं।

इसलिए भारत ने उचित ही इस दृष्टिकोण को खारिज कर दिया है। लेकिन भारत द्वारा वार्ताओं को 'प्राथमिकता' देने तथा 'त्वरित गति' देने के प्रस्तावों का क्या होगा? 2 अक्टूबर, 2023 को जेनेवा में सीओए की बैठक में ईयू ने भारत की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया था जिसमें खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के लिए पब्लिक स्टाक होल्डिंग-पीएसएच की स्थाई व्यवस्था शामिल है। इसके अनुसार भारत ने डब्लूटीओ सदस्यों को इस मुद्दे पर टीबीएन यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने की मांग रखी है। उसने इसे 26-29 फरवरी, 2024 को अबूधाबी में डब्लूटीओ एमसी-13 में रखने का प्रयास किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गतिरोध के कारण यह मंत्रिस्तरीय सम्मेलन स्थगित हो गया। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच की स्थाई व्यवस्था बनाने पर भारत के दृष्टिकोण को अमेरिका और ईयू ने भारी विरोध किया।

इसके पहले भी भारत के प्रयासों का यही नतीजा निकला था। जनवरी, 2021 में डब्लूटीओ की ट्रेड पालिसी रिव्यू-टीपीआर बैठक में भारत ने जोर दिया था कि तीन मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर एमसी-12 में लिया जाए। लेकिन 12-17, 2022 को जेनेवा में मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ये मुद्दे विचारार्थ रखे ही नहीं गए। यह गतिरोध पिछले लगभग दो दशक से जारी है, जबकि भारत ने इन मुद्दों को डब्लूटीओ में दोहा डेवलपमेंट एजेंडे-डीडीए के अंतर्गत उठाया था। विकसित देशों ने नेरोबी में 2015 में हुई एमसी-10 में डीडीए को खारिज कर दिया था।

एक सर्वाधिक विवादास्पद मुद्दा पीएसएच का स्थाई समाधान है। 31 जुलाई, 2014 को जेनेवा में डब्लूटीओ महापरिषद-जीसी बैठक में आशा की एक किरण जगी थी। इसमें भारत ने इस विषय पर समयबद्ध कार्ययोजना का सुझाव दिया था जिसका क्रियान्वयन 2014 समाप्त होने के पहले हो और इसे ट्रेड फैसिलिटेशन एग्रीमेंट-टीएफए में भी संस्तुति दी जाए। यह एक अच्छा रणनीतिक कदम था, लेकिन इसे बीच में ही छोड़ दिया गया। दिसंबर, 2014 में विकसित देश टीएफए से बाहर हो गए तथा विकासशील देशों को 'स्थाई समाधान मिलने तक शांति प्रस्ताव के विस्तार' की रियायत दी गई। इस प्रकार भारत ने स्थाई समाधान के बजाय 'शांति प्रस्ताव के लाभ' को स्वीकार कर लिया।

शांति प्रस्ताव की असलियत समझने के लिए हमें डब्लूटीओ के कृषि समझौते-एओए पर गौर करना होगा। इसके अंतर्गत विकासशील देश एग्रीगेट मेज़रमेंट आफ सपोर्ट-एएमएस नही दे सकते हैं। इसका अर्थ कृषि उत्पादन के कुल मूल्य का 10 प्रतिशत तक सब्सिडी होना है। एएमएस में 'उत्पाद संबंधी' सब्सिडी तथा 'गैर-उत्पाद संबंधी' सब्सिडी शामिल हैं। कृषि निवेशों, जैसे उर्वरक, बीज, सिंचाई व बिजली पर सब्सिडी इसमें शामिल हैं। 'उत्पाद संबंधी' सब्सिडी में किसानों को बाहरी संदर्भ मूल्य-ईआरपी पर आधारित अतिरिक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी शामिल है जो कृषि उत्पाद के अनुसार बढ़ता है। उदाहरणार्थ 2023-24 में एमएसपी से जुड़ा ईआरपी 1986-88 में वैश्विक मूल्य पर आधारित था। यदि विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी देता है तो यह डब्लूटीओ प्रतिबद्धता का उल्लंघन होगा। यह भारत के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि एएमएस के 10 प्रतिशत से अधिक होने पर उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बाली में 2013 में एमसी-9 में 'शांति प्राविधान' पर सहमति बनी थी जिसके अनुसार, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो कोई सदस्य देश इसे 2017 तक चुनौती नहीं देगा, जब डब्लूटीओ उनकी खाद्य सुरक्षा चिन्ताओं के लिए स्थाई समाधान पर गौर करेगा।'

लेकिन इसके साथ अनेक शर्तें भी लगाई गई थीं जिनमें खाद्य पदार्थ खरीद, भंडारण, वितरण व सब्सिडी पर डेटा देना शामिल है। इनमें यह भी शामिल था कि सब्सिडी 'व्यापार विकृति' वाली नहीं होंगी। इसके साथ ही 2013 के बाद क्रियान्वित कार्यक्रम 'शांति प्राविधान' के अंतर्गत नहीं आते हैं। दिसंबर, 2014 में डब्लूटीओ-जीसी ने उपयुक्त निर्णय में परिवर्तन कर कहा कि 'शांति प्राविधान का विस्तार स्थाई समाधान निकलने तक जारी रहेगा।' भारत ने इस परिवर्तन से सहमति प्रकट की। एक दशक बाद भी भारत अभी समाधान की राह देख रहा है। एसएसएम में भी सदस्य देशों को आयात या मूल्य में कमी की स्थिति में 'निश्चित सीमा' से अधिक टैरिफबढ़ाने की अनुमति नहीं है।

2015 में नैरोबी में एमसी-10 ने कहा था कि विकासशील देशों को हांगकांग मंत्रिस्तरीय घोषणा के अनुसार एसएसएम का अधिकार है। लेकिन दो दशक बाद भी एसएसएम की व्यवस्था नहीं बनी है। विकसित देशों ने 'काटन सब्सिडी' भी नहीं छोड़ी है। कुल मिला कर कहें तो डब्लूटीओ में जारी वार्ताओं के बावजूद बहुसंख्य विकासशील देश लक्षित लाभ नहीं प्राप्त कर सके हैं।

इन वार्ताओं में भारत लगभग 80 देशों का नेतृत्व कर रहा है क्योंकि जी 33 में भारत के साथ अफ्रीका, कैरीबियन व प्रशांत देश शामिल हैं। इस स्थिति में विकसित देशों की जिद तथा डब्लूटीओ में उनके प्रभुत्व को देखते हुए एमसी 14 से भी ज्यादा उम्मीद नहीं है।

# कार्यस्थल पर निगरानी व्यवस्था

> “रिमोट और हाइब्रिड कार्य के उदय ने व्यवसायों के संचालन, प्रबंधन और अपने कर्मचारियों की निगरानी करने के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।”

शाईनी शर्मा
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



आधुनिक कार्यस्थल में, रिमोट और हाइब्रिड कार्य के उदय ने व्यवसायों के संचालन, प्रबंधन और अपने कर्मचारियों की निगरानी करने के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सबसे विवादास्पद विकासों में टैटलवेयर या ब्रासवेयर का बढ़ता उपयोग है, जो सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन के सामान्य उपनाम हैं जो काम के घंटों के दौरान कर्मचारियों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

सामान्यीकृत रिमोट वर्क के आगमन के साथ, कर्मचारियों की नियोक्ता निगरानी में तेजी आई है। आज, ऐसे उपकरण कीस्ट्रोक्स, माउस मूवमेंट, स्क्रीनशॉट और यहां तक कि किसी कर्मचारी के डिवाइस से वीडियो या ऑडियो फीड सहित डेटा की एक विस्तृत श्रृंखला को ट्रैक कर सकते हैं। इतना ही नहीं, बल्कि बहुत उन्नत सिस्टम पैटर्न का विश्लेषण करने, अनुत्पादक व्यवहार को चिह्नित करने या संभावित सुरक्षा उल्लंघनों का पता लगाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी कर सकते हैं। नियोक्ता दावा करते हैं कि ये उपकरण काम की आदतों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं, संवेदनशील डेटा की सुरक्षा करते हैं और समग्र दक्षता में सुधार करते हैं। यह व्यवसायों को उत्पादकता मीट्रिक को ट्रैक करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कर्मचारी समय सीमा को पूरा करते हैं और कुशलता से काम करते हैं, खासकर दूरस्थ सेटअप में जहां भौतिक पर्यवेक्षण अनुपस्थित है।



साथ ही, ऐसे निगरानी उपकरण अनधिकृत गतिविधियों की निगरानी करके डेटा उल्लंघन या बौद्धिक संपदा चोरी को रोकने में मदद करते हैं। इसके अलावा, ये उपकरण काम के घंटों या प्रदर्शन के बारे में विवादों में सबूत प्रदान करते हैं, जिससे कर्मचारी गतिविधि का एक वस्तुनिष्ठ रिकॉर्ड मिलता है। जब पारदर्शी और नैतिक रूप से लागू किया जाता है, तो ये उपकरण जवाबदेही को भी बढ़ावा देते हैं और खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। उपर्युक्त लाभों के बावजूद, टैटलवेयर का उपयोग महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को जन्म देता है जिसमें सबसे आम बात गोपनीयता है। कर्मचारियों का मानना ????है कि गोपनीयता एक मौलिक अधिकार है, और अत्यधिक निगरानी इसका उल्लंघन कर सकती है। हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग 78 प्रतिशत नियोक्ता कर्मचारी के प्रदर्शन या ऑनलाइन गतिविधि को ट्रैक करने के लिए निगरानी सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं। जब कर्मचारियों की लगातार निगरानी की जाती है, तो वे अक्सर अमानवीय महसूस करते हैं, जैसे कि वे अविश्वसनीय हैं या केवल डेटा बिंदुओं तक सीमित हैं, जिसके परिणामस्वरूप नियोक्ता और उनकी टीमों के बीच विश्वास खत्म हो जाता है, जिससे सहयोग और वफादारी को बढ़ावा देना मुश्किल हो जाता है। इसके अतिरिक्त, मनोवैज्ञानिक प्रभाव अक्सर उन्हें तनाव, चिंता और बर्नआउट की ओर ले जाता है। कर्मचारी अधिक काम करने या प्रदर्शनकारी उत्पादकता में संलग्न होने के लिए दबाव महसूस कर सकते हैं - वास्तव में योगदान देने के बजाय व्यस्त दिखने के लिए। समय के साथ, यह रचनात्मकता, नवाचार और समग्र नौकरी की संतुष्टि को नुकसान पहुंचा सकता है।

इतना ही नहीं, बल्कि टैटलर के इस्तेमाल से कानूनी चुनौतियाँ भी सामने आई हैं, जिसमें कंप्यूटर से दूर किए गए काम के लिए अवैतनिक वेतन या निजता में दखलंदाजी के दावे शामिल हैं। कुछ नियोक्ताओं पर अनुचित श्रम प्रथाओं के आरोप लगते हैं, अगर निगरानी संरक्षित गतिविधियों, जैसे कि यूनियन बनाने में हस्तक्षेप करती है? टैटलर द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए, व्यवसायों को कर्मचारियों के अधिकारों के सम्मान के साथ उत्पादकता लक्ष्यों को संतुलित करने का प्रयास करना चाहिए। जैसा कि सही कहा गया है पारदर्शिता सफलता की कुंजी है।

केवल तभी जब कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि उनकी निगरानी की जा रही है, ऐसे टैटलर के उपयोग की आवश्यकताएं या डेटा का उपयोग कैसे किया जाएगा, इससे विश्वास बनाने और साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

जैसे-जैसे व्यवसाय दूरस्थ और हाइब्रिड कार्य की जटिलताओं को नेविगेट करते हैं, उन्हें कार्यस्थल की निगरानी के लिए एक विचारशील और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। केवल पारदर्शिता, निष्पक्षता और व्यक्तिगत अधिकारों के सम्मान को प्राथमिकता देकर, कंपनियां और व्यावसायिक संगठन ऐसा वातावरण बना सकते हैं जो उत्पादकता और मानवीय गरिमा दोनों को महत्व देता है।

## आप की बात

### महाराष्ट्र में नयी सरकार

**देवेंद्र** फडणवीस की सरकार और शिवसेना राकंपा के साथ गठबंधन का सामंजस्य करने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गठबंधन को प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कई उपाय करने होंगे। सर्वप्रथम, सरकार को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगा। इससे जनता को यह विश्वास होगा कि सरकार उनके हितों के लिए काम कर रही है। दूसरा, सरकार को अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना होगा। इससे सरकार को अपने कार्यक्रमों को लागू करने में मदद मिलेगी और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। तीसरा, सरकार को अपने कार्यक्रमों को लागू करने के लिए एक समयबद्ध योजना बनानी होगी। इससे सरकार को अपने कार्यक्रमों को पूरा करने में मदद मिलेगी और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। चौथा, सरकार को अपने कार्यक्रमों को लागू करने के लिए एक प्रभावी मॉनिटरिंग प्रणाली स्थापित करनी होगी। इससे सरकार को अपने कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी करने में मदद मिलेगी और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। सरकार को अपने कार्यक्रमों को लागू करने के लिए एक प्रभावी संचार प्रणाली स्थापित करनी होगी। इससे सरकार को अपने कार्यक्रमों के बारे में जनता को सूचित करने में मदद मिलेगी।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### हिन्दुओं की शरणस्थली

**अब** तो विश्वास करलो सोए हुए हिन्दुओं! कि विश्व के 200 देशों में से भारत के अतिरिक्त तुम्हारा कोई शरणस्थल नहीं।और यदि है तो केवल दक्षिण में हिन्दमहासागर बचा है। क्योंकि गांधी - नेहरू ने सत्ता के मोह में जिस पाकिस्तान का निर्माण किया था तब लगा था कि एक नये और स्थाई शत्रु को हमने अपनी आस्तीन में पाल लिया। किन्तु 1971 में इन्दिरा गांधी ने एक और नये शत्रु का उपहार देश को दे दिया। क्योंकि बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह। बांग्लादेश पाकिस्तान से भी दो कदम आगे निकल गया, हिन्दुओं पर अत्याचार करने में। अब वो सेक्युलर जमात जिसका नेतृत्व कांग्रेस और वामपंथी करते हैं, क्या कहेगी ? जो यह कहते नहीं अघाते थे कि इन्दिरा ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके उसे कमज़ोर कर दिया। कमज़ोर नहीं बल्कि एक के स्थान पर दो शत्रु बना दिये।देख लो सेल्यूलरों और गंगा - जमुनी तहज़ीब के झण्डाबरदारों नागों को दूध पिलाने का परिणाम।जिनको पाकिस्तान के खूनी चंगुल से मुक्त कराने को भारत के 3500 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उसी के लिए आज भारत और हिन्दू सबसे बड़े शत्रु बन गये। कहां हैं भाई- चारे की दुहाई देने वाले? जरा वो चटगांव और ढाका में जाकर अपने भाई -चारे और गंगा - जमुनी तहज़ीब की लाश को देख लें और फिर देश के हिन्दुओं की आंख में आंख डालकर सीख दें भाई- चारे की।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### बीमारियों की चुनौती

**देश** में स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों के नफा-नुकसान सामने है। स्वास्थ्य के लिए अनुकूल परिस्थितियों के अभाव में तपेदिक (टीबी) एक बड़ी चुनौती बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) ने 2040 तक भारत में 6.2 करोड़ नए टीबी मामलों आने और उनमें 80 लाख मौतों की आशंका जाहिर की है। यह जीडीपी के लिए भी 146 अरब डॉलर तक नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित होना तय है। इसके विपरीत मलेरिया से काफी हद तक जंग जीतनें को अग्रसर है।कुछ सालों पूर्व दक्षिण-पूर्व एशिया के 8 मलेरिया-प्रभावित देशों के आधे मामले भारत में थे, लेकिन मलेरिया उन्मूलन अभियान से बड़ी सफलता मिली है। डबल्यूएचओ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2023 के बीच भारत में मलेरिया के मामलों में 69 प्रतिशत और मौतों में 68त्न की कमी आई। 2017 में जहां मलेरिया के 64 लाख मामले थे, 2023 में 20 लाख रह गए। इससे मौतें भी 11,110 से घटकर 3,500 रह गईं। बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता के कारण मलेरिया का जोखिम प्रति 1,000 की आबादी पर 20 से घटकर 1.5 रह गया, जो 93 प्रतिशत की कमी दर्शाता है लेकिन अब भी मलेरिया के खिलाफ निर्णायक लड़ाई बाकी बची है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### नक्सलवाद की चुनौती

**नक्सलवाद**, जो विशेष रूप से भारतीय ग्रामीण इलाकों में फैला हुआ है, लंबे समय से देखने में आया है कि हमारे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह एक अत्यंत हिंसक आंदोलन है, जो समाज के पिछड़े और शोषित वर्गों के नाम पर उत्पन्न हुआ, लेकिन आज यह व्यापक रूप से असामाजिक तत्वों द्वारा समर्थित और राजनीतिक एजेंडे के तहत चलाया जाता है। नक्सलियों के आंदोलनों का मूल उद्देश्य सत्ता की स्थापना और शोषण के खिलाफ संघर्ष है। हालांकि, समय के साथ यह आंदोलन हिंसा, आतंकवाद और समाज में असंतुलन का कारण बन चुका है। गृह मंत्री ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण की अपील सही ही की है क्योंकि नक्सलवाद के प्रभाव में अनेक गांव और आदिवासी क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जहां लोग इस विचारधारा को अपनाते हैं, लेकिन इसका परिणाम केवल हिंसा और अशांति के रूप में सामने आता है। नक्सलियों पर लगातार दबाव बना कर केंद्र सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में अग्रसर है।

– **भगवानदास छारिया**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# गुरु घासीदास बाबा जी की 268 वीं जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

महान संत शिरोमणि परम् पूज्य आध्यात्मिक गुरु घासीदास बाबा जी की 268 वी वर्ष गुरु पर्व जयंती 18 दिसंबर की उपलक्ष्य में भव्य सतनाम शोभायात्रा का पूरे नगर में प्रभात फेरी के अनुरूप निकाला गया जिसमें प्रमुख रूप से सतनाम शोभायात्रा का संचालन सतनामी समाज के हिम्मत देशलहरे,युगेश्वर पटेला, विनोद बंजारे, अनिल पटेला, पुनीत पटेला गोपी सुल्तान, फुलसनु कुर्रे, संजय डहरिया, छगन जांगडे, रोहन भारती, टीका राम, मिथुन, हीरा सिंह डहरिया, अक्षय डहरिया, जितेन्द्र जोशी, अजय सुल्तान, संचालन कर्ता अश्वनी देशलहरे के साथ समस्त सतनामी संत समाज के अगुवाई में भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली गई। समाज की ओर से सभी नगरवासियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति मंदिर प्रांगण पर किया गया।






## भीषण सड़क दुर्घटना के बाद मंगलवार को एक्सपर्ट व पुलिस विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडी थाना के ग्राम गोटुल मुंडा (चोहरा पड़ाव) के पास भीषण सड़क दुर्घटना के बाद मंगलवार को एक्सपर्ट व पुलिस विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। संजय शर्मा सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात, संयुक्त परिवहन आयुक्त, अध्यक्ष अंतरविभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के नेतृत्व में संयुक्त टीम एनएचआई, लोक निर्माण विभाग, पुलिस, परिवहन ने निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य दुर्घटना के वास्तविक कारणों को जानने एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने पहल करना है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान दुर्घटनास्थल में कई अभियांत्रिक खामी पाई है। चोहरापड़ाव दुर्घटनास्थल में ट्रैफिक कमिंग उपाय सेंटर लाइन, एज लाइन अच्छी तरह से दिखाई नहीं देने से नया मार्किंग करने, रिफ्लेक्टिव स्टेट्स लगवाने, घटनास्थल के आसपास दुर्घटना जन्य क्षेत्र कृपया धीरे चले का संकेतक बोर्ड लगाने, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से रिफ्लेक्टिव रंबल स्ट्रीप लगाने एवं रोड सोल्डर 4 इंच नीचे दब जाने से सोल्डर के सुधार करने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए। दुर्घटना का वास्तविक कारण प्रथम दृष्टया वाहन चालक के तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक करने से वाहन पर नियंत्रण न रख पाने से दुर्घटना हुई है। दुर्घटना का वास्तविक कारण प्रथम दृष्टया वाहन चालक के तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक करने से वाहन पर नियंत्रण न रख पाने से दुर्घटना हुई है। पुलिस एवं परिवहन विभाग को शराब सेवन, ओवरस्पीड चलाने वालों एवं मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक यात्री परिवहन करने वाले चालकों पर कार्रवाई करने निर्देश दिए गए। संयुक्त टीम के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग/लोक निर्माण विभाग विभाग से अजय नाथ एसडीओ बालोद, चंद्रशेखर पटेल सब इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, वसीम सेख सब इंजीनियर लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रकाश रावटे जिला परिवहन अधिकारी बालोद, राकेश ठाकुर प्रभारी यातायात बालोद, टिकेश्वर देशमुख डिस्ट्रिक रोल आउट मैनेजर, थाना डौंडी स्टॉफसहायक उपनिरिक्षक डीएल रावटे, प्रधान आरक्षक विष्णु तारम यातायात बालोद एवं परिवहन विभाग से स्टाफउपस्थित रहे।



## 1 लाख से अधिक आहुतियों से नमः नमः गूंज उठा रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस कुम्हारी का प्रांगण



पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

अनंत विभूषित रवि शंकर जी महाराज द्वारा रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस कुम्हारी के प्रांगण में विश्व कल्याण एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ हेतु माँ राजराजेश्वरी के 1000 नामों के जाप के साथ पूर्णिमा के अवसर पर 15 दिसम्बर को माँ राजराजेश्वरी लक्ष्यार्चन में 1 लाख से अधिक आहुतियां दी गयी। रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के सानिध्य में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने भी अपनी आहुति पूर्णिमा के अवसर पर माँ राजराजेश्वरी को अर्पित किया। परम् श्रद्धेय महाराज के सान्निध्य में आयोजित लक्ष्यार्चन से चँहु दिशा 'नमः नमः 'जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में सभी व्यक्तियों की उन्नति एवं राज्य कल्याण था श्रद्धालुओं ने उक्त आयोजन में उपस्थित होकर आध्यात्मिकता का अनुभव किया। लक्ष्यार्चन के भव्य आयोजन एवं साजसज्जा ने एक अनूठा अनुभव प्रदान किया। आयोजन में उपस्थित विशाल जन समुदाय द्वारा अनुष्ठान में भाग लेकर अपने आप को इस अनुभूति की स्मृति को संजोया। प्रशासन द्वारा लक्ष्यार्चन हेतु निःशुल्क व्यवस्था की जिसमे मौसमी फ्ल, फूल तथा मेवा एवं सिन्दूर इत्यादि प्रदान किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य राज्य से आए श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई साथ ही माँ की आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे में प्रसाद की व्यवस्था की गई। माँ राजराजेश्वरी लक्ष्यार्चन से रवि शंकर जी महाराज के सान्निध्य से प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक एवं अध्यात्मिक रूप से उन्नति का लक्ष्य निश्चित ही प्राप्त होगा।

## स्व.बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में हुआ वार्षिकोत्सव समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



स्व.बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में दिनांक 17/ 12 /2024 को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को निखारने हेतु महाविद्यालय परिवार द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की पूजा व दीप प्रज्वलन से किया गया।तत्पश्चात राजकीय गीत व अतिथियों का उद्बोधन हुआ जिसमें सर्वप्रथम सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए कोशिश करते रहना चाहिए। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुर्ग ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें और बधाई देते हुए प्रेरणादायक संदेश के साथ विद्यार्थियों से वर्षभर के कार्यों का विश्लेषण करने के लिए बहुमूल्य प्रेरक वाक्य कहा ताकि वे स्वयं का मूल्यांकन कर सफ्लता के शिखर पर स्थापित हो सकें। साथ ही कहा कि पुरस्कार पाने का मतलब केवल महाविद्यालय स्तर पर नहीं होता बल्कि घर, परिवार, गुरुजन की सेवा करना भी अपने आप में पुरस्कार है। इसके साथ-साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं को पांच संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जिसमें तनाव मुक्त जीवन, अच्छी संगत, पुस्तक पढ़ने की आदत, मोबाइल से दूरी जिससे समय की बर्बादी न हो एवं अपने अभिभावक को धन्यवाद देने के लिए कहा।क्योंकि हमारे लिए दुनिया में सबसे अधिक संघर्ष वही करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश पांडे क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा, दुर्ग संभाग ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को शेक्सपियर के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बतलाया कि अभाव में भी व्यक्ति प्रसन्न रह सकता है और सफल वही है जिनके रहने से आसपास के लोग प्रसन्न रहें। उन्होंने कहा कि हमें रास्ता कोई भी दिखा सकते हैं लेकिन लक्ष्य का निर्धारण स्वयं को ही करना पड़ता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने महाविद्यालय परिवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्साहजनक और प्रेरणादायी प्रतिस्पर्धा से सशक्त बनाने के प्रशंसनीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बधाई प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि कुम्हारी मेरी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि दोनों है। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी हमेशा महाविद्यालय परिवार के साथ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने कहा कि छात्र जीवन में हमेशा ऊर्जा, उत्साह एवं उद्देश्य होना चाहिए जो हमें आगे बढ़ने में हमारी सहायता करता है। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के प्रतिभागियों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ मौसमी राय चौधरी, संचालन डॉ.अमृता पाठक एवं आभार प्रकट मुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर समस्त सहायक प्राध्यापक, कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं व उनके पालक, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकजन उपस्थित थे।

## मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक का त्रिवार्षिक अधिवेशन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा दल्लीराजहरा का त्रिवार्षिक अधिवेशन मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक कार्यालय पंडित द्रविड़ भवन दल्लीराजहरा में विधिवत सम्पन्न हुआ। जिसमे तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र तिवारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी तेजेंद्र प्रसाद एवं मोहम्मद कलाम थे। 9 दिसम्बर को अधिसूचना जारी कर निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई 10दिसम्बर को विभागवार मतदाता सूची का प्रकाशन, 11 दिसंबर को दावा आपत्ति एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर विभागीय प्रतिनिधि हेतु नामांकन पत्रक का वितरण नामांकन दाखिला एवं जमा किए नामांकन प्रपत्रों की जाँच उपरांत सूची का प्रकाशन 13 दिसंबर विभागीय प्रतिनिधि पद के उम्मीदवारों की सूची के संबंध में दावा आपत्ति एवं निराकरण विभागीय प्रतिनिधि पद से नामांकन वापसी एवं अंतिम सूची का प्रकाशन तथा विभागवार मतदान के कार्यक्रम की घोषणा 14 15 16 दिसंबर विभागीय प्रतिनिधियो के निर्वाचन हेतु मतदान एवं मतदान पश्चात् मतगणना निर्वाचित विभागीय प्रतिनिधियों के नाम की सूची का प्रकाशन 17 दिसम्बर शाखा कार्यसमिति के पदाधिकारीयों के निर्वाचन हेतु मतदान मतगणना एवं निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा तथा 18 दिसम्बर शाखा कार्यसमिति द्वारा केन्द्रीय प्रतिनिधि के सदस्यों का निर्वाचन होगा। बहुत ही हर्ष का विषय है कि सभी पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया निर्विरोध सम्पन्न हुआ।अध्यक्ष तिलकराम मानकर, सचिव भूपेन्द्र कुमार दिल्लीवार निर्वाचित हुए। निर्वाचन पश्चात् कार्यक्रम को प्रदेश इंटक के महासचिव मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, दल्लीराजहरा नगरपालिका अध्यक्ष शीबूनायर, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव रतिराम कोसमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा अध्यक्ष अशोक बामेश्वर, तहसील साहू समाज अध्यक्ष युवराज साहू नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशीराम निषाद, जोगेंद्र ठाकुर उन्नीकृष्णन, चूड़ामणि साहू, लखनबख्शी, दिनेशकांत, राजू विनायक ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष तिलकराम मानकर ने कहा मजदूरों के हक की लड़ाई के लिए तैयार हैं सचिव भूपेन्द्र कुमार दिल्लीवार ने कहा मजदूरों के हर सुख दुख में साथ रहेंगे। इस अवसर पर यूनियन के सदस्य गण गौतमवर्मा, संजय रावत, प्रदीप टेमरे, रसियाराम लहरें ,प्रवीण शर्मा, नितिन कुमार, सुशील ताम्रकार मरई गोयल, छविकांत मदन ठाकुर थानेश्वर यदु लक्ष्मण शर्मा लखन मंडावी योगराज ठाकुर सहित सदस्य गण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



### शिवम् को सम्मानित किया गया

**बेमेतरा।** कृषि उपज मंडी में पंच कुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत् कथा के दौरान् सपाद लाक्षेश्वर धाम सलधा के ब्रह्मचारी दंडी स्वामी श्रीमज्य् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज से जनसेवक भाजपा नेता जनसेवक शिवम् तिवारी सम्मानित हुए

## डॉ. रमन सिंह ने किया विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन का पोस्टर विमोचन




पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने युवाओ को खेल प्रति जागरूक करने बालिकाओं को आत्मरक्षक का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन का स्थापना किया गया है जो सेक्शन 8 कम्पनी पंजीकृत एक एनजीओ है। जिसका पोस्टर विमोचन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के कर कमलों से किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने संस्था के सदस्यों को बधाई देते हुए समाज हित में बेहतरीन कार्य करने के लिए आशीर्वाद दिया। विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन के संचालक अमन यादव, लखन साहू तथा अनिल वर्मा ने बताया यहाँ मार्शल आर्ट्स फेडरेशन का निर्माण करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी कोच संगठित होकर प्रदेश में मजबूत खेल का वातावरण बनाना प्रदेश के बालिकाओ को आत्मरक्षक का प्रशिक्षण देकर साहसी बनाना युवाओं को नशे के लिप्त से दूर कर खेल के प्रति जागरूक करना। प्रदेश के वनांचल क्षेत्र आदिवासी वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच तक पहुँचाने के उद्देश्य से विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन पूरे प्रदेश में कार्य करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के संचालक लखन साहू ,अमन यादव , अनिल वर्मा तथा समाजसेवी अजय अग्रवाल जी उपस्थित थे।

## बाबा गुरु घासीदास जयंती में बेमेतरा व कुसमी में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने मोहभट्ठा रोड बेमेतरा के जोडा जैतखाम मे व नगर पंचायत कुसमी में बाबा घासीदास जयंती में शामिल हुए साथ ही सिग्नल चौक बेमेतरा में युवा जागृति सतनामी समाज द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण में शामिल हुए तथा कहा कि छत्तीसगढ़ सतनामी समुदाय के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास जयंती अत्यंत महत्वपूर्ण है. गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना 'सतनाम' के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ है सत्य और समानता. वे एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे जिन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई गुरु घासीदास ने सत्य का प्रतीक जय स्तंभ की रचना की एक सफेद रंग का लकड़ी का लट्ठा, जिसके शीर्ष पर एक सफेद झंडा होता है, जो सत्य के मार्ग पर चलने वाले श्वेत व्यक्ति का प्रतीक है. 'सतनाम' सदैव स्थिर रहता है और सत्य का स्तंभ (सत्य स्तंभ) माना जाता है तथा मनखे मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के बताऐ रास्ते आज सम्पूर्ण मानव समाज के लिए पथप्रदर्शक है बाबा की जयंती पर उन्हें कोटि कोटी प्रणाम इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ राजेश नौरंगे शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रीना मिथिलेश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा अजय राज सेन चंद्र प्रकाश शीतलानी रेवेंद्र देवांगन हितेंद्र मिश्रा संतोष साहू धनुष बारले रमाकांत साहू नवकुमार जांगड़े मोहन दास जांगड़े पुन दास बंजारे गुलाप दास बंजारे मुकेश सेवक सुशील कुमार सोनवानी लीलाराम सोनवानी यशवंत मंडल सुदेराम साहू उमाशंकर साहू राजकुमार राधे देवांगन डॉक्टर सुदे राम साहू नवीन साहू प्रहलाद दिवाकर मोहन भारती मानसिंह कोसले सहित ग्रामवासी एवं पंथी पार्टी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर कलश यात्रा से हुआ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा ने ग्राम कुसमी में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन शिविर प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में बहने कलश लेकर और भाई बैंड बाजा के साथ ईश्वरीय झंडा लेकर सम्पूर्ण कुसमी ग्राम में कलश यात्रा निकालकर राजयोग मेडिटेशन शिविर के लिए ईश्वरीय निमंत्रण दिया। राजयोग अनुभूति शिविर का समय संध्या 4:30 से 5:30 बजे पुराना बाजार चौक हनुमान मंदिर कुसमी में रखा गया है, भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित हो रहे हैं। प्रथम दिवस के सत्र में बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी जी ने स्वयं की पहचान, दिव्य अनुभूति कराते हुए आत्मा का ज्ञान दिया और कहा कि सातों दिन ईश्वरीय ज्ञान की कड़ी आपस में जुड़ी हुई हैं यदि हम लगातार ईश्वरीय ज्ञान का श्रवण कर राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं तो जीवन जीने की कला, विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है। आत्मा शाश्वत, चेतना, आध्यात्मिक प्रकाश, मौलिक वास्तविकता, स्वयं, शाश्वत आत्मा है। इसलिए 'मैं' शब्द आत्मा के लिए है, शरीर के लिए नहीं। शारीरिक उपस्थिति से परे, आत्मा प्रकाश का एक छोटा सा बिंदु है। यह प्रकाश आत्मा के गुण वा शक्तियो का एक प्रतीक है द्य आत्मा मन और बुद्धि के संकाय के माध्यम से सोच सकती है और निर्णय ले सकती है द्य हम इस भौतिक शरीर के माध्यम से जीवन जीते हैं और हमारे साथ होने वाली हर चीज हमारे कर्म (पिछ्ले कार्यों / कर्मों) का परिणाम है। मानव जीवन अमूल्य है। हम अपने भविष्य को अपने फैसलों और कर्मों द्वारा आकार दे सकते हैं। हमारे पास सही और गलत मे अंतर करने के लिए बुद्धि है। सबसे प्यारे भगवान कहते है, ''स्वयं को आत्मा पहचानो।'' इसके बिना, सबकुछ बेकार है और आत्म-प्राप्ति के साथ, सबकुछ प्राप्त हो गया है। अपने सारे दिन की बातचीत में मनुष्य प्रतिदिन न जाने कितनी बार ' मैं ' शब्द का प्रयोग करता है 7 परन्तु यह एक आश्चर्य की बात है कि प्रतिदिन ' मैं ' और ' मेरा ' शब्द का अनेकानेक बार प्रयोग करने पर भी मनुष्य यथार्थ रूप में यह नहीं जानता कि ' मैं ' कहने वाले सत्ता का स्वरूप क्या है, अर्थात ' मैं' शब्द जिस वस्तु का सूचक है, वह क्या है ? आज मनुष्य ने साइंस द्वारा बड़ी-बड़ी शक्तिशाली चीजें तो बना डाली है, उसने संसार की अनेक पहेलियों का उत्तर भी जान लिया है और वह अन्य अनेक जटिल समस्याओं का हल ढूंढ निकलने में खूब लगा हुआ है, परन्तु ' मैं ' कहने वाला कौन है, इसके बारे में वह सत्यता को नहीं जानता अर्थात वह स्वयं को नहीं पहचानता।

## एसपी रामकृष्ण साहू ने रक्षित केन्द्र पुलिस कालोनी परिसर का भ्रमण कर लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने रक्षित केन्द्र बेमेतरा पुलिस कालोनी परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया। भ्रमण के दौरान उन्होने पुलिस कालोनी परिसर को घेरा करने, परिसर में खाली उपयुक्त जगहों में गार्डनिंग एवं फ्लदार, छायादार व फुलदार पौधों का रोपण कर प्रकृति संरक्षण जैसे पुनित कर्तव्यों का निर्वहन करने, कालोनी परिसर का साफसफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। तथा रक्षित केन्द्र बेमेतरा पुलिस कालोनी परिसर में स्थित मंदिर में स्थापित हनुमान मंदिर में पहुँच पूजा अर्चना कर पुलिस परिवार एवं बेमेतरा की जनमानस की शांति एवं सुख समृद्धि की कामना कर हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, निरीक्षक गजराज सिंह ठाकुर, सउनि (अ) महेन्द्र भुआर्य, सउनि उदलराम टांडेकर, आरक्षक अंश प्रताप सिंह, बसंत यादव, पाचीलाल साहू सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकरी/कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

# संस्कार पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ तरंग वार्षिक उत्सव 2024

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



संस्कार पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव संस्कार तरंग संपन्न हुआ, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में 15 दिसंबर को पंचम वार्षिकोत्सव तरंग बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेर दी। मुख्य अतिथि सुषमा दादू जयसवाल अध्यक्षा नगर पालिका परिषद सक्ति, श्यामसुंदर अग्रवाल भूतपूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सक्ति, राकेश अग्रवाल ए.बी.ई.ओ सक्ती, द्वारिका नाथ स्वर्णकार अध्यक्ष संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति, त्रिलोकचंद दादु जयसवाल सक्ती, कल्पना सिंह (प्राचार्या) डी.पी.एस चांपा, प्रतिमा स्वर्णकार शैक्षणिक निर्देशिका एस.पी.एस सक्ती, प्रकाश चंद अग्रवाल चेयरमैन एस.पी.एस सक्ती, रामकृष्ण पांडा प्राचार्य सर्वोदय पब्लिक स्कूल चंद्रपुर एवम अन्य गणमान्य कार्यक्रम में उपस्थित थे। पारंपरिक दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और मंचस्थ अतिथियों के स्वागत के साथ ही कार्यक्रम का आगाज़ हुआ ।समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ और बैज लगाकर स्वागत किया गया तो साथ ही मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को विशेष रूप से संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक व छात्र उपस्थित रहे, राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का मंच पर गायन किया गया। डॉ. हरेंद्रपाल सिंह चौहान प्राचार्य संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शैक्षणिक एवं सह पाठ्यचर्या गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय की शैक्षणिक निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता और मानवीय विकास के साथ संस्कार की सीख देना हमारी मुख्य प्राथमिकता है,मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शों तथा समसामयिक विषयों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम और सह पाठ्यक्रमी उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दिया और बच्चों के नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता - पिता और शिक्षकों की भूमिका को निर्दिष्ट किया । मुख्य अतिथि के द्वारा सत्र 2023 - 24 के कक्षा टॉपर्स और सर्वोच्च उपस्थिति पुरस्कार विद्यालय के मेधावी छात्रों को प्रदान किया गया। सत्र 2023 - 24 के लिए सर्वोच्च उपस्थिति का पुरस्कार जहां अविनाश राठौर, रोशन साहु और नीरज साहू को प्रदान किया गया तो वहीं इसी सत्र के लिए प्रथम रैंक धारक का पुरस्कार क्रमशः सिद्धार्थ सोनी, श्रेजल चंद्रा, आयुष अग्रवाल, तनमय बरेठ, खुशहाल कसेर, अनंत स्वर्णकार, साक्षी बरेठ, मुस्कान साहु, आएशा राठौर, अंकुर खुंटे, खुशबु कर्ष और रोमा देवांगन को प्रदान किया गया। इसी क्रम में विद्यालयी प्रतियोगिता के संचालन के लिए निर्मित सदनों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए भी पुरस्कार से नवाजा गया जिसमें कपिल हाउस को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विजेता और मिल्खा हाउस को उप विजेता के पुरस्कार प्रदान किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुरुआत में किंडर जॉय फन पर आधारित नन्हें बच्चों ने प्रस्तुति दी तो वहीं भांगड़ा, गरबा, स्वागत नृत्य, मैजिकल बॉन्ड, इवनिंग ग्लोरी, स्किट अनोखी कहानी, अनेकता में एकता, क्रिसमस नृत्य, बारहमासी त्योहार, शिव तांडव, देशी ताल और हॉरर डांस पर आधारित गीत और नृत्य दर्शको के मनोरंजन और आकर्षण के केन्द्र बने हुए थे। मंच संचालन का कार्य शिक्षक कोमल कुमार पटेल, शिक्षिका नियति वैष्णव, प्रीति देवांगन और यास्मीन अंसारी के द्वारा क्रमशः किया गया तो वहीं दूसरी ओर,छात्रों में क्रमशः उन्नति अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, शुभम साहु और इतिश्री यादव ने संचालन के कमान को अपने हाथों में लिया था। संस्था के प्रधानाध्यापिका रूपल उपाध्याय के द्वारा अभिभावकों और अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया, इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों और अधिकारियों का विशेष सहयोग और समर्पण रहा। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।

# अवैध गांजा के साथ 4 व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाए

## थाना जयनगर पुलिस की कार्यवाही, 3 लाख कीमत के 12 किलो गांजा सहित 2 मोटर सायकल जप्त

पायनियर संवाददाता सूरजपुर
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के कड़े निर्देश के बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की लगातार धरपकड़ का अभियान जारी है। एनएच पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना जयनगर पुलिस ने 2 मोटर सायकल सहित 4 लोगों से 3 लाख रूपये कीमत के 12 किलो गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की है। दिनांक 17/12/2024 को थाना जयनगर पुलिस थाना के सामने एनएच पर वाहनों की चेकिंग में लगी हुई थी इस दौरान दो मोटर सायकल में वाहन चालक एवं सवार व्यक्तियों की चेकिंग कार्यवाही के दौरान रोककर पूछताछ करने पर उनकी गतिविधियां संदिग्ध होने पर दोनों मोटर सायकल चालक व बैठे व्यक्ति की विधिवत् तलाशी ली गई। एक मोटर सायकल में झोला पकड़े व्यक्ति महेन्द्र सिंह व बैग पकड़े व्यक्ति रामायण जायसवाल दोनों के कब्जे से 6 किलो गांजा तथा दूसरे मोटर सायकल में मंजेश जायसवाल व पीछे बैठे व्यक्ति महेन्द्र जायसवाल दोनों के कब्जे से 6 किलो गांजा कुल 12 किलो मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 3 लाख रूपये है। मामले में अवैध गांजा व परिवहन में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जप्त कर धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर नरेन्द्र सिंह, एएसआई रघुवंश सिंह, विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेन्द्रर सिंह, मुकेश्वर वर्मा, आरक्षक विकास मिश्रा, सोनू सिंह, राजीव गवेल, अविनाश कुजूर, भुनेश्वर सिंह, मिलन सिंह, सुरेश तिवारी व नीरज सिंह सक्रिय रहे। गिरफ्तार आरोपीः (1) महेन्द्र सिंह पिता ज्वाहिर सिंह उम्र 28 वर्ष (2) मंजेश जायसवाल पिता रामसुभग जायसवाल उम्र 28 वर्ष (3) रामायण जायसवाल पिता रामरतन जायसवाल उम्र 20 वर्ष (4) महेन्द्र जायसवाल पिता स्व. रामकृपाल जायसवाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम अवन्तिकापुर, थाना चांदनी जिला सूरजपुर (छ.ग.)।

# सक्ती जिले में सरकारी-प्राइवेट स्कूलों का 19 दिसंबर से बदल जाएगा टाइमिंग

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



वर्तमान में पड़ रही भारी ठंड शीत लहर को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर शक्ति जिले में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा ने एक आदेश जारी कर शाला संचालन की परिवर्तित समय सारणी जारी कर दी है, तथा उपरोक्त आदेश का पालन करने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) के आदेश पत्र क्रमांक /विविध/ 2024-25/4201सक्ती दिनांक 17/12/2017 के अनुसार सक्ति जिले में पड़ रही अत्यधिक ठण्ड/शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये जिले में संचालित समस्त शासकीय/अनुदानप्राप्त/अशासकीय/ मदरसा एवं सीबीएससी बोर्ड से संचालित विद्यालयों के शालेय समय में 19 दिसम्बर 2024 से 18 जनवरी 2025 तक के लिये निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है,दो पाली में संचालित शालाऐं- प्रथम पाली सुबह 08.00 से 12.00 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12.15 से 4.30 तक,एक पाली में संचालित शालाएँ -शनिवार को शाला संचालन :-पूर्ववत सुबह 10.00 से शाम 4.00 बजे तक, दो पाली की शालाएँ प्रथम पाली की कक्षा द्वितीय पाली में, द्वितीय पाली की कक्षा प्रथम पाली में पाली परिवर्तन के साथ,एक पाली की शालाएँ-सुबह 08.00 से 12.00 बजे तक होंगी एवम परीक्षा यथावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार सम्पन्न होंगें। तथा उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा, कलेक्टर महोदय से अनुमोदित करवा जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती द्वारा जारी किया गया है।

# दिगंबर जैन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण मीनू जैन, डिम्पल चुने गए मंत्री, विवेक पाटनी बने कोषाध्यक्ष



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में रहने वाले दिगंबर जैन समाज ने सर्वसम्मति से समाज के नए पदाधिकारियों का चयन किया है. इस संबंध में समाज से मिली जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष- प्रवीण मीनू काला, उपाध्यक्ष-बिट्टू काला, मंत्री-दिलीप डिम्पल बड़जात्या, सहमंत्री-संजय गंगवाल और कोषाध्यक्ष- विवेक सोनू पाटनी को चुना गया है. पदाधिकारियों ने कहा, समाज ने जो जिम्मेदारियां हमें दी है हम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ उसका पालन करेंगे और उनकी उम्मीदों में खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## अनस चुने गए एसआईओ छत्तीसगढ़ के नए प्रदेश अध्यक्ष

**भिलाई।** भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया (एसआईओ) की छत्तीसगढ़ जोनल एडवाइजरी काउंसिल की चुनावी बैठक राजधानी रायपुर में हुई। जिसमें अनस खान को नया अध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव की प्रक्रिया में एडवाइजरी काउंसिल के सदस्यों ने गहन चर्चा के बाद अनस खान को अपना अध्यक्ष निर्वाचित किया। अपने निर्वाचन के बाद काउंसिल के सदस्यों को संबोधित करते हुए अनस खान ने कहा- 'हमे संगठन के विस्तार और हम से जुड़े हुए सभी छात्रों और युवाओं की वैचारिक, बौद्धिक और नैतिक सुधार के काम करने की ज़रूरत है।'

# 21 दिसंबर को बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड-पूरी दुनिया एक साथ श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में करेगी ध्यान

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरा विश्व करेगा एक साथ ध्यान,21 दिसंबर 2024 को श्री श्री रविशंकर संस्थापक द आर्ट ऑफ़ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर द्वारा वर्ल्ड मेडिटेशन डे के रूप में NO से घोषित होने जा रहा है, पूरे विश्व में ज्ञान के प्रचार प्रसार को फैलाने एवं आम दिनचर्या में सभी लोग ध्यान के साथ स्वस्थ जीवन शैली जी सकें इसके लिए विश्व स्तर पर यह ध्यान दिवस होने जा रहा है, जांजगीर चांपा में 21 दिसंबर ध्यान दिवस के दिन सुबह जांजगीर सेंटर में ध्यान कराया जाएगा उसके पश्चात सुबह 9:00 बजे हसदेव स्कूल चांपा में 300 से भी अधिक बच्चों को ध्यान कराया जाएगा, उसके पश्चात ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जांजगीर में 300 से अधिक बच्चों को ध्यान कराया जाएगा, सुबह 11:30 में सरस्वती शिशु मंदिर नैला में 400 बच्चों को ध्यान कराया जाएगा उसके बाद जांजगीर जेल में कैदियों के लिए विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया जा रहा है ,जिसमें तनाव से मुक्ति के लिए एवं नियमित ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनने के लिए जेल में कैदियों के लिए भी ध्यान सत्र आयोजित है एवं समस्त नगर वासियों के लिए अग्रसेन भवन जांजगीर में रात 8:00 बजे से विशेष ध्यान सत्र श्री श्री रविशंकर की आवाज में होने जा रहा है सभी से निवेदन है कि इस विश्व व्यापी ज्ञान यज्ञ का हिस्सा बने एवं अपने लिए कुछ समय जरूर निकले, आर्ट ऑफलिविंग परिवार नैला जांजगीर चांपा ने सभी नागरिक बंधुओ से उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।

# रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लोगों ने



पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अल मदद सोसाइटी के साथ के बाहर से भी सभी लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिसा लिया। सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने बताया कि लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से यह शिविर जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामुदायिक सभागार में सुबह से शाम तक रखा गया था। रक्तदान करने वालों में सुधाकर जीरापुरे, दानिश अली, कौसर खान, मोहम्मद शाहनवाज, तहमीना कुरैशी, अलीमुद्दीन कुरैशी, बिल्किस ताहिरा, मोहम्मद अकबर, साहिल शेख, फहद सिद्दीकी, मोहम्मद सरफराज अंसारी और मोहम्मद फहीमुद्दीन शेख सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस शिविर का पूरा इंतजाम सोसायटी की सचिव कौसर खान ने किया था।

आयोजन में डॉ.अमरीन, नाहिदा खान, सायरा, तहमीना, लीना तज़्मीन, कैसर इकबाल, उपाध्यक्ष शबाना सिद्दीकी, साबरा, दिलशाद, बिलकिस, रुखसाना अली आयशा फरहीन, एस.एन शेख, तलत, शमीम शेख, अलीम, मोहम्मद अकबर और लाइफ केयर ब्लड सेंटर से अशरफ अली, आसिफ खान व फहीम शेख का विशेष योगदान रहा।

# गुरु घासीदास जयंती पर हुआ जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com




सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयन्ती के अवसर पर वन विभाग के ऑक्सन हॉल में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बाबा गुरु घासीदास तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर समाज एवं देश की प्रगति की कामना की। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत एवं नृत्य के माध्यम से सतनाम पन्थ की शिक्षा से सभी को अवगत कराया, इसके साथ ही बच्चों के द्वारा दी गई विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोहा। इस दौरान अस्पृश्यता उन्मूलन के सम्बंध में आयोजित भाषण, निबंध लेखन, रंगोली, पोस्टर जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यस्त्र5म में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बहुत शुभ दिवस है, इस अवसर पर हम सभी सद्भावना दिवस मना रहे हैं। अस्पृश्यता उन्मूलन शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दिवस के मायने बहुत से हैं। उन्होंने कहा कि बाबा ने जो मार्ग लोगों को बताया है, उसे हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर ने पहचाना और उसे आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बाबा का उद्देश्य समाज को जागृत करना, समाज मे समरसता, समानता की भावना लाना था, उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया जिसका अर्थ है, सभी मनुष्य एक है। उन्होंने समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति प्रयास किया।

# एसएसपी सूरजपुर ने शहीद परिवार के सदस्यों को साल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता सूरजपुर
www.dailypioneer.com



सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूरजपुर पुलिस द्वारा जिले के 03 शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को सम्मानित किया है। इस दौरान एसएसपी सूरजपुर ने शहीद परिवार के सदस्यों को साल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में जिले के शहीद परिवार के उषा किण्डो, महिला आरक्षक सरिता कुजूर व नमिता केरकेट्टा को पुलिस अधिकारियों की देखरेख में सम्मान आमंत्रित कर उन्हें साल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एसएसपी सूरजपुर ने शहीद परिवार के सदस्यों को कहा छत्तीसगढ़ शासन, प्रशासन व पुलिस सदैव आपके साथ है। जिला पुलिस परिवार का मुखिया होने के नाते आपकी समस्याओं का निराकरण करने की जिम्मेदारी मेरी है, जब भी कोई समस्या हो तो बेहिचक अपनी समस्या मुझसे साझा करें जिसका यथाशीघ्र तत्काल निराकरण किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने शहीद परिवार के सदस्यों से उनकी समस्याओं को जाना और निराकरण किया।

रेशम केंद्र महुआटोली में जिला स्तरीय कृषक विमर्श कार्यक्रम हुआ सम्पन्न'

# किसानों के लिए रेशम पालन भी आय का उत्तम साधन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों को रेशम पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है विगत दिवस विभाग जशपुर द्वारा सिल्क समग्र योजनान्तर्गत रेशम केंद्र महुआटोली में जिला स्तरीय कृषक विमर्श कार्यक्रम का आयोजन सहायक संचालक रेशम श्याम कुमार के मुख्य आतिथ्य में रखा गया। जिसके अंतर्गत फील्ड विजिट तकनीकी परामर्श, कृषक संवाद, योजना की बिन्दुवार प्रगति आगामी फसल तैयारियों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन करने हेतु फील्ड ऑफिसर रेशम ऋषि कुमार सिंह ने बताया की कृषकों को 1 कि.ग्रा. कोकून उत्पादन के लिए 15 से 20 कि0ग्रा0 मलबरी पत्तियों की आवश्यकता होगी। जिसके लिए उन्हे व्ही 36 जैसी उच्च उपज, प्रोटीन मात्रा युक्त पौध प्रजातियाँ प्रदान की जा रही है। किसानों को बेहतर पौध प्रबंधन एवं संरक्षण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि अधिक लाभांश प्राप्त किया जा सके। साथ ही कृषकों विपरीत परिस्थितियों के लिए किसानों को अपने पौध प्रक्षेत्र के अतिरिक्त नर्सरी तैयार करने को कहा गया। जिसके लिए उन्हे केन्द्र में नर्सरी प्लॉट का भ्रमण कराया गया एवं मूलभूत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही साथ तैयार कृमिपालन भवन तापक्रम प्रबंधन हेतु ्मोमीटर स्थापित करने कहा गया एवं उसके उपयोग चार्ट सारणी प्रदान की गयी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाराष्ट्र (वर्धा) भ्रमण से लौटे किसानों द्वारा वर्धा के किसानों द्वारा अपनायी जा रही तकनीकियों को अन्य किसानों से साझा किया गया एवं प्रश्नोत्तरी श्रृंखला द्वारा किसानों ने अपने सवालों के जवाब प्राप्त कियें।

तत्पश्चात सहायक संचालक रेशम द्वारा हितग्राही कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी एवं बेहतर कार्य कर रहे किसानों को प्रोत्साहित किया गया तथा आगामी फसल तैयारियों हेतु केन्द्राधिकारियों एवं कृषकों को निर्देशित किया गया। किसानों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कार्य एवं उत्पादन करने वाले किसानों को उच्च अधिकारियों द्वारा सम्मानित कराये जाने की बात कही गयी। उल्लेनीय है कि छत्तीसगढ़ में शहतूत पौधरोपण कर शहतूत रेशम उत्पादन करने की अपार संभावनाएं है। देश में इस समय रेशम की बहुत कमी है, ऐसे में उत्पादित रेशम ककून का विक्रय तत्काल होने की संभावना भी है। केन्द्र सरकार द्वारा सिल्क समग्र-2 योजना वर्ष 2021-22 से 2025-26 में क्रियान्वित किया जा रहा है। सिल्क समग्र-2 योजनांतर्गत लघु एवं सीमांत कृषकों की भूमि पर शहतूत पौधरोपण करने के लिए 5 लाख प्रति एकड़ दिए जाने का प्रावधान है। भारत सरकार की केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना सिल्क-2 में प्रावधानानुसार 80 प्रतिशत राशि केन्द्रांश के रूप में तथा 10 प्रतिशत हितग्राही अंश एवं 10 प्रतिशत राज्यांश राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा योजनांतर्गत धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के लिए कृषकों को प्रति एकड़ 10000 हजार प्रतिवर्ष देने की व्यवस्था है तथा केन्द्र सरकार द्वारा पीएम किसान योजना के तहत् पात्र कृषकों को प्रति वर्ष 6000 दिया जाता है।

# व्याकरण ग्रंथ अत्यन्त उपयोगी, रमन सिंह, डॉ विनय कुमार पाठक भी रहे मौजूद



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ विधानसभा रायपुर में आज 17 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह ने डॉ विनय कुमार पाठक व डॉ विनोद कुमार वर्मा कृत ग्रंथ' छत्तीसगढ़ी का सम्पूर्ण व्याकरण' के तृतीय संस्करण का विमोचन करते हुए कहा कि यह ग्रंथ अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने दोनों लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि कम अंतराल में ही तीसरे संस्करण का छपना ग्रंथ की लोकप्रियता को दर्शा रहा है। यह ग्रंथ छत्तीसगढ़ी के मानकीकरण की दिशा में मील का पत्थर है। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेयी ने कहा कि यह एक मानक ग्रंथ है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी और लाभदायक है।

# धमनी में जमे कैल्शियम को नसों के अंदर महीन चूर्ण के रूप में पीसकर निकाला



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में दो हृदय रोगियों के धमनियों में जमे कैल्शियम को ऑर्बिटल एथेरेक्टोमी प्रक्रिया के जरिये हटाते हुए हृदय में रक्त प्रवाह को सुगम बनाया गया। एथेरेक्टोमी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग एंजियोप्लास्टी से पहले कैल्सीफाइड ब्लॉक (प्लाक) को खोलने के लिए किया जाता है। इसमें 1.25 मिमी का डायमंड-कोटेड ड्रिल डिवाइस होता है जो कैल्शियम को लगभग दो माइक्रोन आकार के महीन कणों में बदल देता है। सरल शब्दों में कहें तो यह कैल्शियम को चूर-चूर करके महीन आकार के कण बना देता है। इस पद्धति के जरिये धमनियों को अच्छी तरह से साफ करके रक्त प्रवाह को सुगम बनाया जाता है। आर्बिटल एथेरेक्टोमी का उपयोग भारी (हैवी) कैल्सीफाइड कोरोनरी धमनियों वाले रोगियों के इलाज के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में एक पतले कैथेटर के जरिये धमनी के अंदर अपने अक्ष पर घूमने वाला हीरे का लेप किये हुए बर को प्रविष्ट कराया जाता है जो कैल्सिफाइड सतह को धीरे-धीरे पीस कर बाहर निकालता है और धमनी की सतह को चिकना कर देता है। इस चिकनी सतह में रक्त का प्रवाह सुगमता से होता है जिससे दिल के दौरे पड़ने की संभावना कम हो जाती है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीजों के सफल उपचार के लिए टीम को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। एसीआई में हृदय रोग विशेषज्ञों की अनुभवी एवं समर्पित टीम ने कोरोनरी ऑर्बिटल एथेरेक्टोमी पद्धति से हृदय रोगियों के लिए नयी उपचार सुविधा की शुरुआत की है। शासकीय चिकित्सालय में इस तकनीक का उपयोग कर एसीआई ने उपलब्धि हासिल की है। हृदय रोग के उपचार की दिशा में एसीआई की टीम द्वारा किये जा रहे नवाचार मरीजों में अच्छे जीवन की नई उम्मीद जगा रहे हैं। केस के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि रायपुर निवासी 77 वर्षीय को-मॉर्बिड बुजुर्ग मरीज को बी. पी., शुगर की समस्या के साथ-साथ उनके हृदय की पम्पिंग क्षमता काफी कम थी। एंजियोग्राफी रिपोर्ट में हृदय की बायीं मुख्य एवं तीनों नसों में कैल्शियम का जमाव था। इस वजह से सामान्य एंजियोप्लास्टी पद्धति से एंजियोप्लास्टी करना संभव नहीं था। ऐसी स्थिति में ऑर्बिटल एथरेक्टोमी प्रक्रिया के जरिए कैल्शियम को हटाते हुए एंजियोप्लास्टी की गई। वहीं भिलाई निवासी 68 वर्षीय मरीज की नसों में कैल्शियम का जमाव था। बाहर के अस्पताल में एंजियोग्राफी करवाया था। वहां पर बाईपास सर्जरी का सुझाव दिया गया। मरीज वहां से सुझाव लेकर एसीआई आया और एसीआई में उसके लेफ्ट साइड की मुख्य नस में बहुत ज्यादा कैल्शियम जमा होने की वजह से ऑर्बिटल एथेरेक्टोमी पद्धति का उपयोग करते हुए सफलतापूर्वक एंजियोप्लास्टी कर दी गई। एक दिन में ही मरीज स्वस्थ होकर अपने घर चला गया।

### क्या है ऑर्बिटल एथेरेक्टोमी प्रक्रिया

कार्डियोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कुणाल ओस्तवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑर्बिटल एथेरेक्टोमी प्रक्रिया में धमनी में एक पतली कैथेटर डाली जाती है। इस कैथेटर में एक घूमता हुआ हीरा-लेपित बर (डायमंड कोटेड बर (किसी उपकरण या धातु की खुरदरी सतह)) होता है जो विशेष वृत्ताकार धुरी पर 360 डिग्री घूमते हुए नसों के अंदर जमे हुए कैल्शियम को खुरचकर निकालता है। कैल्शियम के जमाव को तोड़कर या पीसकर, यह प्रक्रिया रक्त प्रवाह के लिए एक चिकनी सतह बनाती है, जिससे एंजियोप्लास्टी करने एवं स्टंट लगाने में सहूलियत प्राप्त होती है और रुकावटों की संभावना कम हो जाती है। ऐसी नसें जिनमें सामान्य तरीके से एंजियोप्लास्टी एवं स्टंटिंग नहीं की जा सकती। उनमें यह तरीका अपनाया जाता है। यह कैल्शियम को इतने छोटे टुकड़ों में तोड़ता है कि वह आर्टरिज के कैपिलरी के द्वारा ही निकल जाता है।

# जिला अस्पताल बालोद में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से ब्लड में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कंट्रोल, स्वस्थ्य हृदय एवं रेड ब्लड सेल की संख्या बढ़ती है। उन्होंने बताया कि रक्तदान से कैंसर का खतरा कम होता है एवं हार्ट स्ट्रोक आने की संभावना कम होती है। इस अवसर पर रेडक्रास सोसाइटी बालोद की उपाध्यक्ष कमला वर्मा, राज्य प्रबंध समिति सदस्य तोमन साहू, दिनेश तापड़िया, लव कुमार सिंह एवं तुलाराम ठाकुर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल बालोद में आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किए जिन्हें रक्तदान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# पटना में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 22 यूनिट रक्तदान और 115 मरीजों का उपचार

पायनियर संवाददाता ‹ कोरिया
www.dailypioneer.com

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पटना में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत पटना अध्यक्ष गायत्री सिंह और पार्षद सुनील सिंह एवं नाजमा बेगम के द्वारा किया गया। शिविर में स्वेच्छा से 22 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना, नगर पंचायत पटना और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वास्थ्य शिविर में 115 मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को जरूरी परामर्श और चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह, बीपीएम तबिता भगत, बीईटीओ अमृत लाल टुंडे और पटना चिकित्सालय के डॉक्टरों एवं स्टाफ नर्सों का विशेष योगदान रहा। जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा, 'रक्तदान महादान है, इससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।' इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

# सीएचसी साजा में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में 16 दिसंबर को जिला बेमेतरा के तत्वाधान मे स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसमें 10 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, यह रक्त दान शिविर सीएमएचओ सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत ध्रुव की निर्देश में रखा गया, उक्त कार्यक्रम में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत आईसीटीसी साजा परामर्शदाता अभिषेक सिंह राजपूत, एवं एम एल टी आईसीटीसी अरुन यादव सक्रिय भागीदारी निभाते हुए रक्त दान किया और रक्त दान के लिए लोगों को जागरूक होने कहा, उक्त रक्त दान शिविर में प्रभारी डॉ श्रेय चंद्राकर, चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष गुप्ता, बी पी एम लोकेश चंद्राकर के साथ सभी सी एच सी स्टॉफ सम्माननीयगण उपस्थित थे, रक्त दान शिविर में भूपेंद्र कुर्रे एम. एल. टी., हरिशंकर एम.एल. टी, कुलेश्वरी साहू काउंसलर, वाहन चालक रामचरण, रक्त दाताओं के नाम अभिषेक राजपूत, धनेश्वर साहू , गौकरण साहू, कमल नारायण, रेखराज साहू डॉ अविनाश मारकंडे, अरुण इन सभी के सहयोग से रक्त दान शिविर सफल रहा रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्त दाताओं को धन्यवाद दिया गया।

# बेमेतरा जिला मोबाइल अकादमी कोर्स में प्रथम, राज्य स्तर पर सम्मानित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित मोबाइल अकादमी कोर्स में बेमेतरा जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए 12 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेमेतरा जिले को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जिला डाटा प्रबंधक मयंक जैन ने जिले की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो ग्रहण किया। जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव की देखरेख में, यह सफलता मितानिन समन्वयक ललिता मेरावी, जिला सहायक डेटा प्रबंधक विजय साहू, विकासखंड डाटा प्रबंधकों और समन्वयकों की टीम के सामूहिक प्रयास से संभव हुई। मोबाइल अकादमी कोर्स, मितानिनों के कौशल को निखारने और उनके कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कोर्स के माध्यम से मितानिनों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 14 ऑडियो पाठ सुनने और 11 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। सफलतापूर्वक 22 अंक अर्जित करने पर मितानिनों को प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। यह कोर्स मुफ्त है और मोबाइल फोन पर डॉ. अनीता की आवाज़ के माध्यम से आयोजित होता है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुलता बंजारे ने बताया कि किलकारी मोबाइल सेवा ने डिजिटल माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना सरल बनाया है। गर्भवती महिलाएं अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में पंजीयन कराकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ ले सकती हैं।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिल रहा लोगों को लाभ

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में समूह में जोड़ी दीदियों के साथ-साथ परिवार वालों का भी बीमा कराया गया है और उन्हें बीमा का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में खुशी स्व सहायता समूह से जुड़ी मनियारों बाई को नॉमिनी होने पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा से 2 लाख रूपये प्रदान किया गया है। खुशी स्व सहायता समूह की सदस्य मनियारों बाई के पति स्व. रामकरन राम कैंसर से पीड़ित थे। उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना अंतर्गत बीमा हुआ था। जिसमें बीमा की नॉमिनी मनियारों बाई थी। पति स्व. रामकरन राम का मृत्यु होने के बाद बीम की नॉमिनी होने के कारण मनियारों बाई को बीमा की राशि 2 लाख रुपये देखकर परिवार को सहायता प्रदान किया गया। बीमा का लाभ दिलाने में जनपद पंचायत कुनकुरी के जनपद सीईओ केके श्रीवास्तव एवं एनआरएल एम कुनकुरी के टीम का सहयोग रहा।

# जिला अस्पताल में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ कोरिया
www.dailypioneer.com

सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत आज जिला अस्पताल परिसर में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/ सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो द्वारा दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसकी सराहना की। शिविर में 0 से 18 वर्ष के चिन्हांकित बच्चों का निःशुल्क हृदय रोग जांच एवं इको परीक्षण किया गया। रायपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप सिंह (कार्डियोलॉजिस्ट) और डॉ. निखिल ने बच्चों का स्क्रीनिंग, ईको और परामर्श किया। यदि किसी बच्चे में हृदय संबंधी समस्या पाई जाती है, तो उसका निशुल्क इलाज श्री सत्य सांई संजीवनी हॉस्पिटल, नया रायपुर में किया जाएगा। शिविर में अब-तक 60 बच्चों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 49 बच्चों की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें 23 बच्चों में हृदय रोग के लक्षण पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आयुष जायसवाल ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से बच्चों के गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान होती है और बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. अभय (नोडल अधिकारी), डॉ. अभिषेक गढ़ेवाल, टीबी विभाग के जिला समन्वयक शिशिर जायसवाल, अस्पताल सलाहकार प्रियंका कुरील, उप जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी सरोजनी राय, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं आरबीएसके टीम का विशेष योगदान रहा।

# बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार गठन होने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में विधायक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 10:00 बजे से 4:00 के बीच रक्तदान शिविर का आयोजन रखी गई। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने भगवान धन्वंतरी जी की पूजा अर्चना करते हुए शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश सिन्हा, पार्षद शीत गुप्ता, बीएमओ डॉक्टर नारायण साहू, आरएचओ धर्मेंद्र कर, डॉ. निलय कर, फार्मासिस्ट खीरसागर नायक एवं जिला अस्पताल टीम से डॉ. पूर्णचंद विशाल की मौजूदगी में 20 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करते हुए रक्तदाताओं को बीएमओ डॉक्टर नारायण साहू के द्वारा प्रमाण पत्र भी दी गई। प्रमाण पत्र पाकर रक्तदाताओं के चेहरे में खुशी झलक रही थी। संवाददाता से बात करते हुए उन्होंने बताया कि रक्तदान करके बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं, कि हम भी किसी के काम आ रहे हैं। इस अवसर पर डॉ.नारायण साहू ने बताया कि अब बसना का सरकारी अस्पताल बहुत ही सुविधायुक्त हो चुका है। रक्तदान महा शिविर के शुभ अवसर पर विधायक दल के द्वारा ब्लड स्टोरेज यूनिट का भी उद्घाटन की गई। जिसे सुचारू रूप से संचालन करने हेतु सरकारी अस्पताल के स्टाफ ने जिम्मेदारी उठाया। आप सभी को पता है कि सभी दान से ज्यादा महत्वपूर्ण दान रक्तदान है। शिविर का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा किया गया, जिन्होंने इस रक्तदान अभियान को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने रक्तदान के लाभ और प्रक्रिया के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी, जिससे अधिक से अधिक लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित हुए। इस दौरान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह और जोश देखने को मिला।

# गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में हाई स्कूल दलधोवा में नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित




पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत् समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के स्कूल, कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के बीच जाकर नशामुक्ति हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में 18 दिसम्बर 2024 को गुरूघासी दास जयन्ती के उपलक्ष्य में हाई स्कूल दलधोवा में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे समाज कल्याण विभाग अधिकारियों द्वारा बाबा गुरु घासीदास के समाज सेवा एवं नशा के विरूद्ध किये गये कार्यों को विद्यालय के बच्चों को बताकर मद्य निषेध हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से उपसंचालक चन्द्रमा यादव, साक्षर भारत के परियोजना अधिकारी हीरालाल पटवा, पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक चंडीकेश्वर सिंह एवं नशा मुक्ति केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित छात्राओं को नशा के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बाबा गुरु घासीदास के जीवन से प्रेरणा लेने कहा गया। कार्यक्रम में उपसंचालक चन्द्रमा यादव के द्वारा उपस्थित सभी छात्र, छात्राओं, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को नशा नहीं करने का शपथ भी दिलाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता सभी छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन 27 दिसंबर को

**महासमुंद।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद में प्रति बुधवार को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं प्रति फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाता है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि गुरु घासीदास जयंती एवं क्रिसमस पर्व के अवसर पर लगातार दो सप्ताह दिन बुधवार को सार्वजनिक अवकाश होने से दिव्यांगजन की सुविधा हेतु दिव्यांग मेडिकल बोर्ड एवं फिटनेस मेडिकल बोर्ड का आयोजन शुक्रवार 27 दिसंबर को समेकित रूप से किया जाएगा। उन्होंने समस्त दिव्यांगजन एवं अन्य संबंधित हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अपनी आवश्यक जांच प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/428/अ.वि.अ./भू.व्यप./2024 बसना, दिनांक 09 दिसम्बर 2024

आवेदक मुरलीधर चन्द्रा पिता छेदूराम चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी संजय नगर सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरसपुर प.ह.न.26 रा.नि.मं. भूकेल तहसील बसना स्थित भूमि खसरा क्रमशः- 251/3, 251/4, 265 रकबा क्रमशः- 0.07हे., 0.318, 0.37हे. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.75हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-172 के तहत् कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन प्रतिवेदन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक- 23/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुन्द

// ईश्तहार //

क्रमांक/426/अ.वि.अ./भू.व्यप./2024 बसना, दिनांक 09 दिसम्बर 2024

आवेदक बंशीगोपाल चन्द्रा पिता छेदूराम चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी संजय नगर सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छुईपाली प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. भूकेल तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 126/3 रकबा 0.07 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-172 के तहत् कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन प्रतिवेदन, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मजगांव को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामनारायण शर्मा पिता स्व. श्री कौशल प्रसाद निवासी ग्राम मजगांव उपतह. देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मजगांव प.ह.नं. 29 में स्थित भूमि खसरा नंबर 24/1, 126 रकबा 1.96, 0.02 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.98 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में रामनारायण शर्मा पिता स्व. श्री कौशल प्रसाद के नाम दर्ज है। जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के द्वारा दिनांक 01.12.2024 के करीबन 12:00 बजे ग्राम सलधा धान सोसायटी में कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बधंक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफ तथा पूर्णतःभार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत् आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सुचना की कापी एवं शपथपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/12/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 11/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार देवरबीजा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

नि.आ.क्र./41/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.खण्ड/2024 बीजापुर, दिनांक 06.12.2024

// संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएँ प्रपत्र ''सी'' में दिनांक 23.12.2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

**सामाग्री का विवरण** – विकासखण्ड-बीजापुर/भैरमगढ़/भोपालपटनम के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपंपों को निकाल कर सुधार एवं मरम्मत कर पुनः स्थापित करना।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | विकासखण्ड बीजापुर के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपंपों को निकाल कर सुधार एवं मरम्मत कर पुनः स्थापित करना। (शेड्यूल अनुसार) | 4.88 |
| 2 | विकासखण्ड भैरमगढ़ के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपंपों को निकाल कर सुधार एवं मरम्मत कर पुनः स्थापित करना। (शेड्यूल अनुसार) | 3.58 |
| 3 | विकासखण्ड भोपालपटनम के विभिन्न ग्रामों में गिरे हुए हैण्डपंपों को निकाल कर सुधार एवं मरम्मत कर पुनः स्थापित करना। (शेड्यूल अनुसार) | 3.43 |

**नोट :–** उपरोक्त कार्यों की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यलयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

G-242504656/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

नि.आ.क्र./40/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.खण्ड/2024 बीजापुर, दिनांक 06.12.2024

// संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएँ **प्रपत्र ''सी''** में दिनांक **23.12.2024** तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

**सामाग्री का विवरण** – विकासखण्ड-बीजापुर/भैरमगढ़/भोपालपटनम के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का सुधार / मरम्मत कार्य।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | विकासखण्ड बीजापुर के हैण्डपंपों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 4.50 |
| 2 | विकासखण्ड भैरमगढ़ के हैण्डपंपों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 3.95 |
| 3 | विकासखण्ड भोपालपटनम के हैण्डपंपों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 4.11 |

**नोट :–** उपरोक्त कार्यों की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यलयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

G-242504632/3

# शहीद वीर नारायण की प्रतिमा का अनावरण, विधायक ने किया शहिद गेंद सिंह के प्रतिमा स्थापित करने 5 लाख की घोषणा

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





भानुप्रतापपुर में बुधवार को शहीद वीर नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने सर्व आदिवासी समाज की उपस्थित में शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिए जो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार के खिलाफ अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी। उनका बलिदान इतिहास में अमर रहेगा जिस समय सोनाखान क्षेत्र में आकाल पड़ा तो भूख से तड़पते लोगों क़ी दशा देखकर द्रवित हो गए और गोदाम से अनाज निकाल कर बाँट दिए। उन्होंने अंग्रेजो के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंका दिए। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तम्भ चौक में फांसी दे दी गई। इस दौरान पार्षद भगवान सिंह कुंजाम,चंद्र कुमार कटझरे, नरेंद्र कुलदीप, रजिंद्र रंधावा,कमलेश गावडे, मनीष साहू, पंकज वाधवानी, मनीष योगी, रूपेंद्र मरकाम, जया धामेचा, चेतन मरकाम, राजकुमार ठाकुर, विष्णु कचलाम, मेहर सिंह वट्टी, राजेश तिवारी, अमर कचलाम, संजू नेताम,तुषार ठाकुर, निकेश ठाकुर, नमन जैन,मुकेश चंद्राकार, हितेश तिवारी, भगवती गजेंद्र, सीमा सेन गुप्ता, गोपाल राठी, गिरधारी नरेटी, राधेलाल नूरेटी, मोहन मंडावी समेत बड़ी संख्या में आदीवासी समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे। मंच का संचालन वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

**शहीद गेंद सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा** - इस मौके पर विधायक ने शहीद गेंद सिंह स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा स्थापित करने 5 लाख रूपए की घोषणा किया साथ ही शहीद वीर नारायण की प्रतिमा स्थल पर लाइटिंग के लिए 50 हजार रूपए देने की। आपको बता दें छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के पहले शहीद शहीद गेंद सिंह का जन्म कांकेर ज़िले के परलकोट में एक जमींदार परिवार में हुआ था.उन्होंने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की थी उन्होंने अभुजमार क्षेत्र में जल, जंगल, और ज़मीन के लिए लड़ते हुए अपना जीवन बलिदान दिया था। शहीद गेंद सिंह की गिरफ्तारी के बाद, 20 जनवरी, 1825 को उन्हें परलकोट के महल के सामने ही फांसी दे दी गई। कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर ने कहा कि शहीदों का सम्मान हमारा कर्तव्य है अपने अधिकार, शोषण के खिलाफ लड़ने वाले हमारे वीर नारायण सिंह से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए.इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा की प्रतिमा स्थापित किया गया है इससे वीर नारायण सिंह के योगदान व बलिदान को सम्मान मिला है यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि शहीद वीर नारायण सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ की मिट्टी में हुआ। आदिवासी हल्बा समाज ब्लाक अध्यक्ष लखमू कोसमा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हुए है जिन्हें उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। जनजाति विभूतियों को सम्मान मिलना चाहिए। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने शहीद वीर नारायण सिंह जी के बलिदान एवं उनके योगदान का स्मरण करते हुए अतुलनीय बताया। इस मौके पर सर्व आदीवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष कृष्णा टेकाम और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुना राम तेता ने कहा कि नगर पंचायत परिवार द्वारा आदीवासी समाज के सम्मान के लिए कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा शहीद वीर नारायण सिंह एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकुमत के सामने घुटने नहीं टेके और अपने देश, समाज और लोगों के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मिली नई उड़ान






पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद विकासखंड के ग्राम अछारीहडीह की रहने वाली दिव्या सोनवानी एक साधारण गृहिणी है, जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का सपना देखा करती थीं। एक दिन उन्होंने समाचार पत्र में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में पढ़ा। दिव्या ने तुरंत जिला पंचायत महासमुंद के खादी ग्रामोद्योग विभाग से संपर्क कर योजना की विस्तृत जानकारी ली। योजना की प्रक्रिया को समझने के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, बिरकोनी शाखा में ऋण के लिए आवेदन किया। उनकी मेहनत और आत्मविश्वास रंग लाए, और उन्हें पोल्ट्री फार्म स्थापित करने के लिए 6 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें 35 प्रतिशत की सब्सिडी का लाभ भी शामिल था। दिव्या के लिए यह योजना किसी संजीवनी से कम नहीं थी। उन्होंने पूरी लगन और समर्पण के साथ पोल्ट्री फार्म की शुरुआत की। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद, उनका व्यवसाय तेजी से आगे बढ़ने लगा। उनके पोल्ट्री फार्म से उन्हें अच्छी आमदनी होने लगी, जिससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ बल्कि वे नियमित रूप से बैंक का ऋण भी चुका रही हैं। उनका आत्मविश्वास अब पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्हें अपने निर्णय पर गर्व है और उनका मानना है कि यह योजना उनके जीवन में एक नई रोशनी लेकर आई। वे कहती हैं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ने मुझे नई दिशा और नई पहचान दी है।

# सहकार से समृद्धि के तहत सहकारी समिति गठन के लिए किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार ग्राम मांगेड़ा, विकासखंड माकड़ी में 17 दिसंबर को पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सहकार से समृद्धि अभियान के तहत दुग्ध सहकारी समितियों के गठन के प्रति जागरूक करना था। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को दुग्ध सहकारी समिति के संगठन और संचालन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई और लाभ और संगठन के महत्व पर चर्चा की गई। शिविर में पशुओं के उपचार के साथ गौ पूजन और पशुधन संगणना जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गई। उल्लेखनीय हैं कि, शासन द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सहकार से समृद्धि अभियान की शुरुआत की गई है। सहकार से समृद्धि का उद्देश्य प्रत्येक गांव को सहकारिता से जोड़ना और उन्हें समृद्ध बनाना है, जिससे प्रत्येक गांव समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। इसके तहत जिले के गांव-गांव में दुग्ध, मत्स्य, कृषि, वनोपज आदि क्षेत्रों में सहकारी समिति के गठन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना से समृद्धि की अग्रसर कृषक जयमन पटेल

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही हैं और उनके हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे वे निरन्तर समृद्धि और और विकास की ओर अग्रसर हो सके। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है, जिसने राज्य के छोटे किसानों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। कोंडागांव जिले के मड़ानार गांव के निवासी जयमन पटेल इस योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों में से एक हैं, जो आज कृषि के क्षेत्र में समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। किसान जयमन पटेल के पास कुल 1.410 हेक्टेयर भूमि है, जिसमें से 0.810 हेक्टेयर भूमि पर वे रबी फसल उगाते हैं। जयमन के तीन बच्चे हैं, जिनमें से सबसे बड़ी बेटी नर्सिंग की



कोर्स कर रही है और उससे छोटी बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती है और सबसे छोटा बेटा पहली कक्षा में पढाई कर रहा है। जयमन का परिवार मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है और किसी परिचित के साथ मिलकर जयमन ने खेती के लिए ट्रैक्टर भी ख़रीदा है। जयमन बताते हैं कि, बेटी की पढ़ाई और घर के खर्चों के कारण कई बार पैसों की कमी होती है, जिससे घर चलाने एवं बेटी की पढाई में असर पड़ता है। ऐसे में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता से काफी राहत मिलती है।

**कृषि कार्य को आगे बढ़ाने में मिल रही मदद :** जयमन पटेल ने कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क करके प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अपना पंजीयन कराया। पंजीयन के बाद जयमन पटेल को अब तक 14 किश्तों में कुल 28,000 रुपये प्राप्त हुए हैं। इस आर्थिक सहायता का उपयोग उन्होंने अपनी कृषि कार्यो को और आगे बढ़ाने में किया। उन्होंने बताया कि, वे इस राशि का उपयोग खाद, बीज और कीटनाशक खरीदने में करते हैं। इससे उनकी फसल की गुणवत्ता में सुधार हुआ और उत्पादन भी बढ़ा है। इसके अलावा योजना की राशि ने उन्हें पारिवारिक आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद की है। कई बार यह राशि त्योहारों के समय प्राप्त हुई, जिसका उपयोग उन्होंने घरेलू सामान खरीदने में किया और उत्साह के साथ उत्सव मनाया। जयमन ने बताया कि इस योजना ने मेरे परिवार की खुशियों को बनाए रखने में काफी योगदान दिया है।

## शासन के प्रति जताया आभार

जयमन पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने हमारे जैसे छोटे किसानों की मुश्किलों को कम किया है। उल्लेखनीय हैं कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार की किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य किसानों को कृषि कार्य से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत किसान को हर साल तीन किश्तों में 6,000 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती हैं, ताकि किसान अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा कर सके। यह योजना कृषि क्षेत्र में बदलाव लाने और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# पंडरिया क्षेत्र में बेखौफ चल रहा है जुआ का कारोबार कार्रवाई का आभाव

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा/पंडरिया
www.dailypioneer.com



कुकदुर थाना क्षेत्र में जुआ का कारोबार बड़े पैमाना पर कई वर्षों से निरंतर जारी है। कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति कर दिया जाता है। पूर्व में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के द्वारा कार्यवाही करने के बाद वीडियो वायरल करते थे जिसके चलते थोड़ा कमी आया था लेकिन जैसे ही उनका स्थानांतरण हुआ। पुनः शुरू हो गया।

पंडरिया नगर में बेखौफ जुआ का अवैध कारोबार चल रहा है। पुलिस विभाग की निष्क्रियता या संलिप्तता के चलते जुआ के कारोबार को संचालित करने वालों के हौसले बुलंद है। सूत्रों की माने नगर के कुछ रसूखदार लोगों के घर के अंदर चल रहा है , जानकारी होने के बावजूद कार्यवाही नहीं की जाती है, इसलिए जुआरी दूर दराज से खेलने के लिए आते हैं। मुंगेली, भाटापारा, कवर्धा, सिमगा, भिलाई, दुर्ग से चार पहिया वाहन और आसपास के लोग दो पहिया वाहनों से खेलने आते हैं। बताया तो यह भी जाता है कि जुआरियों को कुछ लोग 10 से 20 प्रतिशत दैनिक व साप्ताहिक ब्याज पर रुपए देते हैं।

**दिन को जंगल और रात को घर में होता है जुआ :** पंडरिया विकासखंड के थाना क्षेत्र पंडरिया और कुकदुर के जंगलों में कड़ाके ठंड होने के कारण दिन में जुआ खेलाया जाता हैं। जंगल क्षेत्र अन्य थाना के शरहद सहित बीचों बीच होता हैं। सूरज ढलते ही ठंड का एहसास होने पर नगर के रसूखदार लोगों के घरों में जुआ का कारोबार बेखौफ होकर चलता है। जिसपर कार्यवाही नहीं किया जाता। जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर इन जुआरियों को किसका संरक्षण प्राप्त है साथ ही पुलिस कार्यवाही करने में कतरा रहा हैं। कही न कहीं बड़े लोगों का संरक्षण प्राप्त हो सकता है।

**जुआरियों का मुखबिरी मजबूत :** जिस क्षेत्र में जुआ खेलते हैं उस क्षेत्र में 100-200 मीटर की दूरी पर एक मुखबिर लगा रहता हैं जो अन्य शहरों से या स्थानीय जुआरियों को जुआ खेलने का स्थान को अवगत कराते हैं साथ यदि कार्यवाही के लिए या उस रास्ते से निकलने वाले संदेही लोगों का जानकारी फोन के माध्यम से पहुंचाया जाता हैं जिसके चलते जुआरी अपने आप को सुरक्षित समझकर दूर दराज से जुआ खेलने पंडरिया क्षेत्र में आते है। जिस प्रकार जुआरियों का मुखबिरी मजबूत है यदि उसी प्रकार पुलिसिया मुखबिरी मजबूत रहता तो ऐसा नहीं होता।

**हटकी ब्याज पर कर्ज का व्यवस्था :** जुआ स्थल पर साहूकार भी मौजूद रहते है जो लोगों को साप्ताहिक दस से बीस प्रतिशत की दर पर कर्ज भी देते है। जुआरी यदि समय पर उक्त राशि का अदायगी नहीं कर पाता तो उनके लाठौटो के द्वारा घर पहुंचकर परिजनों को धमका चमका कर राशि की वसूली करते है। जिसके चलते कई लोगों के घर परिवार तबाह हो चुके है।

**कार्यवाही की आवश्यकता :** पंडरिया विकासखंड के पंडरिया -कुकदुर थाना क्षेत्र में बेखौफ जुआ का कारोबार चल रहा है। जिसकी जानकारी पूरे जिम्मेदारों को है लेकिन कार्यवाही करने में कतरा रहे हैं। पूर्व में भी जिला स्तरीय संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही किया गया था उसी प्रकार अब भी टीम गठित कर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। क्राइम ब्रांच और मुखबिरी को मजबूती से सूचना तंत्र में सुधार करने की जरूरत है।

# विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर चलाया संपर्क अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान की टीम ने विकासखंड सरायपाली के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केना में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता के प्रति जानकारी दी गई।शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक यू के बरिहा ने अभियान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में कला संकाय में 200 सीट, विज्ञान संकाय में 190 सीट और वाणिज्य संख्याओं के लिए 70 सीट स्वीकृत किया गया है। महाविद्यालय के विविध गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, रेडरिबन क्लब, करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल,एंटी रैगिंग सेल,जेंडर इक्विटी सेल,पुस्तकालय, ग्रंथालय प्रयोगशाला, कीड़ा, एनुअल फंक्शन आदि की सुविधा और गतिविधियों से परिचित कराकर उन्हें उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों को भी बहुत ही सरल तरीके से बताया गया। महाविद्यालय में कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान,भूगोल एवं अर्थशास्त्र में से अपनी पसंद की अनुरूप विषय का चयन कर विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं।विज्ञान संकाय में विद्यार्थी जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित विषय का चयन का पढ़ाई कर सकते हैं, वाणिज्य संकाय को लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थी अपने संकाय के विषय चुनकर जेनेरिक इलेक्टिव में अन्य संकाय के एक विषय का चुनाव कर अध्ययन करेंगे।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए कौशल, दक्षता और ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## सुशासन के एक वर्ष पर जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

# गुरु घासीदास जयंती के दिवस पर दिया गया मनखे-मनखे एक समान का संदेश





पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देशानुसार सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल थीम पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युड्डवा उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, दीपेश अरोरा और सामाजिक कार्यकर्ता लखमू टंडन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरु घासीदास की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, उन्होंने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया और समाज में व्याप्त विषमता को दूर करने पर जोर दिया। उनके नशा मुक्ति के संदेश के अनुरूप जिले में भी नशा मुक्ति के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी ने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास जी ने मानव समाज को समानता का संदेश दिया। हमें गर्व हैं कि, ऐसे महान संत का छत्तीसगढ़ की भूमि में जन्म हुआ, जिन्होंने सतनाम का रास्ता दिखाया। कार्यक्रम में दीपेश अरोरा और लखमू राम टंडन ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उनके द्वारा दिए गए संदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं द्वारा गुरु घासीदास जी पर आधारित भाषण भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शिवरीनारायण में 13 जनवरी को केशरवानी वैश्य सभा का युवक–युवती परिचय व परिवार मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com





पवित्र व विख्यात धार्मिक स्थल शिवरीनारायण में छ.ग. राज्य केशरवानी वैश्य सभा ,केशरवानी प्रदेश महिला तरुण सभा व शिवरीनारायण सम्बद्ध नगर एवं ग्राम सभाओं के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 13 जनवरी को एक दिवसीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध ने सरायपाली के सामाजिक सदस्य दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शबरीनारायण तीर्थस्थल शिवरीनारायण में होने वाले इस सम्मेलन के संचालनकर्ता मिलेंद्र केशरवानी ने जानकारी देते हुवे बताया कि विवाहों में होने वाले अनावश्यक व भारी भरकम खर्च को देखते हुवे समाज द्वारा निर्णय लिया गया कि समाज में सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाये इसी को ध्यान में रखते हुए भगवान नर श्री नारायन व गोत्राचार्य महर्षि कश्यप के आशीर्वाद से आगामी 13 जनवरी सोमवार को शिवरीनारायण में एक विशाल सामूहिक परिचय व परिवार मिलन समारोह का आयोजन खरौद रोड शिवरीनारायण स्थित रिआन होटल में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के संचालक मिलेंद्र केशरवानी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल होटल रिआन में सुबह 9 बजे - महर्षि कश्यप जी की पूजा, आरती, ध्वजारोहण एवं गीत का कार्यक्रम व 9:30 बजे दीप प्रज्वलन, प्रदेशाध्यक्ष अशोक केशरवानी एवं मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विवाह योग्य युवक-युवतियों , दिव्यांग एवं तलाक शुदा युवक - युवतियों का परिचय मंच से कराया जाएगा। पश्चात अंत में नगर एवं ग्राम सभाओं के अध्यक्षों, महामंत्रियों, दानदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान मुख्यअतिथि के द्वारा किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा युवक - युवतियों एवं परिजनों के साथ चर्चा करने हेतु अलग से काउंसिल हॉल की व्यवस्था की गई हैं ताकि वे आमने सामने प्रत्यक्ष रूप से बैठकर स्वतंत्र होकर बातचीत कर सकें। आयोजन समिति द्वारा सम्मेलन में भाग लेने हेतु संपर्क नम्बर भी जारी किया गया है जो निम्नानुसार है। अशोक केशरवानी 9179193022, नीलेश गुप्ता 9425537198, बुधेश्वर केशरवानी 9425227513 नरेन्द्र केशरवानी 9425222425, आशीष केशरवानी 9977421463, नीतेश केशरवानी 7999960708 से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं ।

# ऑक्सीजोन के पास राजकीय पशु वन भैसा एवं लाखेनगर चौक में राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशाल प्रतिकृति नागरिकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगी

**विभिन्न मुख्य चौक-चौराहों, मार्गो के प्रगतिरत सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने किया प्रत्यक्ष निरीक्षण**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी शहर रायपुर के ऑक्सीजोन के पास चौक में शीघ्र राजकीय पशु वन भैसा की प्रतिकृति नागरिकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगी। वहीं लाखेनगर चौक के समीप राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशाल प्रतिकृति सबको आकर्षित करेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राजधानी शहर रायपुर में विभिन्न मुख्य मार्गो, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण तेज गति से निरन्तर प्रगति पर है। रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा विभिन्न मुख्य मार्गो, चौक-चौराहों के प्रगतिरत विकास सौंदर्यीकरण कार्यों की मॉनिटरिंग एवं स्थल समीक्षा की जा रही है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता की उपस्थिति में ऑक्सीजोन चौक के समीप राजकीय पशु वन भैसा की विशाल प्रतिकृति लगाने एवं चौक को सुन्दर स्वरूप देने के सीएसआर मद से प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कार्य को तेजी से गुणवत्ता सहित करवाने सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। वहीं सीएसआर मद से लाखेनगर चौक के समीप राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशाल प्रतिकृति लगाकर चौक का सौंदर्यीकरण का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। वहीं जीई मार्ग, विधानसभा मार्ग, व्हीआईपी मार्ग, एक्सप्रेस वे मार्गो के किनारों में चौक-चौराहों में मार्गो को सुन्दर एवं सुव्यवस्थित स्वरूप देने विभिन्न उद्योग समूहों के सहयोग से सीएसआर मद से कार्य तेजी के साथ प्रगति पर है।

जीईमार्ग के किनारे साइंस कॉलेज के समीप मार्ग विभाजक को एक सिरे से व्यवस्थित कर सुन्दर पौधरोपण एक सिरे से दूसरे सिरे तक किया गया है। किनारे सुन्दर पाथ वे बनाया गया है। साइंस कॉलेज के समीप डीडी नगर रोहिणी पुरम गोल चौक जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे सुन्दर आर्ट वर्क रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करवाया गया है एवं इसकी सुंदरता कायम रखने कार्य किया जा रहा है।

# छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने वाला आरोपी शिक्षक गया जेल

**सनवाल पुलिस ने 74 बीएनएस एवं 09,10 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला किया पंजीबद्ध**

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सनावल स्कूल में पदस्थ शिक्षक मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल कयूम के द्वारा स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने के संबंध में छात्राओं के परिजनों को जानकारी मिलने पर दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को थाना सनावल में पीड़ित छात्राओं के परिजनो के द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत करने उपरांत पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ अपराध क्रमांक 60/2024 धारा 74 बीएनएस, धारा 09,10 पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लेते हुए आरोपी शिक्षक मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल कयूम, उम्र 45 वर्ष, निवासी रामानुजगंज जिला बलरामपुर रामानुजगंज छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### बलरामपुर कलेक्टर ने किया सस्पेंड

उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन.मिश्रा को जांच के आदेश दिए गए थे जांच उपरांत शिक्षक मोहम्मद शाहिद के द्वारा किए गए काले कारनामे का सच उजागर होने के बाद विकासखण्ड रामचन्द्रपुर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सनावल में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी.(उर्दू) मोहम्मद शाहिद को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुसमी निर्धारित करते हुए निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता का आदेश जारी किया गया था लेकिन अब आरोपी शिक्षक जेल दाखिल हो गया है।

# जिले में धान का उठाव तीव्र गति हो रहा, अब तक 10 हजार 876 किसानों ने बेचा अपना धान

**किसानों को 1 अरब 39 करोड़ 92 लाख से अधिक का किया गया है भुगतान**

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से हो रही है । जिले में अब तक 70109.72 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी धान खरीदी के एवज में 10876 किसानों को 1,39,92,76,760 रूपए (एक अरब उन्चालीस करोड़ बांनबे लाख छिहत्तर हजार सात सौ साठ रूपए) का विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को किया गया है भुगतान 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से हो रही है, तीव्र गति से धान उठाव प्रारम्भ किया गया है। डीवो जारी किया 524400.00 क्विंटल धान उठाव 46940.00 क्विंटल किया गया है। विपणन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी की सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 51180 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 6301 नए किसान शामिल है। इस वर्ष 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 3,36,458.00 मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 17 दिसम्बर तक 10876 किसानों से 70109.72 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए तक कुल 74809.96 मीट्रिक टन टोकन जारी किए गए थे। आगामी 2 दिवस की खरीदी के लिए कुल 2806 किसानों हेतु 19363.56 मीट्रिक टन का टोकन जारी किया गया हैं।

# निरन्तर कर्म, धैर्य और आत्मबल ही है सफलता की कुंजी : अनुराग पाठक

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोड़काचौरा, जशपुर नगर में स्पंदन-सफलता की लहरें कार्यक्रम के अंतर्गत 17 दिसम्बर अनुराग पाठक ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। जशपुरनगर के पाठक कालोनी निवासी पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक के पद से सेवानिवृत्त मंगल पाठक के पुत्र अनुराग पाठक ने 12 वीं तक की शिक्षा जशपुरनगर से हासिल की। इंजीनियरिंग में स्नातक और एमबीए की डिग्री हासिल करने के बाद, प्रतिष्ठित वित्तीय कम्पनी फाइनेंशियल सर्विसेस एंड वेल्थ मैनेजमेंट में मैनेजमेंट कंसल्टेंट के पद पर इंग्लैंड की राजधानी लन्दन में कार्यरत हैं। अनुराग पाठक ने छात्रों के साथ अपने स्कूली जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए समझाया कि विपरीत परिस्थितियों से कभी भी नहीं घबराना चाहिए। बल्कि ऐसी परिस्थिति हो जाये, तो उपलब्ध विकल्पों से अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए लग जाना चाहिए। क्योंकि इस परिस्थिति में आपके पास खोने के लिए कुछ नहीं होता। शिक्षा ही एकमात्र साधन है, जो हमें आगे बढ़ा सकती है। इसी शिक्षा से आप अपना भविष्य बना सकते हैं। जिसका वो स्वयं एक उदाहरण हैं। इसके अलावा शिक्षा ही एकमात्र ऐसा संसाधन है, जो अगर किसी के पास है, तो वो उसे निर्विकार भाव से बाँटता है। उन्होंने अपने पढ़ाई के दिनों और अपने शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि दूसरे स्कूलों के शिक्षक भी मार्गदर्शन मांगने पर उनकी मदद करते थे, उसी तरह आप लोग भी जरूरत पड़ने पर अपनी समस्या का समाधान अपने शिक्षकों से या अन्य स्कूलों के शिक्षकों से करने का प्रयास कीजिये। निरन्तर अभ्यास और सटीक मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। आजकल तो इंटरनेट की सुविधा हर जगह उपलब्ध है, इसका समुचित उपयोग करके भी अपनी समस्याएं दूर की जा सकती हैं। हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषा की समस्या अब नहीं है। अंग्रेजी भाषा सीखने के लिए आसान और निःशुल्क कई एप्प उपलब्ध हैं, जिनकी सहायता से इस कमी को दूर किया जा सकता है पाठक ने छात्रों को अपना मेल एड्रेस देकर कहा कि जब उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस हो, उन्हें मेल कर सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि किसी विशेष पाठ्यवस्तु या काउंसिलिंग की आवश्यकता हो, तो वो लन्दन के अपने मित्रों का भी सहयोग लेकर मदद करेंगे।

**सफलता के तीन सूत्र** - अनुराग पाठक ने छात्रों को बताया कि सफलता के तीन स्तंभ हैं- कर्म, धैर्य और आत्मबल। इन तीन स्तंभों के क्रमशः तीन जशपुरिया सूत्र हैं -1. करने से होता है, डरने से नहीं होता है (कर्म)2. जब तक तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं (धैर्य)3. जो नहीं है उसका गम नहीं, हम किसी से कम नहीं (आत्मबल) अनुराग पाठक ने अपने जीवन की परिस्थितियों और घटनाओं का उल्लेख करते हुए समझाया कि उन्होंने जिस तरह से इन सूत्रों का उपयोग कर सफलता हासिल की, उसी तरह से आप भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में प्राचार्य खान वक्काररुज्जमां खां सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

# सतनामी समाज की शोभा यात्रा में समाजवादी पार्टी ने किया फल वितरण



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

संत बाबा गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर परंपरानुसार राजधानी में आमापारा प्लाजा से सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगुआई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग शामिल हुए। इसमें धुमाल और डीजे के साथ गुरु घासीदास के आदर्शों व संदेशों को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियां और अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन दिखाई दिया। शोभायात्रा आमापारा प्लाजा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, पुरानी बस्ती, बुढ़ापारा, नगर निगम व्हाइट हाउस, महिला थाना, मोती बाग होते हुए गुरु घासीदास चौक (घड़ी चौक) पहुंचकर हुई।

शोभा यात्रा के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने शामिल लोगों को फल वितरण किया। उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता पुरूषोत्तम सोनवानी, प्रदेश महसचिव मनीष श्रीवास्तव, संजय यादव, अरुण जोशी, जयंत अग्रवाल, अमित सहित अन्य समाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# डब्ल्युओडब्ल्यु स्किन साइंस से जुड़े टियर 2 और छोटे शहरों के 10 लाख नए ग्राहक

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

डब्ल्युओडब्ल्यु स्किन साइंस जो पर्सनल केयर और वेलनेस जगत की जानी मानी कंपनी है। वह अब भारत के टियर-2 और अन्य छोटे शहरों में अपने पैर फैला रही है। अपनी रणनीतिक साझेदारी के चलते पिछले एक साल में डब्ल्युओडब्ल्यु स्किन साइंस से टियर-2 और उससे छोटे शहरों के लगभग 10 लाख नए ग्राहक जुड़े हैं। जो इस बात का सबूत है कि उभरते बाजारों में इसके प्राकृतिक प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। आने वाले 12 महीनों में कंपनी का मीशो पर सालाना राजस्व में 5 गुना बढ़ोतरी का लक्ष्य है। इस साझेदारी के कारण डब्ल्युओडब्ल्यु स्किन साइंस ने टियर-2 और छोटे शहरों से मिलने वाले ऑर्डर्स में 10 गुना बढ़ोतरी करी है। यह बढ़ोतरी परफ्यूम, फेसवॉश, सीरम, क्रीम, सनस्क्रीन, शैंपू, हेयर ऑयल, एलोवेरा जेल और हेल्थ ड्रिंक्स जैसे प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग के कारण हुई है। डब्ल्युओडब्ल्यु स्किन साइंस के को-फाउंडर मनीष चौधरी ने बताया कि, मीशो के साथ हुई हमारी साझेदारी के कारण हमें विकास करने का सुनहरा मौका मिला हैं। साथ ही टियर-2 और उनसे छोटे शहरों में मजबूत ब्रांड निष्ठा बनाने में भी बहुत मदद मिली है। मीशो से लगातार खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष छूट और चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स के जरिए, हम लाखों नए ग्राहकों तक अच्छी क्वॉलिटी वाले पर्सनल केयर समाधान पहुंचा रहे हैं। पिछले एक साल में, इस सहयोग के कारण इन क्षेत्रों से ऑर्डर्स में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है, जिससे यह साफ झलकता है, की टियर-2 के बाजारों में अपार क्षमता है। मीशो की बिजनेस जनरल मैनेजर मेघा अग्रवाल ने कहा कि, मीशो में हम प्रतिबद्ध है, की डब्ल्युओडब्ल्यु स्किन साइंस जैसे ब्रांड्स को हम पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचा कर उनसे जोड़ सके। हमारे प्लेटफॉर्म की टियर-2 और छोटे शहरों में फैली पहुंच ब्रांड्स को उन लाखों ग्राहकों से जोड़ने में सक्षम बनाती है।

# राजस्थान की अर्थव्यवस्था 2030 तक छुएगी नई उचाइयाँ : पीएचडीसीसीआई




पायनियर संवाददाता ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com

पीएचडीसीसीआई द्वारा पीएचडी हाउस जयपुर में एक श्वेत पत्र जारी किया। श्वेत पत्र जारी करते हुए पीएचडीसीसीआई राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष दिग्विजय ढाबरिया एवं चीफ इकोनॉमिस्ट एवं पीएचडी रिसर्च ब्यूरो के प्रमुख डॉ. एस पी शर्मा ने बताया की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं के विस्तृत विश्लेषण एवं मुख्य मंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में विगत एक वर्ष में लिए गए नीतिगत निर्णयों एवं विभिन्न क्षेत्रो के लिए घोषित नीतियों एवं योजनाओं के फलस्वरूप राजस्थान की इकोनॉमी 350 बिलियन यूएसडी के आंकड़े को 2029 तक पार कर लेगी तथा 2030 तक यह 400 बिलियन यूएसडी से ज्यादा के स्तर को प्राप्त करेगी। रिपोर्ट में राजस्थान के लिए आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों जिनमें फ़ूड प्रोसेसिंग, टूरिज्म, वैलनेस, सोलर, क्लीन एनर्जी इत्यादि के क्षेत्रों में व्यवसाय एवं निवेश के भारी अवसर उपलब्ध होंगे। दिग्विजय ढाबरिया ने बताया की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने एवं राज्य में नए निवेश को लाने हेतु cost of doing business जिनमें cost of logistics, complaences, एनर्जी इत्यादि शामिल हैं को कम करने हेतु विशेष जोर देना होगा तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं उद्योग के मध्य एक प्रभावी सहयोग का निर्माण करते हुए उद्योगों को प्रशिक्षित मैनपावर सुनिश्चित करवाने के प्रयास करने होंगे। कार्य म में पीएचडीसीसीआई राजस्थान चैप्टर द्वारा यंग बिज़नेस लीडर फोरम के गठन की भी घोषणा की गई।

# जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ बसना
www.dailypioneer.com



विधानसभा बसना अंतर्गत ग्राम आर बी चीप मेन (भगतदेवरी) में पशुधन विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला सह पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने पशुधन की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना किए। इस दौरान मेला में उत्साह पूर्वक सभी पशु पालक अपने गाय,भैंस, भैंसा, बकरा,बकरी आदि पशुओं के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष शीत गुप्ता, निज सचिव नरेन्द्र बोरे,भाजपा मण्डल सांकरा अध्यक्ष हलधर साहू, जिला पंचायत सदस्य अजय नायक, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, सलडीह सोसायटी अध्यक्ष रवि प्रकाश प्रधान, जीराभरन सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल साव, वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी दीपक अग्रवाल, पशु चिकित्सक सहायक शल्यस दिनानाथ पटेल, शुभम डाहिरे, उप संचालक पशु चिकित्सा अंजना नायडू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष झाडूराम परमार, सरपंच प्रतिनिधि टिकेलाल भोई, गौरीशंकर पण्डा, खेमु अग्रवाल, भारद्वाज पटेल, हितेश पटेल, कांशीराम नायक, केशीलाल साव, नवीन पटेल, रणजीत निषाद, कंशराम पारेश्वर, ईश्वर पारेश्वर, रेवा शंकर पटेल, तुलाराम नायक, गोपीनाथ साहू, सत्यानंद पटेल, हेमंत पटेल, राज नारायण पटेल सहित बड़ी संख्या मे पशुपालक एवं ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**शिविर के अंतिम दिवस स्कूल प्रांगण में नारियल का पौधा लगा कर शिविर को बनाया यादगार**

# समाज सेवा के संकल्प के साथ शिविर का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम पंचायत कुकदा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन दिनांक 16 दिसंबर को हुआ। मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता के लिये युवा की थीम पर आयोजित यह विशेष शिविर ग्राम पंचायत कुकदा के सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य और तथा प्रो जी एन भतपरे, डॉ सीबी खूंटे,विद्यालय संस्था प्रमुख यादव, कश्यप मैम तथा शिक्षकगण के विशिष्ट आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह आरंभ हुआ। विशेष शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा किये गये विविध गतिविधियों का प्रतिवेदन वाचन सोनिया वैष्णव ने किया। स्वयं सेवकों ने इस शिविर में शाला व आंगनबाडी प्रांगण की सफाई तथा समतलीकरण, सोक्ता गड्ढे का निर्माण व अहाते का रंगरोगन व गांव के कुछ हैंड पंप के पानी निकासी नालियों की सफाई, तालाब के घाट में सफाई जैसे कार्य किये गये। दोनों संस्था प्रमुखों ने स्वयं सेवकों के सीमित संसाधनों से किये गये कार्यों की सराहना करते हुए ऐसे स्वावलंबी बनकर निरंतर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। डॉ खूंटे व प्रो भतपरे ने भी स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के साथ प्रतिभागिता करने वाले गांव की छात्र छात्राओं को एन.एस.एस. बैज लगाकर और साथ में पेन देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ भारद्वाज जी ने स्वयं सेवकों को सामाजिक जागरूकता के कार्यों को जीवन में हमेशा प्राथमिकता के साथ करने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक परमेश्वर और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकार आर के कवंर ने किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच साहू, उप सरपंच भास्कर व अन्य सभी जन प्रतिनिधि तथा संस्था प्रमुख, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नितिन गडकरी और पीयूष गोयल ने 'ग्रीन भारत' कॉन्क्लेव में एक राष्ट्र -एक ईवी नीति की हुई परिचर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कॉन्क्लेव ग्रीन भारत के पहले संस्करण का आयोजन सफलता पूर्वक पूरा किया। इस कॉन्लेटव का आयोजन भारत की सबसे बड़ी शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईवी के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के बारे में बात करते हुए टिकाऊ परिवहन के लिए भारत में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ना और साथ ही ईवी के व्यापक रूप से अपनाने की राह में बाधा डालने वाली चुनौतियों से निपटना है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम नीति निर्माताओं, विनिर्माताओं, उद्योग के दिग्गजों और पर्यावरण संरक्षणकर्ताओं को भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य के लिए एक एकीकृत रोडमैप तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर लेकर आया। सम्मानित अतिथियों में नितिन गडकरी, केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री और पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री विशिष्टि अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में बोलते हुए, नितिन गडकरी ने जोर देते हुए कहा - पिछले कुछ वर्षों में, हरित परिवहन क्षेत्र में अविश्वसनीय प्रगति हासिल की है। भारत के सतत् भविष्य के लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी दृष्टिकोण ने हमें सही रास्ते पर आगे बढऩे की प्रेरणा दी है और हमें अभी बहुत लंबी यात्रा तय करनी है। ज्ञान और संपत्ति के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या के साथ, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सबसे बड़ा ईवी विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। पीयूष गोयल ने इस भावना को प्रतिध्वबनित करते हुए कहा - भारत की हरित परिवहन क्रांति अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, फेम 1 और 2 जैसी परिवर्तनकारी पहलों द्वारा संचालित यह क्रांति ईवी उद्योग को आत्मनिर्भर और खुद को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सशक्त बना रही है। दुनिया के सबसे बड़े फर्स्ट-टाइम वाहन बाजार में से एक के रूप में, भारत के पास ईवी खंड में बदलाव का नेतृत्व करने का एक अनूठा अवसर है।

# पद्मविभूषण तीजन बाई से मिलने पहुंचे मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

■ स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने तीजन बाई को 5 लाख रुपये की दी आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पंडवानी की लोक गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई की हालत जानने उनके निवास गांव गनियारी (विकासखंड पाटन, जिला दुर्ग) पहुंचे। उन्होंने पद्मविभूषण तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मंत्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पद्मविभूषण तीजन बाई को प्रदान किया। जायसवाल ने परिवार में नौकरी की माँग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बाते कही। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। तीजन बाई के इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर और गजेंद्र यादव, संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर, सीएमएचओ और स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने चाकूबाजों और हिस्ट्रीशीटरों को दी चेतावनी



**रायपुर।** शहर में अपराधों की रोकथाम और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय 50 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों और आपराधिक तत्वों को क्राइम ब्रांच में तलब कर परेड करवाई गई। एसएसपी ने अपराधियों से सीधी बात करते हुए कड़े शब्दों में कहा कि वे किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त न रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि अपने अपराधी साथियों की जानकारी पुलिस को दें। संबंधित थानों में हर सप्ताह उपस्थिति दर्ज कराएं। शांति से अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें और पुलिस की जरूरत पड़ने पर तुरंत हाजिर हों। अपने क्षेत्रों में किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। एसएसपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपराधियों की गतिविधियों पर भी सख्ती की बात कही।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित













पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच मनीष सारंग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मानस भवन, अटल चौक, सेमरिया, रायपुर में बुधवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग से नेत्र सहायक वेद यादव, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. धनेश ढीढी, हडडी रोग विभाग के डॉ. संतोष बंजारे, दंत रोग विभाग के डॉ. ऋतुराज, नर्सिंग स्टाफ संगीता व जन संपर्क अधिकारी, सुनील साहू, सुनील वर्मा एवं सरपंच मनीष सारंग उपस्थित रहे। शिविर में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, व अन्य रोगों की जांच कर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। सरपंच मनीष सारंग एवं ग्रामीणों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की जनकल्याणकारी व महत्वपूर्ण बताया तथा टीम का आभार व्यक्त किया।

## आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने महामाया मन्दिर वार्ड के कुकरीपारा प्रोफेसर कॉलोनी में विविध विकास कार्यों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 6 के तहत महामाया मन्दिर वार्ड में कुकरीपारा, प्रोफेसर कॉलोनी अन्य विभिन्न स्थानों में विविध विकास कार्यों प्रत्यक्ष अवलोकन निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि विविध सभी विकास, निर्माण कार्यों को समयसीमा एवं गुणवत्ता विशेष ध्यान रखते हुए कार्य जनहित में जनसुविधा को दृष्टिगत रखकर पूर्ण करवाना सुनिश्चित हो।

## साल 2024 में 1900 नशेड़ी वाहन चालकों पर कार्रवाई, दोगुने मामलों में जुर्माना

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों पर रायपुर यातायात पुलिस ने वर्ष 2024 में कड़ी कार्रवाई की है। 16 दिसंबर तक कुल 1900 नशेड़ी वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई, जो पिछले वर्ष 2023 के 700 मामलों की तुलना में लगभग दोगुना है। सभी प्रकरण न्यायालय में पेश किए गए, जहां प्रत्येक दोषी चालक पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया। रायपुर पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में नशे की भूमिका को देखते हुए सख्त कदम उठाए हैं। विशेष चेकिंग अभियान चलाकर रात 9 से 12 बजे के बीच विभिन्न थाना क्षेत्रों में ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से नशे की जांच की गई। यातायात पुलिस ने नशे के दुष्प्रभावों को रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निजात अभियान के तहत युवाओं को जागरूक करने का काम भी किया है। पुलिस ने अपील की है कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें और नशे में वाहन चलाने से बचें, क्योंकि यह न केवल उनके लिए बल्कि अन्य लोगों के लिए भी खतरनाक हो सकता है।

## ठगी के पैसों को विदेश भेजने की साजिश, रेंज साइबर थाना रायपुर ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



साइबर अपराध से ठगी की रकम को थाईलैंड और चीन भेजने के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए रेंज साइबर थाना रायपुर ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ठगी की रकम का आकलन बढ़कर अब 429 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संदीप रात्रा (41 वर्ष) निवासी उत्तम नगर, दिल्ली और राजवीर सिंह (22 वर्ष) निवासी हीरापुर, रायपुर शामिल हैं। इनके पास से फर्जी कंपनियों के दस्तावेज, विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) ट्रेडिंग बैंक खातों की जानकारी, और मोबाइल फोन सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। थाना आमानाका में दर्ज अपराध क्रमांक 433/24 धारा 420, 34 के तहत इस मामले की जांच रेंज साइबर थाना रायपुर कर रहा है। इससे पहले, दिल्ली निवासी पवन कुमार और गगनदीप को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश पर इस गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने अपने आधार कार्ड के पते बदलवाकर क्रोमा शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स नामक एक फर्जी कंपनी बनाई। इस कंपनी के नाम पर उन्होंने इंडियन ओवरसीज बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक में फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए खाते खोले थे। इन खातों का उपयोग साइबर क्राइम से ठगी की रकम को थाईलैंड और चीन भेजने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रायपुर के लालपुर स्थित प्रोग्रेसिव प्वाइंट में छापेमारी कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी के पैसों को विदेश भेजने की साजिश की बात स्वीकार की। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## कलेक्टर-एसपी ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पहुंचे। कलेक्टर एवं एसपी ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं एसपी ने बरौदा, दौंदेकला एवं पचेड़ा के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने धान खरीदी केंद्रों में धान के उठाव की व्यवस्था देखी और अधिकारियों को जल्द से जल्द धान के उठाव कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित तरीके से रखा जाएं और राइस मिलों द्वारा जल्द ही धान का उठाव किया जाना सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में धान के मॉश्चर को मशीन से जांच की। कलेक्टर ने कहा कि धान में माश्चर की मात्रा शासन के निर्धारित मात्रा से ज्यादा न हो। किसानों से धान खरीदी करते समय धान का मॉश्चर जांच किया जाएं। साथ ही कलेक्टर ने धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत की।

# अबूझमाड़ मुठभेड़ में घायल बच्ची से मिले पीसीसी चीफ, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अबूझमाड़ क्षेत्र में कथित मुठभेड़ के दौरान घायल हुई बच्ची से मुलाकात की। डीकेएस अस्पताल में उन्होंने बच्ची का हालचाल जाना और मुठभेड़ में मारे गए लोगों के मामले पर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर गंभीर सवाल उठाए। मीडिया से चर्चा करते हुए दीपक बैज ने कहा कि बस्तर में अमित शाह की मौजूदगी से पहले निर्दोष आदिवासियों को निशाना बनाया गया। 11 तारीख की इस घटना में सरकार द्वारा सात लोगों की मौत की जानकारी दी गई, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इनमें से केवल दो लोग नक्सली थे, जबकि पांच निर्दोष ग्रामीण थे। बैज ने सवाल किया, यदि कोई ग्रामीण बच्चा डर के मारे जंगल भागता है, तो क्या उसे नक्सली माना जाएगा? क्या घर में काम कर रहे निर्दोष आदिवासियों को उठाकर मुठभेड़ में मारना न्यायसंगत है? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मामले को दबाने की कोशिश की ताकि केंद्रीय गृह मंत्री की यात्रा के दौरान विरोध की आवाजें न उठें। पीसीसी चीफ ने कहा, हम टार्गेटेड एनकाउंटर का समर्थन करते हैं, लेकिन निर्दोष आदिवासियों की हत्या किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। क्या आदिवासियों को मारकर नक्सल समस्या खत्म की जाएगी? उन्होंने बस्तर की पिछली सरकारों के कार्यकाल की आलोचना करते हुए ताड़मेटला की घटना का जिक्र किया, जिसमें आदिवासियों के घर जला दिए गए थे। बैज ने कहा कि बस्तर में शांति लाने के लिए निर्दोषों का खून बहाना गलत है और कांग्रेस इस तरह की घटनाओं का पुरजोर विरोध करती है। दीपक बैज ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि बस्तर में शांति स्थापित हो, लेकिन निर्दोष आदिवासियों को मारकर शांति की बात करना अस्वीकार्य है। उन्होंने राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों से मुठभेड़ की निष्पक्ष जांच की मांग की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की। इस घटना ने अबूझमाड़ क्षेत्र में मानवाधिकार और सुरक्षा नीतियों को लेकर एक बार फिर से बहस छेड़ दी है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403